www.epaper.azadsipahi.in

24 मई, 2025
ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, द्वादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 213

सबको साथ लेकर चलनेवाले नेता थे राजेंद्र सिंह





SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक पटाखा गली, श्रीराम नगर गुटवा, थाना - नगरी, राँची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यों ?.........इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847



FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
M.Sc. Nursing | Post Basic B. Sc. Nursing | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
BMLT | DMLT | OT ASSISTANT | ECG | OPHTHALMIC ASST. | CRITICAL CARE (ICU) | RADIO-IMAGING | ANESTHESIA TECH. | DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
D-PHARM | B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


## श्रावणी मेला की तैयारी शुरू, मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

# सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर करें काम : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने बाबा बैद्यनाथ धाम-बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के सदस्यों और अधिकारियों के साथ की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 11 जुलाई से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध राजकीय श्रावणी मेला-2025 की तैयारियों को लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम-बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार और वरीय पदाधिकारियों के साथ शुक्रवार को उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक रांची स्थिति श्री लोक कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान में हुई। इस मौके पर हेमंत सोरेन ने कहा कि श्रावणी मेला में देश विदेश से श्रद्धालु आते हैं। ऐसे में उनकी सुरक्षा और सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाना चाहिए। बैठक में अधिकारियों ने श्रावणी मेला की चल रही तैयारियों की अद्यतन स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया।

हेमंत सोरेन ने कहा कि सभी विभाग आपस में समन्वय बना कर काम करें। उन्होंने कहा कि श्रावणी मेला में सुरक्षा, स्वच्छता, विश्राम, पेयजल, बिजली, पानी, शौचालय, स्नानागार, यातायात और स्वास्थ्य से संबंधित सारी व्यवस्थाएं पुख्ता होनी चाहिए। इसके लिए सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर तैयारियों को अंतिम रूप दें। उन्होंने मुख्य सचिव को मेला की तैयारियों को लेकर विभागों द्वारा की जा रही व्यवस्था की मॉनिटरिंग करने का निर्देश दिया।

**भीड़ नियंत्रण और यातायात प्रबंधन व्यवस्था पर विशेष बल:** हेमंत सोरेन ने कहा कि राजकीय श्रावणी मेला के दौरान बाबा बैद्यनाथ धाम और बासुकीनाथ धाम में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। ऐसे में भीड़ नियंत्रण के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम को पुख्ता रखना बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मेला रूट में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किये जायें। वाहनों की गति सीमा निर्धारित कर उसका कड़ाई से पालन हो। पर्याप्त संख्या में वाहन प्लेट नंबर रीडिंग हाई डेफिनेशन कैमरा लगायें जाय, ताकि ट्रैफिक सिस्टम का उल्लंघन करने वालों की पहचान में सुविधा हो सके।

**बैठक में थे मौजूद:** बैठक में मंत्री सुदिव्य कुमार, विधायक सुरेश पासवान, विधायक देवेंद्र कुंवर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव मस्त राम मीणा, प्रधान सचिव वंदना दादेल, पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता, सचिव मनोज कुमार के अलावा कई अन्य वरीय अधिकारी तथा बाबा बैद्यनाथ धाम-बासुकीनाथ तीर्थ क्षेत्र विकास प्राधिकार के सदस्यगण मौजूद थे।



### श्रावणी मेला को और भव्यता दें

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रावणी मेला हमारी आस्था का एक बड़ा केंद्र है। श्रावणी मेले से झारखंड को देश- दुनिया में विशिष्ट पहचान मिली है। हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु बाबा नगरी आते हैं। हर वर्ष इस विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेले को काफी बेहतर तरीके से आयोजित करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी लगभग 50 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना है। ऐसे में वे यहां से बेहतर अनुभव लेकर जायें, इसके लिए श्रावणी मेला में नयी कड़ियों को जोड़ने के साथ इसे और भी भव्य स्वरूप देने की दिशा में आगे बढ़ें। इसके लिए जो भी जरूरतें होगी, उसे उपलब्ध कराया जायेगा।

### मेला रूट में खाली पड़ी जमीन का उपयोग हो

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे श्रावणी मेला के समापन तक के लिए मेला रूट में खाली पड़ी जमीन को लेने के लिए रैयतों से बात करें। अगर वे इसके लिए तैयार हो जाते हैं, तो उस जमीन पर विश्राम गृह, शौचालय और स्नानागार की व्यवस्था करें। ताकि श्रद्धालुओं को अच्छी व्यवस्था मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि मेला के समापन के बाद उक्त जमीन की पूरी साफ सफाई कर उसके रैयत को वापस कर दें। मुख्यमंत्री ने महिलाओं और बच्चों के लिए अलग से रहने और भोजन की व्यवस्था करने का भी निर्देश अधिकारियों को दिया।

### श्रद्धालुओं की शिकायतों पर तुरंत एक्शन लें

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को क्यूआर आधारित शिकायत सिस्टम शुरू करने का निर्देश दिया। जिससे किसी भी श्रद्धालु को अगर कोई परेशानी या समस्या हो रही है तो वह अपनी शिकायत तुरंत दर्ज करा सके। शिकायतों के त्वरित निष्पादन की व्यवस्था होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने मेला प्रबंधन को लेकर कई अन्य अहम निर्देश भी अधिकारियों को दिये।

# भारत को दुनिया का सबसे डाइवर्स नेशन कहा जाता है : नरेंद्र मोदी

- प्रधानमंत्री ने नॉर्थ-इस्ट इंवेस्टर्स समिट का किया उद्घाटन
- गौतम अडाणी 50 हजार करोड़ रुपये निवेश करेंगे



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को नयी दिल्ली के भारत मंडपम में राइजिंग नॉर्थ इस्ट इंवेस्टर्स समिट का उद्घान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया का सबसे डाइवर्स नेशन कहा जाता है। हमारा नॉर्थ इस्ट इसका सबसे डाइवर्स हिस्सा है। इस मौके पर रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने पूर्वोत्तर के राज्यों- अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के मुख्यमंत्रियों से क्षेत्र के विकास को लेकर वादे किये औ 25 लाख लोगों को रोजगार देने की बात कही। वहीं, अडानी ग्रुप के चेयरपर्सन गौतम अडाणी ने अगले 10 साल में अपने ग्रुप से पूर्वोत्तर में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश की घोषणा की।

**दो दिन चलेगा समिट, होगी कई बैठकें :** दो दिन चलने वाली समिट में मंत्री स्तर के सेशन, बिजनेस टु गवर्नमेंट (बी2जी), बिजनेस टु बिजनेस (बी2बी) बैठकें होंगी। पूर्वोत्तर राज्यों के लिए घरेलू और ग्लोबल इन्वेस्टर्स को एक मंच पर लाने के लिए यह समिट की जा रही है। समिट से टूरिज्म, एग्रीकल्चर, फूड प्रोसेसिंग, हेल्थ, एजुकेशन और एनर्जी जैसे सेक्टर्स में निवेश को प्रमोट करने की योजना है।

**अंबानी ने कहा, पूर्वोत्तर में 25 लाख रोजगार देंगे :** रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मुकेश अंबानी ने कहा कि मैं ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सलाम करता हूं। यह सफलता उनके दृढ़ संकल्प और हमारे सशस्त्र बलों की बेजोड़ बहादुरी का एक शानदार प्रमाण है। आज मैं अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा के मुख्यमंत्रियों से 6 वादे कर रहा हूं। सबसे पहले, रिलायंस ने पिछले 40 साल में इस क्षेत्र में लगभग 30,000 करोड़ रुपये का निवेश किया है। अगले 5 साल में हम अपने निवेश को दोगुना से भी अधिक करेंगे और हमारा लक्ष्य 75,000 करोड़ रुपये होगा। इससे इस क्षेत्र में 25 लाख से ज्यादा डायरेक्ट और इनडायरेक्ट रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

### अडानी बोले, 10 साल में 50,000 करोड़ निवेश करेंगे

अडानी ग्रुप के चेयरपर्सन गौतम अडानी ने कहा कि पिछले एक दशक में, नॉर्थ-ईस्ट की पहाड़ियों और घाटियों में, भारत की विकास कहानी में एक नया अध्याय सामने आ रहा है। इस उत्थान के पीछे एक ऐसे नेता का विजन है जो सीमाओं को नहीं, केवल शुरुआत को मानता है। प्रधानमंत्री, जब आपने कहा कि एक्ट ईस्ट, एक्ट फास्ट, एक्ट फर्स्ट तो आपने पूर्वोत्तर को जगाने का काम किया। तीन महीने पहले असम में हमने 50,000 करोड़ रुपये के निवेश का संकल्प लिया था। आज एक बार फिर आपके नेतृत्व से प्रेरित होकर मैं घोषणा करता हूं कि अडानी ग्रुप अगले 10 साल के लिए पूर्वोत्तर में अतिरिक्त 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

## न्यूज रील्स

### छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर मुठभेड़ चार नक्सली ढेर

जगदलपुर। छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र बॉर्डर पर शुक्रवार को महाराष्ट्र के सी-60 कमांडोज ने चार नक्सलियों को ढेर कर दिया है। बताया जा रहा है कि सीआरपीएफ के 300 जवानों की टीम ने जंगल के बीच नक्सलियों को घेरकर मारा है। बड़ी संख्या में हथियार बरामद किये गये हैं। मामला कवांडे और नेलगुंडा इलाके का है। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार की सुबह नेलगुंडा इलाके में नक्सलियों ने जवानों पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। लगभग दो घंटे से रुक-रुककर गोलीबारी हुई। सर्चिंग के दौरान चार नक्सलियों के शव, एक सेल्फ लोडिंग राइफल, एक 303 राइफल और एक भरमार बंदूक बरामद की गयी। इसके अलावा मौके से वॉकी-टॉकी और नक्सली साहित्य भी बरामद किया गया।

### राम मंदिर के पहले तल्ले पर स्थापित हुआ राम दरबार

अयोध्या। राम मंदिर के प्रथम तल के गर्भगृह में शुक्रवार दोपहर में राम दरबार की प्रतिमा की स्थापना कर दी गयी है। मूर्ति को रखने का काम क्रेन की मदद से किया गया। श्रद्धालु राम दरबार का दर्शन प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद कर पायेंगे। अभी उसे ढककर रखा गया है। मूर्ति को जयपुर में तैयार किया गया है। मूर्तियां मकराना के सफेद संगमरमर से बनी है। इसमें भगवान श्रीराम और सीता सिंहासन पर विराजमान हैं। भरत और हनुमान जी भगवान श्रीराम के चरणों के पास बैठे हैं। इस सफेद रंग के ट्रक में लाया गया है। राम दरबार की मूर्ति उतार ली गयी है, जो पूरी तरह पैक है। शेष दो ट्रक अभी लोड ही खड़े हुए हैं। वहीं लक्ष्मण और शत्रुघ्न, भगवान राम के पीछे खड़े होकर चंवर डुलाकर उनकी सेवा कर रहे हैं। मूर्ति की प्रतिष्ठा की तैयारी पूरी हो चुकी है। राम दरबार का प्राण प्रतिष्ठा समारोह 3 से 5 जून तक होना है।

# नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की बैठक आज, 'विकसित भारत' पर होगी चर्चा

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे अध्यक्षता
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बैठक में होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार 24 मई को नीति आयोग शासी परिषद की 10वीं बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक में देश भर के मुख्यमंत्री, उपराज्यपाल और प्रशासक के शामिल होने की उम्मीद है। भारत मंडपम में यह बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के रोडमैप पर विचार-विमर्श किया जायेगा। झारखंड से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस बैठक में शामिल होंगे।

बैठक का मुख्य विषय 'विकसित भारत के लिए विकसित राज्य' होगा, जिसमें राज्यों की भूमिका पर चर्चा होगी। ताकि 2047 तक भारत को विकसित देश बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके। प्रधानमंत्री इस बात पर जोर देंगे कि कैसे किसी राज्य की प्रगति विकसित भारत के सपने को साकार करने में मददगार साबित होगी। चर्चा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा 'उद्यमिता, रोजगार और कौशल विकास को बढ़ावा देना-जनसांख्यिकीय लाभ का उपयोग करना' विषय पर केंद्रित होगा। भारत की युवा आबादी एक बहुत बड़ा अवसर है, इसलिए इस चर्चा के मुख्य रूप से तीन प्रमुख क्षेत्रों पर केंद्रित रहने की उम्मीद है।

**नगर विकास विभाग पेश करेगा रोडमैपः** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन नीति आयोग की बैठक में शामिल होने के लिए शुक्रवार को दिल्ली गये। इस बैठक में नगर विकास विभाग द्वारा विकसित भारत 2047 के तहत रोडमैप पेश किया जायेगा। बैठक में मुख्यमंत्री के अलावे झारखंड सरकार के कई आला अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## जासूसी के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति झारखंड भी आयी थी

# बाबा मंदिर और बासुकीनाथ मंदिर का बनाया था वीडियो

- सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद दोनों मंदिर की सुरक्षा बढ़ायी गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आइएसआइ के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार ज्योति मल्होत्रा झारखंड भी आयी थीं। उसने देवघर के बाबा मंदिर और बासुकीनाथ के मंदिर का वीडियो बनाया था। इस वीडियो के वायरल होने के बाद दोनों मंदिर और आसपास के क्षेत्र की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। अतिरिक्त सुरक्षा बलों को मंदिर की सुरक्षा में लगाया गया है। साथ ही मंदिर के इर्द-गिर्द सीसीटीवी कैमरे से निगरानी की जा रही है, ताकि मंदिर परिसर की गतिविधियों को देखा जा सके।



**2023 में वीडियो किया था शूटः** बता दें कि वर्ष 2023 में यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा ने सुल्तानगंज से लेकर देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर और बासुकीनाथ मंदिर का वीडियो शूट किया था। जासूसी के आरोप में उसकी गिरफ्तारी के बाद देवघर के बैद्यनाथ धाम मंदिर और बासुकीनाथ धाम मंदिर की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है और जिला प्रशासन अलर्ट है।

### काशी में ज्योति 'अस्सलाम वालेकुम' कह कर करती थी बात

वाराणसी। ज्योति मल्होत्रा वाराणसी के मुस्लिम इलाकों में 12 दिन घूमी थी। यहां वह मुस्लिम लोगों से 'अस्सलाम वालेकुम' कहकर मिलती थी। 2022 में ज्योति काशी में तीन दिन एक गेस्ट हाउस में ठहरी। उसके यूट्यूब चैनल 'ट्रैवल विद जो' पर काशी के दो वीडियो मिले हैं। पहला, 25 अक्टूबर, 2022 को पोस्ट हुआ। दूसरा, 28 अक्टूबर, 2022 को जारी किया गया। वाराणसी के जो वीडियो ज्योति ने अपने चैनल पर पोस्ट किये, इनमें वह कई लोकेशन दिखा रही है। स्टेशन, फूड रेस्टोरेंट, घाट, बनारसी साड़ियों की फैक्ट्री को दिखाया और बताया जा रहा है। ज्योति इस वीडियो की शुरुआत कैंट रेलवे स्टेशन से करती है। वह एक तेलुगु यूट्यूबर के साथ चौसट्टी घाट के पास मौजूद वंडर स्टेशन हॉस्टल पहुंचती है। यहां हॉस्टल में कई विदेशी नागरिक भी ठहरे थे। ज्योति ने इन सभी से दोस्ती भी कर ली थी। उस दौरान उसके रूम पार्टनर के रूप में इटली की कियारा भी ठहरी थी। गेस्ट हाउस में उस दौरान मुंबई के कई लड़के भी थे, जो बनारस घूमने आये थे।


# अमेरिका में कमाये पैसे भारत भेजने पर 3.5 फीसदी टैक्स लगेगा

- इससे यूएस को सालाना करीब 8 हजार करोड़ रुपये मिलेंगे
- 'वन बिग, ब्यूटीफुल बिल एक्ट' पारित

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** अमेरिका में कमाये पैसों को भारत भेजने पर 3.5 फीसदी टैक्स लगेगा। पहले 5 फीसदी टैक्स का प्रस्ताव था। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 'वन बिग, ब्यूटीफुल बिल एक्ट' पारित कर दिया है। इस बिल में फॉरेन वर्कर्स द्वारा पैसों को अपने देश भेजने पर टैक्स लगाने का प्रावधान है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की इस नयी पॉलिसी का सबसे बड़ा असर भारत पर पड़ सकता है, क्योंकि भारतीय प्रवासी अमेरिका से सबसे अधिक रेमिटेंस भेजते हैं। रेमिटेंस यानी, प्रवासियों द्वारा अपने देश भेजा गया धन। सीनेट की मंजूरी के बाद 1 जनवरी 2026 से ये लागू हो जायेगा।

बताते चलें कि 2023-24 में भारतीयों का रेमिटेंस लगभग 130 बिलियन डॉलर था। इसमें करीब 30 बिलियन डॉलर यानी 23.4 फीसदी अमेरिका से आया। 45 लाख भारतीयों ने अमेरिका से ये पैसा भेजा। 3.5 फीसदी टैक्स के लागू होने पर 30 बिलियन डॉलर के रेमिटेंस पर 1.05 बिलियन डॉलर यानी, करीब 8,750 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा। ये भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करेगा।



### भारत में आइफोन मत बनाओ: ट्रंप

- अमेरिकी राष्ट्रपति ने एप्पल से कहा ऐसा किया तो 25 फीसदी टैरिफ लगायेंगे

**नयी दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में आइफोन बनाने को लेकर एपल को एक बार फिर धमकी दी है। शुक्रवार को ट्रम्प ने कहा अमेरिका में बेचे जाने वाले आइफोन का निर्माण भारत या किसी अन्य देश में नहीं, बल्कि अमेरिका में ही होना चाहिये। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने पहले सीधे तौर पर एपल के सीइओ टिम कुक को बता दिया है कि यदि एपल अमेरिका में आईफोन नहीं बनायेगा तो कंपनी पर कम से कम 25 फीसदी का टैरिफ लगाया जायेगा। ट्रंप की इस धमकी के बाद एपल का शेयर 4 फीसदी गिरकर 193 डॉलर पर आ गया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि मैंने बहुत पहले एपल के टिम कुक को सूचित कर दिया था कि जो आइफोन अमेरिका में बेचे जायेंगे, वे अमेरिका में निर्मित किये जायेंगे, न कि भारत या कहीं और। यदि ऐसा नहीं होता है, तो एपल को कम से कम 25% का टैरिफ देना होगा।


BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act-06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
Admission Open 2025-26
Approved by BCI
LL.B. (3 Years) | B.A. LL.B. (Honours) (5 Years) | B.B.A. LL.B. (Honours) (5 Years)
Special Fetures - Traditional and e-Library | Highly Qualified Faculty | Legal Research Cell | Separate Hostels for Boys & Girls | 23-Year of Academic Excellence | Practical court craft & moot court | 100 + Acre Green Campus
Programs Approved by AICTE & Apex Bodies
BCA | MCA | BBA | MBA
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE | CSE (CYBER SECURITY) Regular & Lateral
DIPLOMA CSE | EEE | CE | ME | EE Regular & Lateral
Others Job Oriented Courses
MERIT BASED SCHOLARSHIP UP TO 30% ON TUITION FEE
B.D.S | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM
B.Sc. (Medical) | B.Sc. (MLT) | M.Sc. (MLT)
B.Ed. | D.El.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical)
PARAMEDICAL | B.A. | B.Sc. | B.Com. | M.A.
M.Sc. | M.Com. | B.Sc. (Agriculture) | B.Pharm
D.Pharm | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | ITI
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
For More Details Visit : bdsu.ac.in email : bdsugarhwa@gmail.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 24 मई, 2025
www.azadsipahi.in


## पांचवीं पुण्यतिथि पर विशेष

# सबको साथ लेकर चलनेवाले नेता थे राजेंद्र सिंह

- सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक सबके चहेते थे राजेंद्र बाबू
- कोयला श्रमिकों के चहेते नेता के रूप में उनका योगदान बेमिसाल है
- आज भी कोयला उद्योग में राजेंद्र बाबू को शिद्दत से याद किया जाता है
- सबकी सुनते थे, इसलिए शून्य से चलकर पहुंचे थे शिखर तक
- मजदूर राजनीति में शिखर पर पहुंचने के बावजूद उनका कोई दुश्मन नहीं था



राहुल सिंह

कोयला उद्योग को झारखंड ने एक ऐसा रत्न सौंपा था, जिसने ताउम्र मजदूरों के लिए अपना सब कुछ झोंक दिया था। देश की श्रमिक राजनीति में ऐसे कम ही लोग हैं, जिन्हें आज भी पूरे शिद्दत से याद किया जाता है। इस शख्सियत का नाम है राजेंद्र प्रसाद सिंह, जिनकी 24 मई को पुण्यतिथि है। राजेंद्र बाबू को केवल कोयलांचल ही नहीं, देश-विदेश के श्रमिक जानते थे। इंटक के राष्ट्रीय महासचिव रहे राजेंद्र प्रसाद सिंह एक ऐसे नेता थे, जो सबकी सुनकर और सबको साथ लेकर चलते थे। इसी गुण के कारण झारखंड की राजनीति और मजदूर राजनीति में शिखर पर पहुंचने के बावजूद उनका कोई दुश्मन नहीं था। कांग्रेस और इंटक की बात छोड़िए, विरोधी राजनीतिक पार्टियों और ट्रेड यूनियनों के नेताओं से भी उनके मजबूत व्यक्तिगत संबंध थे। मजदूर और मजदूर संगठन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ऐसी थी कि सत्ता के शिखर पर पहुंचने के बावजूद उन्होंने खुद को कभी भी मजदूर और मजदूर संगठन से अलग नहीं किया। ट्रेड यूनियन और राजनीति, दोनों को साथ लेकर चलने का राजेंद्र सिंह ने एक उदाहरण पेश किया था।

### कांग्रेस से जनम-जनम का नाता रहा

राजेंद्र बाबू सच्चे कांग्रेसी थे। इसलिए अपने सोशल मीडिया बायो में उन्होंने लिखा था, कांग्रेस संगठन से जनम-जनम का नाता, जनता की सेवा में चौबीसों घंटा समर्पित। सही अर्थों में जीवन भर कांग्रेस से और कांग्रेस के लिए राजनीति करने वाले राजेंद्र प्रसाद सिंह एक अद्भुत व्यक्ति थे।

### छह बार बेरमो के विधायक बने थे

राजेंद्र प्रसाद सिंह बेरमो के छह बार विधायक बने थे। वह हर बार कांग्रेस के टिकट पर ही जीते। 1985, 1990, 1995 और 2000 में लगातार चार बार उन्होंने बेरमो का प्रतिनिधित्व किया। 2005 के विस चुनाव में भाजपा के नये चेहरे योगेश्वर महतो बाटुल से हार गये, लेकिन 2009 के विस चुनाव में पुनः उन्होंने भाजपा प्रत्याशी योगेश्वर महतो बाटुल को पराजित कर दिया। फिर 2019 में वह एक बार फिर से चुनाव जीते। 2019 में भी उन्होंने जीत हासिल की।

### शून्य से शुरुआत की थी राजेंद्र बाबू ने

भुवनेश्वर प्रसाद सिंह के पुत्र राजेंद्र प्रसाद सिंह ने नवादा के लौंध हाइ स्कूल से 1958-59 में दसवीं की परीक्षा पास की थी। गया कॉलेज से सन 1962-63 में प्री यूनिवर्सिटी उत्तीर्ण किया था। छात्र जीवन के दौरान ही वह बिंदेश्वरी दूबे के संपर्क में आये और कोयला उद्योग में काम करने लगे। कोयला मजदूरों के लिए उनके समर्पण को देखते हुए बिंदेश्वरी दूबे ने उन्हें अपना उत्तराधिकारी घोषित किया।




### कई पदों पर रहे राजेंद्र बाबू

कांग्रेस के कद्दावर नेता राजेंद्र प्रसाद सिंह पहले बिहार और बाद में झारखंड में ऊर्जा के साथ-साथ अन्य कई महत्वपूर्ण विभागों के मंत्री रहे। इसके अलावा वह इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ, इंडियन नेशनल माइंस वर्कर्स फेडरेशन और झारखंड इंटक के अध्यक्ष के अलावा गांधी श्रम प्रतिष्ठान (पुरी) के संरक्षक पद पर रहे।

### बिंदेश्वरी दूबे की उंगली पकड़ सीखी थी राजनीति

राजेंद्र प्रसाद सिंह ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और इंटक नेता बिंदेश्वरी दूबे की उंगली पकड़ कर राजनीति सीखी थी। राजेंद्र सिंह उन्हें अपना गुरु मानते थे। बेरमो विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक रहे बिंदेश्वरी दूबे एकमात्र ऐसे नेता हुए, जिन्होंने एकीकृत बिहार में मुख्यमंत्री से लेकर कांग्रेस की राजीव गांधी सरकार में केंद्रीय कानून और श्रम मंत्री तक का सफर तय किया था।

### लोडिंग इंस्पेक्टर की नौकरी छोड़ दी

राजेंद्र सिंह ने राजनीति का सफर शून्य से शुरू किया था और अपने संघर्ष के बलबूते शिखर तक पहुंचे थे। एनसीडीसी की ढोरी कोलियरी में वह लोडिंग इंस्पेक्टर थे। दिग्गज मजदूर नेता बिंदेश्वरी दूबे के सानिध्य में आकर उन्होंने नौकरी छोड़ दी थी और मजदूर राजनीति में जुड़ गये थे। बिंदेश्वरी दुबे ने उन्हें 1985 में पहली बार अपनी बेरमो सीट से कांग्रेस के टिकट पर उतारा था। पहले चुनाव में ही वह जीत गये थे। इसके बाद उन्होंने कभी भी पीछे मुड़कर नहीं देखा था। बिंदेश्वरी दूबे के दिवंगत होने के बाद उनकी इंटक और राकोमसं की विरासत भी राजेंद्र बाबू ने ही संभाली थी। छह बार विधायक, संयुक्त बिहार में दो बार और झारखंड में एक बार मंत्री और कांग्रेस विधायक दल के नेता रहे राजेंद्र सिंह ने इंटक और राकोमसं को चोटी पर पहुंचाया था। राजनीति और ट्रेड यूनियन के समन्वय का वह एक उदाहरण थे।

### राजनीति में अलग पहचान बनायी

बेरमो समेत कोयलांचल के मजदूरों के हमदर्द के रूप में राजेंद्र सिंह आज भी याद किये जाते हैं। अपने मुखर व्यक्तित्व के कारण जब सत्ता में रहे और जब विपक्ष में रहे, सभी स्थितियों में उन्होंने अपना लोहा मनवाया। राज्य की राजनीतिक दशा और दिशा बदलने के लिए वह लगातार संघर्षशील रहे। राजेंद्र बाबू के संघर्षों के कारण ही बोकारो जिले की बेरमो एक ऐसी विधानसभा सीट रही, जहां वर्ष 1957 के बाद से लगातार कांग्रेस का कब्जा रहा। इस बीच दो बार भाजपा और दो बार अन्य दलों को प्रतिनिधित्व करने का जरूर मौका मिला, लेकिन विपक्ष में रहने के बाद भी उनकी लोकप्रियता कम नहीं हुई। इस कारण बार-बार उन्हें जनता का साथ मिला।

### मेघदूत मार्केट फुसरो में व्यवसाय से जुड़े

70 के दशक में राजेंद्र बाबू ने अपने कार्यक्षेत्र की शुरुआत फुसरो बाजार स्थित मेघदूत मार्केट में जेनरल स्टोर खोलकर की। इसके बाद सीसीएल में श्रमिक बने और फिर लोडिंग इंस्पेक्टर तक पहुंचे।

इस दौरान मजदूरों का दर्द कम करने के लिए कंपनी प्रबंधन के विरुद्ध कई आंदोलन किये। इसके बाद मजदूरों और बेरमो के लोगों ने राजेंद्र बाबू के हाथों को मजबूत किया। फिर वह राजनीति में प्रवेश कर नौकरी छोड़ सक्रिय राजनीति का हिस्सा बने। इस दौरान कई बड़े नेताओं के संपर्क में आये। पहले कोयलांचल के मजदूरों के मुद्दे को उठाया 80 के दशक में सीसीएल श्रमिक के रूप में सेवा देते हुए बेरमो कोयलांचल के मजदूरों के मुद्दे को जोर-शोर से उठाना शुरू किया। साथ ही कांग्रेस से संबद्ध राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ के सीसीएल ढोरी प्रक्षेत्र के सचिव बनाये गये। इसके बाद मजदूरों के साथ इनका जुड़ाव बढ़ते चला गया। मजदूर राजनीति में आगे बढ़ते हुए इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री बनाये गये।

उन्होंने मजदूरों की समस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए तमाम समस्याओं के निदान के लिए जोरदार आवाज उठायी।

राजेंद्र सिंह की राजनीतिक और ट्रेड यूनियन की विरासत उनके पुत्र कुमार जयमंगल उर्फ अनुप सिंह संभाल रहे हैं। उनकी बेरमो विधानसभा सीट जीतकर अनुप सिंह ने राजनीतिक विरासत संभाल ली है। ट्रेड यूनियन की राजनीति में भी वह तेजी से अपनी जगह बना रहे हैं।

---

## पाकिस्तान को एक और चोट देगा भारत

# एफएटीएफ की 'ग्रे लिस्ट' में डालवाने की चल रही तैयारी

### पाकिस्तान के खिलाफ भारत पेश करेगा सबूत

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आतंकियों के आका पाकिस्तान को भारत अभी नहीं छोड़ेगा। पाकिस्तान दाने-दाने को मोहताज हो जायेगा। अभी भले ही आइएमएफ का कर्ज पाने में पाकिस्तान कामयाब हो गया, लेकिन बहुत जल्द उसकी कमर और टूटेगी। भारत ने पाकिस्तान को चोट देने की तैयारी शुरू कर दी है। पाकिस्तान को फाइनांशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की 'ग्रे लिस्ट' में डलवाने का भारत ने प्रयास शुरू कर दिया है।

सूत्रों के मुताबिक भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सारे सबूत तैयार कर लिये हैं। भारत सरकार एफएटीएफ से अपील करेगा कि पाकिस्तान को ग्रे लिस्ट में डाला जाये। भारत सरकार एफएटीएफ के फैसले से पहले संबंधित लोगों से बात करेगी। एफएटीएफ की जून 2024 में प्रस्तावित बैठक में भारत यह मुद्दा उठाने की योजना बना रहा है। भारत का तर्क है कि पाकिस्तान आतंकियों की आर्थिक मदद रोकने के लिए जरूरी कार्रवाई नहीं कर रहा है और कई बैन आतंकी संगठनों को अब भी सीधे या परोक्ष रूप से समर्थन दे रहा है।




**क्या होगा अगर ग्रे लिस्ट में आया पाक :** गौरतलब है कि पाकिस्तान पहले भी एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रह चुका है। इससे उसकी अर्थव्यवस्था को तगड़ा झटका लगा था। 2022 में कुछ वादों के बाद उसे ग्रे लिस्ट से बाहर कर दिया गया था। लेकिन अब भारत की ओर से फिर से ग्रे लिस्टिंग की मांग से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। अगर भारत अपने प्रयास में सफल रहा, तो पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय वित्तीय मदद, निवेश और व्यापार के मोर्चे पर भारी नुकसान हो सकता है। यह भारत की आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक रणनीति का अहम हिस्सा माना जा रहा है।

### 2018 में भी ग्रे लिस्ट में रखा गया था पाकिस्तान

एफएटीएफ की पूर्ण बैठक साल में तीन बार फरवरी, जून और अक्टूबर में होती है। पाकिस्तान को 2018 में एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में रखा गया था। बाद में उसने मनी लांड्रिंग और आतंकवादियों की फंडिंग पर लगाम लगाने के लिए एक एक्शन प्लान पेश किया था। इसके बाद 2022 में उसे एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट से हटा दिया गया था।

---

## चार डिफेंस एयरपोर्ट पर फ्लाइट के टेक ऑफ-लैंडिंग के वक्त खिड़कियां बंद रहेंगी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** डिफेंस एरिया की सुरक्षा को देखते हुए भारत सरकार ने फ्लाइट के टेक ऑफ और लैंडिंग के वक्त खिड़कियां बंद रखने का आदेश दिया है। यह आदेश डायरेक्टरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन (डीजीसीए) की तरफ से जारी किया गया है। आदेश के मुताबिक पैसेंजर्स के फोटो खींचने और वीडियो बनाने पर भी बैन रहेगा। यह नियम देश के उन 4 डिफेंस एयरपोर्ट पर लागू होगा, जिनका इस्तेमाल कॉमर्शियल फ्लाइट के लिए होता है। इसमें अमृतसर, जम्मू, श्रीनगर और जैसलमेर एयरपोर्ट शामिल हैं। डीजीसीए ने एयरलाइंस, हेलिकॉप्टर और चार्टर्ड प्लेन ऑपरेटरों को निर्देश जारी किया है कि डिफेंस एयरफील्ड में आने और जाने वाली विमानों में खिड़कियां तब तक बंद रहेंगी, जब तक कि प्लेन टेकऑफ के दौरान 10,000 फीट की ऊंचाई तक नहीं पहुंच जाता या लैंडिंग के दौरान नीचे नहीं उतर जाता। डीजीसीए के एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि यह आदेश रक्षा मंत्रालय की सिफारिश पर जारी किया गया है। आदेश 20 मई को जारी किया गया था। जानकारी अब सामने आयी है।

---

## छात्र सुसाइड केस, सुप्रीम कोर्ट की राजस्थान सरकार को फटकार, पूछा-

# कोटा में ही विद्यार्थी क्यों जान दे रहे


### इसे रोकने के लिए अब तक क्या किया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** स्टूडेंट्स सुसाइड मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान कोटा में हो रहे स्टूडेंट्स सुसाइड के मामलों को भी गंभीर बताया और राजस्थान सरकार को फटकार लगायी।

सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की बेंच ने कहा, 'कोटा में इस साल अब तक 14 स्टूडेंट्स सुसाइड कर चुके हैं। आप एक राज्य के तौर पर इसे लेकर क्या कर रहे हैं? स्टूडेंट्स कोटा में ही क्यों आत्महत्या कर रहे हैं? एक राज्य के तौर पर क्या आपने इस पर कोई विचार नहीं किया?'

सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी कोटा में छात्रा का शव मिलने और आइआइटी खड़गपुर के छात्र के सुसाइड मामले की सुनवाई के दौरान की। सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार से इस मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी।



**क्या है पूरा मामला :** 4 मई को नीट एग्जाम से कुछ ही घंटे पहले कोटा के हॉस्टल में 17 साल की छात्रा का शव मिला था। 4 मई को ही, आइआइटी खड़गपुर में पढ़ने वाले 22 साल के स्टूडेंट ने हॉस्टल के कमरे में फांसी लगा ली थी। इन्हीं दोनों मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 6 मई को स्वतः संज्ञान लिया था।

आइआइटी खड़गपुर सुसाइड को लेकर कोर्ट ने 14 मई को कहा था वो सिर्फ यह पता लगाने के लिए संज्ञान ले रहे हैं कि प्रशासन ने 'अमित कुमार एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य' मामले में जारी कोर्ट के निर्देशों का पालन कर एफआइआर दर्ज करायी है या नहीं।

वहीं, कोटा में हुए सुसाइड को लेकर कोर्ट ने जवाब मांगा था कि एफआइआर दर्ज क्यों नहीं की गयी। जस्टिस जेबी पारदीवाला और आर महादेवन की बेंच ने ये सुनवाई की थी। इसी के साथ कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश भी दिया था कि मेंटल हेल्थ और सुसाइड प्रिवेंशन के लिए बनने वाली नेशनल टास्क फोर्स यानी एनटीएफ के गठन के लिए 20 लाख रुपये दो दिन में जमा करायें।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.8 °c | 22.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.27 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.04 बजे |



## नेता प्रतिपक्ष ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

# संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाकर रखा नहीं की जा रही नियुक्ति : बाबूलाल मरांडी

## संविधान से नहीं 'मुखेर कानून' से चल रही राज्य सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को राज्य सरकार पर बड़ा निशाना साधा। श्री मरांडी प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य की ऐसी सारी संवैधानिक संस्थाएं जो राज्य सरकार के काम काज, गड़बड़ियों, भ्रष्टाचार पर नजर रखती हैं। जनता की शिकायत पर सुनवाई और कार्रवाई करती है उसको सरकार ने पंगु बनाकर रखा है।



उन्होंने कहा कि राज्य में लोकायुक्त, महिला आयोग, सूचना आयोग, उपभोक्ता फोरम जैसी महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं में वर्षों से अध्यक्ष/ सदस्य के पद खाली हैं। कहीं अध्यक्ष हैं तो सदस्य नहीं, कहीं न अध्यक्ष हैं न सदस्य। संस्थान सिर्फ नाममात्र का रह गया है।

कहा कि ये संवैधानिक संस्थाएं जनता को न्याय दिलाने में सहायक होती हैं, सरकार को पारदर्शी और जवाबदेह बनाती हैं। लेकिन आज इनका पंगु रहना लोकतांत्रिक ढांचे को कमजोर कर रही है।

कहा कि राज्य सरकार नेता प्रतिपक्ष नहीं होने का बहाना बनाती थी जबकि सच्चाई है कि भाजपा ने समय पर नेता चुनकर दिया है। पिछले टर्म में दो बार नेता का चयन किया गया लेकिन परिणाम शून्य रहा। आज विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष है लेकिन हेमंत सरकार की नियत साफ नहीं। यह सरकार अपनी नाकामियों, विफलताओं ,भ्रष्टाचार को उजागर नहीं होने देना चाहती। लोग शिकायत करेंगे तो मामला संवैधानिक जांच के घेरे में आयेगा। सूचनाएं मांगे जाने पर उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी। राज्य सरकार इससे बचना चाहती है। कहा कि सूचना आयुक्त का पद खाली है, महिला आयोग में 2020 से ही अध्यक्ष और सदस्य का पद खाली है, जिसमें 5000 से अधिक मामले लंबित हैं, महिलाओं को न्याय नहीं मिल रहा। यहां कर्मचारियों को वेतन तक नहीं मिल रहा। एक सफाई कर्मी की मौत भी हो चुकी है। उपभोक्ता फोरम में दर्जन भर जिले अध्यक्ष और सदस्य विहीन हैं। कहा कि लोकायुक्त के नहीं रहने से न तो कोई शिकायत दर्ज हो रही, न कोई भ्रष्टाचार विरोधी कार्रवाई हो रही। जबकि लोकायुक्त जैसी स्वतंत्र संस्था राज्य में काम करेगी तो मंत्री, विधायक बड़े पदाधिकारी, यहां तक कि एसीबी के विरुद्ध भी गलत और पक्षपातपूर्ण कार्रवाई और जांच की शिकायत की जा सकेगी। जो आज नहीं हो पा रहा।

कहा कि हाइकोर्ट के निर्देशों के बावजूद इन पदों को नहीं भरा का रहा है। इससे स्पष्ट है कि यह सरकार जानबूझकर संवैधानिक पदों पर नियुक्तियां नहीं करना चाहती है। ताकि किसी भी प्रकार के गलत काम के विरुद्ध किसी बड़ी मछली के खिलाफ स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच और दंडात्मक कार्रवाई नहीं हो। कहा कि राज्य सरकार संवैधानिक तरीके से नहीं बल्कि 'मुखेर कानून' चलाना चाहती है। श्री मरांडी ने मांग की कि अविलंब सूचना आयुक्त, महिला आयोग, लोकायुक्त जैसे महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्थाओं के अध्यक्ष, सदस्यों की नियुक्ति की जाये। प्रेसवार्ता में मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा उपस्थित थे।

## भाजपा के आरोप बेबुनियाद, भ्रामक और तथ्यहीन : विनोद कुमार पांडेय



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी द्वारा झारखंड सरकार पर संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बनाने के आरोप पर सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पलटवार किया है। पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि मरांडी का बयान पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन है। पांडेय ने कहा कि मरांडी यह भूल रहे हैं कि पिछली सरकार में चार वर्षों तक भाजपा ने खुद नेता प्रतिपक्ष का चयन नहीं किया, जिससे कई संवैधानिक नियुक्तियां लटकी रहीं। भाजपा ने ऐसा जानबूझ कर किया। अपने इस कृत्य का जवाब भाजपा देगी क्या? पहले उन्हें इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार संस्थाओं को सक्रिय और प्रभावी बनाने के लिए गंभीर प्रयास कर रही है, लेकिन भाजपा सिर्फ राजनीतिक आरोप लगाने में व्यस्त है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का मकसद सिर्फ भ्रम फैलाना और जनता को गुमराह करना है। हेमंत सरकार कल्याण, निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि जैसे महत्वपूर्ण सेक्टर में मील का पत्थर साबित करते हुए ऐतिहासिक निर्णय ले रही है। हर वर्ग के लिए जरूरी योजनाओं को सफलतापूर्व धरातल पर उतारा जा रहा है। लेकिन, भाजपा राज्य के लोगों का हक मारने के लिए केंद्र सरकार का दुरुपयोग कर रही है। झारखंड की लाभुक योजनाओं, विकास योजनाओं के मद में जानबूझ कर फंड देने में देरी की जा रही है। लेकिन, राज्य की जनता ये सब समझ चुकी है और यही कारण है कि पिछले चुनाव में प्रचंड बहुमत देकर हेमंत सरकार को सत्ता में वापस ले आयी है।

विनोद पांडेय ने कहा कि हेमंत सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही के सिद्धांतों पर काम कर रही है। सरकार सभी संवैधानिक संस्थाओं को मजबूत करने के लिए चरणबद्ध रूप से कदम उठा रही है और नियुक्तियों की प्रक्रिया भी चल रही है। झामुमो नेता ने भाजपा से पहले अपनी भूमिका की जवाबदेही तय करने की मांग की और कहा कि झूठे आरोपों के जरिए सरकार की छवि खराब करने की साजिश सफल नहीं होगी।

### राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — नौकरी-व्यापार के क्षेत्र में कठिनाइयों की वृद्धि संभव है, फिर भी उससे कोई हानि नहीं होगी।
- **वृष** — घरेलू आवश्यकताओं पर अधिक व्यय करना पड़ेगा,मानसिक चिंता बढ़ेगी। शत्रुओं पर विजय मिलेगा।
- **मिथुन** — रुके हुए काम पूरे होंगे,आर्थिक स्थिति सुदृढ,निर्माण कार्य में प्रगति।
- **कर्क** — धार्मिक-सामाजिक समारोह में भाग लेंगे, नये लोगों से सम्पर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ।
- **सिंह** — जमीन-जायदाद संबंधी कार्यों में सफलता, विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास।
- **कन्या** — राजकीय पक्ष से सहयोग-समर्थन, धनागम के अवसर बढ़ेंगे,अवसरों का फायदा उठावें।
- **तुला** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा,आर्थिक परेशानी, तनाव-विवाद से कष्ट।
- **वृश्चिक** — हर क्षेत्र में सफलता,नवीन व्यापारिक योजना सफल,आर्थिक लाभ होगा।
- **धनु** — विद्यार्थियों को लेखन और अध्ययन का सुपरिणाम मिलेगा। विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास।
- **मकर** — धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे,वाहन सुख।
- **कुंभ** — सामयिक कार्यों में सफलता,नौकरी में उल्लास, संकल्पित काम पूरे होंगे।
- **मीन** — भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, आर्थिक समस्याओं का समाधान मिलेगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# आइएएस विनय चौबे की जांच करेगी डाक्टरों की टीम, नेफ्रोलॉजी विभाग को भेजी गयी रिपोर्ट

- आइएएस विनय चौबे को हाइ ब्लड प्रेशर और किडनी से जुड़ी समस्याएं
- रिम्स में विनय चौबे की तबीयत फिलहाल स्थिर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार आइएएस अधिकारी विनय चौबे की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें रिम्स में भर्ती किया गया था। उन्हें रिम्स के पेइंग वार्ड में रखा गया है। शुक्रवार सुबह असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ ऋषि गुड़िया ने उनका चेकअप किया। इससे पहले मेडिसिन विभाग के डॉक्टरों की टीम उनके ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने की कोशिश कर रही थी। उनके सभी रिपोर्ट को नेफ्रोलॉजी विभाग में भेजा गया है। जहां डॉक्टर रिपोर्ट को देख रहे हैं। चौबे को हाइब्लड प्रेशर और किडनी से जुड़ी समस्याएं हैं, जिनकी जांच अब नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञ करेंगे। विनय चौबे की तबीयत फिलहाल ठीक है। उनकी जांच के लिए रिम्स में डॉक्टरों की एक टीम बनायी गयी है। इस टीम में मेडिसीन, किडनी और हार्ट के विशेषज्ञ डॉक्टर शामिल हैं। जिनमें- डॉ ऋषि तुहिन गुड़िया, डॉ अजीत डुंगडुंग, डॉ प्रज्ञा पंत और डॉ मृणाल कुंज शामिल हैं। इससे पहले गुरुवार की रात आइएएस चौबे की पत्नी खाना लेकर उनसे मिलने रिम्स गयी थीं। लेकिन वहां चौबे की पत्नी को उनसे मिलने नहीं दिया गया। खबर है कि विनय चौबे के लिए लाया गया घर का खाना वापस करवा दिया गया। इसके बाद विनय चौबे की पत्नी लौट गयीं। हालांकि उन्होंने मीडिया को कोई बयान नहीं दिया। कोर्ट के दिशा-निर्देश में मेडिकल बोर्ड की बैठक हुई थी। रिम्स के सीनियर डॉक्टरों के मेडिकल बोर्ड ने विनय चौबे के इलाज से संबंधित दस्तावेज के आधार पर उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स में भर्ती करने की अनुशंसा की थी। उन्हें किडनी की गंभीर समस्या है। मेडिकल बोर्ड की अनुशंसा के बाद बिरसा सेंट्रल जेल से 22 मई को उन्हें रिम्स भेज दिया गया। विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 20 मई को शराब घोटाला मामले में एसीबी ने गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उन्हें एसीबी की विशेष अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने विनय चौबे और गजेंद्र सिंह को 3 जून तक (14 दिन) न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### एसीबी मुख्यालय में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने की बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। रांची शराब घोटाले मामले में एसीबी की कार्रवाई तेज हो गयी है। मामले में एसीबी के डीजी और डीजीपी अनुराग गुप्ता एसीबी शुक्रवार को कार्यालय पहुंचे। वह लगभग दो घंटे तक एसीबी कार्यालय में मौजूद रहे। उन्होंने शराब घोटाले को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर मामले की जानकारी ली। डीजी एसीबी ने पूरे मामले की जानकारी ली और कई दिशा निर्देश दिये। बता दें कि मामले में एसीबी ने अब तक कारवाई करते हुए विनय कुमार चौबे सहित पांच को गिरफ्तार कर चुकी है। एसीबी ने आइएएस विनय कुमार चौबे, उत्पाद विभाग के अधिकारी गजेंद्र सिंह, जेएसबीसीएल के वर्तमान जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार दास और तात्कालीन जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार और एजेंसी के लोकल कर्मी नीरज सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है।



# डीपीएस रांची की प्राचार्या के रूप में डॉ जया चौहान ने कार्यभार संभाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ जया चौहान ने औपचारिक रूप से दिल्ली पब्लिक स्कूल, रांची की प्राचार्या के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उनकी नियुक्ति हाल ही में दिल्ली पब्लिक स्कूल सोसाइटी, नयी दिल्ली द्वारा की गयी। जिन्होंने उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक योग्यता, विशिष्ट सेवा और सिद्ध नेतृत्व कौशल को मान्यता दी है।



लगभग दो दशकों तक डीपीएस रांची में वरिष्ठ अंग्रेजी शिक्षिका के रूप में सेवा देने वाली डॉ चौहान स्कूल की संस्कृति और मूल्यों से भलीभांति परिचित हैं। संस्था के साथ उनका गहरा जुड़ाव और वर्षों में उनके द्वारा किये गये असाधारण योगदान ने उन्हें व्यापक सम्मान और प्रशंसा दिलायी है। शैक्षणिक प्रभारी, समयसारणी प्रभारी और गतिविधि प्रभारी जैसे विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उन्होंने अपनी बहुआयामी क्षमताओं और शैक्षणिक उत्कृष्टता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है।

डीपीएस रांची में उनके सबसे उल्लेखनीय योगदानों में से एक है डीपीएस रांची को सैट केंद्र बनाना जिसने विद्यालय की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया। उनकी नवोन्मेषी सोच और दूरदर्शी दृष्टिकोण ने पारंपरिक शिक्षण और प्रशासन की सीमाओं को लगातार चुनौती दी है।

डीपीएस रांची में वापसी से पूर्व, डॉ चौहान डीपीएस राउरकेला की प्राचार्या थीं, जहां उनके संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली नेतृत्व में स्कूल ने उल्लेखनीय शैक्षणिक प्रगति और संस्थागत उपलब्धियां हासिल कीं। उनके नेतृत्व में डीपीएस राउरकेला भी एक मान्यता प्राप्त सैट केंद्र बना, और विद्यालय में अनुशासन व शैक्षणिक परिणामों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। उनके प्रगतिशील दृष्टिकोण और छात्र विकास के प्रति गहरे समर्पण के साथ, उनसे डीपीएस रांची में एक नये युग की शुरूआत की उम्मीद की जा रही है।

# सरकार की महत्वाकांक्षी योजना : मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति के लिए आवेदन शुरू

## विदेश में पढ़ना चाहते हैं तो 6 जून तक करें आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अगर आप झारखंड से हैं और उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाना चाहते हैं, लेकिन आर्थिक तंगी की वजह से ख्वाब पूरा नहीं हो रहा है। ऐसे में घबरायें नहीं। झारखंड सरकार एक ऐसी योजना लायी है, जिसके तहत आप भी विदेश में पढ़कर अपने सपने को साकार कर सकते हैं। सरकार द्वारा ऐसे तमाम होनहार छात्रों के लिए मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना लायी गयी है।



साल 2021 से शुरू इस योजना के तहत अब तक झारखंड के कई छात्र इसका लाभ उठा चुके हैं। शुरुआत में इस योजना के तहत 10 विद्यार्थियों को ही उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा जा रहा था। बाद में इसकी संख्या 25 की गयी है। हालांकि सरकार इस योजना के तहत विद्यार्थियों की संख्या 50 करने का निर्णय पूर्व में ले चुकी है। जिसकी अधिसूचना जारी होना अभी बाकी है।

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा पारदेशीय छात्रवृत्ति योजना के लिए आपको सरकार द्वारा जारी लिंक पर जाना होगा। इसमें प्राप्त आवेदनों के आधार पर कल्याण विभाग विद्यार्थियों का इंटरव्यू लेकर 25 छात्र-छात्राओं का छात्रवृत्ति के लिए चयन करेगा। चयनित छात्र-छात्राओं में अनुसूचित जनजाति के 10, अनुसूचित जाति के पांच, पिछड़ा वर्ग के 7 और अल्पसंख्यक समुदाय के 3 विद्यार्थी शामिल रहेंगे। इन सभी विद्यार्थियों को यूनाइटेड किंगडम ऑफ ग्रेट ब्रिटेन एंड नॉर्दर्न आयरलैंड के लिए चयनित विश्वविद्यालय या संस्थानों में उच्च स्तरीय शिक्षा की राज्य सरकार द्वारा सुविधा प्रदान की जायेगी।

### आवेदन में समस्या आने पर करें वाट्सअप पर संपर्क : अजय नाथ झा

कल्याण आयुक्त अजय नाथ झा ने जानकारी देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को इससे संबंधित कोई जानकारी या परेशानी हो तो जारी वाट्सअप नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके माध्यम से विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। गौरतलब है कि 29 दिसंबर 2020 को हेमंत सरकार के कार्यकाल के 1 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इसकी शुरूआत की थी। योजना के तहत 2021 में छह छात्रों को चयन किया गया था और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए विदेश भेजा गया था। जिसके बाद 2022 में छात्र-छात्राओं की संख्या को बढ़ाकर 25 किया गया। उसी के तहत इस साल भी प्रक्रिया शुरू की गयी है। योजना के तहत अधिकतम 35 वर्ष की उम्र के एससी, एसटी और ओबीसी विद्यार्थियों को 31 विषयों में मास्टर्स और एमफिल की डिग्री लेने के लिए विदेश जाने का मौका राज्य सरकार के द्वारा प्रदान किया जाता है।

# 11वीं-13वीं जेपीएससी : डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन-इंटरव्यू शेड्यूल जारी

## आज से डाउनलोड होगा कॉल लेटर

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने 11वीं और 13वीं संयुक्त सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के सफल 864 अभ्यर्थियों के लिए इंटरव्यू और डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का शिड्यूल जारी कर दिया है। आयोग ने इससे संबंधित नोटिफिकेशन जारी किया है।




अभ्यर्थी 24 मई 2025 से अपना कॉल लेटर आयोग की आधिकारिक वेबसाइट www.jpsc.gov.in से डाउनलोड कर सकते हैं। कॉल लेटर डाउनलोड करने के लिए रोल नंबर और जन्मतिथि की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, इच्छुक अभ्यर्थी 9 जून से पहले आयोग के काउंटर पर आवेदन देकर भी कॉल लेटर प्राप्त कर सकते हैं।

**समस्या आने पर नीचे दिये गये नंबर पर करें संपर्क :** यदि किसी अभ्यर्थी को कॉल लेटर डाउनलोड करने में दिक्कत आती है, तो हेल्पलाइन नंबर 9431301419 या 9431301636 पर सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क कर सकते हैं।

### जरूरी दस्तावेज न भूलें

जेपीएससी ने सभी चयनित उम्मीदवारों से अपील की है कि वे इंटरव्यू और वेरिफिकेशन के समय अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों के साथ निर्धारित समय पर उपस्थित हों।

### डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन और इंटरव्यू की तारीखें

- दस्तावेज सत्यापन : 9 जून से 22 जून 2025 तक
- समय : सुबह 10 बजे से
- इंटरव्यू : 10 जून से 23 जून 2025 तक
- समय : सुबह 9.30 बजे से
- स्थान : जेपीएससी कार्यालय, रांची
- अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के दिन सुबह 9:30 बजे तक रिपोर्ट करना अनिवार्य होगा।
- कॉल लेटर डाउनलोड करने की तिथि और तरीका

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
200000 Subscribers
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW



# न्यूरोलॉजिस्ट डॉ उज्ज्वल राय आज एम्स दिल्ली में बोलेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के प्रख्यात न्यूरोलॉजिस्ट (नस रोग विशेषज्ञ) डॉ उज्ज्वल राय को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), दिल्ली में आयोजित सातवें न्यूरोफिजियोलॉजी कांफ्रेंस में व्याख्यान के लिए आमंत्रित किया गया है। इंडियन एकेडेमी ऑफ न्यूरोलॉजी द्वारा 23 मई को शुरू हुए इस तीन दिवसीय सम्मेलन को दूसरे दिन शनिवार को डॉ राय 'रोल ऑफ यूएसजी इन इंटरेस्टिंग केसेज ऑफ मूवमेंट डिस्ऑर्डर्स' विषय पर व्याख्यान देंगे।

दूसरे सत्र में वह 'ह्वेयर यूएसजी बिकेम ए गेम चंजर इन न्यूरोमस्क्यूलर डिस्ऑर्डर्सः केसेज' विषय पर व्याख्यान देंगे। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मेलन में व्याख्यान के लिए आमंत्रित किये जानेवाले डॉ राय झारखंड के एकमात्र न्यूरोलॉजिस्ट हैं।

# इक्फाई विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** इक्फाई विश्वविद्यालय, झारखंड ने 20-21 मई, 2025 को इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के कुलपति कर्नल डॉ रंजीत सिंह के नेतृत्व में 5जी और उससे आगेः संचार और नेटवर्किंग में क्रांतिकारी बदलाव विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं और छात्रों के लिए उभरती संचार प्रौद्योगिकियों और उनके दूरगामी प्रभावों पर महत्वपूर्ण संवाद में शामिल होने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य करता है।

सेमिनार का उद्घाटन इक्फाई विश्वविद्यालय झारखंड के रजिस्ट्रार प्रोफेसर डॉ जेबी पटनायक ने किया। इस कार्यक्रम में देवी प्रसाद दास, सलाहकार, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), डॉ जीतेश प्रधान (एनआइटी जमशेदपुर), डॉ अरविंद कुमार पांडेय (अर्का जैन विश्वविद्यालय), विजय भूषण पांडेय, उप महानिदेशक, दूरसंचार विभाग (डीओटी), झारखंड और डॉ नीला चट्टोराज (बीआइटी मेसरा) सहित प्रतिष्ठित वक्ताओं और अध्यक्षों ने भाग लिया। तकनीकी सत्रों में अत्याधुनिक विषयों की एक विस्तृत श्रृंखला को शामिल किया गया, जैसे एआइ-संचालित नेटवर्क अनुकूलन, 5जी कनेक्टिविटी के माध्यम से स्मार्ट कृषि, क्लाउड-आधारित वातावरण में साइबर सुरक्षा, क्वांटम सूचना प्रसंस्करण और भारत के राष्ट्रीय दूरसंचार विजन की रणनीतिक दिशा। डॉ चंचला ने धन्यवाद ज्ञापन किया और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सम्मानित अतिथियों, प्रतिभागियों और आयोजकों के प्रति हार्दिक प्रशंसा व्यक्त की।

## नशे के सौदागरों पर पुलिस की नकेल

# ब्राउन शुगर और साढ़े 4 लाख कैश के साथ युवती समेत चार तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** 113 ग्राम ब्राउन शुगर और 4.50 लाख रुपये के साथ एक युवती समेत चार तस्करों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एसएसपी चंदन सिन्हा के निर्देश पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता और कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में कोतवाली और सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

कोतवाली थाना क्षेत्र से एक युवक सूरज कुमार और युवती सेजल खान को गिरफ्तार किया गया। जबकि सुखदेवनगर थाना क्षेत्र विशाल मित्तल और आरिफ इकबाल को गिरफ्तार किया गया। इसे लेकर शुक्रवार को एसएसपी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी।

**सूरज और सेजल खान के बीच है प्रेम-प्रसंग :** एसएसपी ने बताया कि सूचना मिली थी कोतवाली थाना अंतर्गत पुरानी रांची के नूर नगर में रोहतास (सासाराम) से एक लड़का भारी मात्रा में ब्राउन शुगर लेकर आया है। जिसके बाद पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए नूर नगर (खेत मोहल्ला) में अहसन जुनैद के घर पर मकान मालिक के समक्ष शुक्रवार की सुबह तीन बजे सेजल खान के कमरे में छापामारी की, जिसमें एक लड़का मिला, उसने अपना नाम सूरज कुमार बताया। उसके पास पुलिस ने 110 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया।

इसके बाद कमरे की तलाशी लेने पर सेजल खान और सूरज कुमार के बेड के नीचे छिपाकर रखे गये नकद 4.50 लाख रुपये बरामद किया गया। पूछताछ करने पर सेजल ने बताया कि दोनों काफी समय से सासाराम से ब्राउन शुगर लाकर रांची में बिक्री कर रहे हैं, दोनों के बीच प्रेम प्रसंग भी है।

# सीएमपीडीआइ और हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय के बीच सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ऊर्जा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सीएमपीडीआइ और हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) ने शुक्रवार को गैर-परंपरागत हाइड्रोकार्बन संसाधनों पर विशेष ध्यान देने के साथ डेटा साझाकरण और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) की महानिदेशक डॉ पल्लवी जैन गोविल (भाप्रसे) एवं सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक मनोज कुमार की उपस्थिति में डीजीएच के एडीजी (डेवलपमेंट) सचिव कुमार एवं सीएमपीडीआइ के महाप्रबंधक (बिजनेस डेवलपमेंट) आरके अमर ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किये। इस मौके पर संस्थान के निदेशक (तकनीकी/सीआरडी) शंकर नागाचारी, निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी/आरडीएंडटी) अजय कुमार, सीएमपीडीआइ और डीजीएच के वरिष्ठ अधिकारी, ओएनजीसी, आइओसीएल, सीबीएम ऑपरेटर्स और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। इस समझौता ज्ञापन का उद्देश्य दो प्रमुख संस्थानों के बीच डेटा साझाकरण, तकनीकी विशेषज्ञता और शोध अंतर्दृष्टि (रिसर्च इंसाइट्स) के पारस्परिक आदान-प्रदान के लिए एक रूपरेखा स्थापित करना है। इस रणनीतिक साझेदारी से कोल बेड मिथेन (सीबीएम), शेल गैस और अन्य गैर-परंपरागत स्रोतों जैसे संसाधनों की खोज एवं विकास में भारत की क्षमताओं को मजबूत करना है। मौके पर डॉ गोविल ने भारत के ऊर्जा भंडार की पूरी क्षमता को अनलॉक करने में अंतर-एजेंसी सहयोग के महत्व पर जोर दिया। सीएमपीडीआइ के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ने सीबीएम, शेल गैस और अन्य गैर-परंपरागत हाइड्रोकार्बन के विकास के लिए सीएमपीडीआइ के कार्य के बारे में जानकारी दी और कहा कि यह समझौता ज्ञापन भविष्य के संयुक्त अध्ययनों, पायलट परियोजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का मार्ग प्रशस्त करेगा जो नवाचार और सूचित निर्णय लेने के माध्यम से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करेगा। समझौता ज्ञापन के बाद हितधारकों की एक बैठक हुई जिसमें सीबीएम ऑपरेटरों और शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों/प्रतिभागियों ने सीबीएम और गैर-परंपरागत संसाधन विकास पर अपने विचार साझा किये और इस सहयोगात्मक दृष्टिकोण को मजबूत करने की आवश्यकताओं पर जोर दिया।

# स्पीकर ओम बिरला कल झारखंड आयेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोकसभा के सभापति (स्पीकर) ओम बिरला रविवार 25 मई की सुबह 9:10 बजे (दिल्ली से) रांची के बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर उनका आगमन होगा। इसके बाद वे सुबह 9:20 पर बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण करेंगे। दिन के 12:15 से अपराह्न 2 बजे तक, जमशेदपुर के लोयोला स्कूल के फैसी सभागार में सिंघभूम चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्लैटिनम जुबली कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम के बाद वे वापस अपराह्न 3:15 बजे जमशेदपुर के सोनारी हवाई अड्डे से रांची के लिए लौटेंगे। रांची में शाम 5:45 बजे से 7:40 बजे तक डंगराटोली के स्वर्ण भूमि में विभिन्न समूहों द्वारा आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# रांची में चौकीदार बहाली की दौड़ आज से शुरू

### खेलगांव स्टेडियम के आसपास रहेगी निषेधाज्ञा लागू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची में चौकीदार की बहाली प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गयी है। लिखित परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की शारीरिक जांच और दौड़ का आयोजन 24 से 26 मई तक बिरसा मुंडा एथलेटिक्स स्टेडियम, खेलगांव में किया जायेगा। इसके तहत पुरुषों को 5 मिनट में 1.6 किलोमीटर दौड़ने पर 20 अंक और 6 मिनट में दौड़ पूरी करने पर 10 अंक मिलेंगे। जबकि महिलाओं के लिए यह समय सीमा 8 और 10 मिनट है। इस आयोजन को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। भीड़ और अव्यवस्था को रोकने के उद्देश्य से स्टेडियम के 200 मीटर के दायरे में निषेधाज्ञा लागू की गयी है, जो 23 मई शाम 7 बजे से 26 मई शाम 7 बजे तक प्रभावी रहेगी।

### जानें क्या-क्या चीजें रहेंगी बैन

**स्टेडियम के पास कुछ दिन तक खास नियम लागू रहेंगे। इस दौरान पांच या उससे ज्यादा लोग एक साथ जमा नहीं हो सकते (सरकारी काम वाले लोग छोड़कर)। लाउडस्पीकर या कोई भी तेज आवाज वाला यंत्र इस्तेमाल नहीं किया जा सकेगा। साथ ही किसी भी तरह का हथियार या डंडा वगैरह लेकर चलने की भी सख्त मनाही रहेगी। कोई सभा या मीटिंग करना भी इस दौरान मना है।**

# सदानों के लिए जिला मुख्यालय पर बने छात्रावास, सीएम पहल करें : राजेंद्र प्रसाद

### बाबा साहब के नाम पर लाइब्रेरी स्वागत योग्य कदम

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के लिए भी हर जिला मुख्यालय पर छात्रावास निर्माण सरकार कराये। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि शिक्षा में भेद-भाव नहीं होना चाहिए। प्रसाद ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ा दिल दिखाना चाहिए और इसकी पहल करनी चाहिए। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में मूलवासी सदानों ने अपनी शहादत और हर कुर्बानी दी है। लेकिन राज्य बनने के बाद झारखंड में कानूनी दांव पेंच से मूलवासी सदानों को उनके अधिकार से वंचित किया जा रहा है। कहा झारखंड सरकार हर समुदाय के विकास के लिए अपने स्तर से निर्णय लेकर काम कर सकती है। लेकिन भेद-भाव की नीति ने राज्य को बर्बादी की ओर ले जा रही है। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों में इतनी गरीबी है कि आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं होने के कारण शहर में आकर पढ़ाई कर पाने अक्षम हैं। राज्य में हर व्यक्ति को शिक्षा मिले इसपर सरकार को काम करना चाहिए।

राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड के सभी जिले में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर के नाम पर लाइब्रेरी बनाने की सरकार ने इच्छा जाहिर की है इसका स्वागत किया है।

# बीपीएस, बीपीएड और एमपीएड कोर्स शुरू करने पर आभार जताया




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार को अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) एवं विभिन्न खेल केंद्रों के खिलाड़ियों ने रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से मिलकर उनको गुलाब का फूल देकर उनका आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। विदित हो कि आजसू लगातार छात्र हित में बीपीएस बीपीएड एवं एमपीएड कोर्स प्रारंभ करने के लगातार रांची विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग करती रही। उसी का असर है कि रांची विश्वविद्यालय के द्वारा आज बैठक कर इस कोर्स को शुरू करने हेतु पहल की गयी है। प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा ने कुलपति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पूरे राज्य में कोई भी विश्वविद्यालय में बीपीएड एवं एमपीएड कोर्स की पढ़ाई नहीं होती है। रांची विश्वविद्यालय में ये कोर्स प्रारंभ होने से राज्य के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा। आजसू राज्यपाल एवं रांची विश्वविद्यालय के कुलपति से आग्रह करती ही इसी सत्र से बीपीएड एवं एमपीएड कोर्स प्रारंभ की जाये। इस अवसर पर हरीश कुमार, ओम वर्मा, निशिकांत पाठक, राजू साहू, तपन रावत, राम प्रसाद, सम्मी सिंह, शिव सागर, रोहित शर्मा, अजित कुमार एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# प्रशासनिक अधिकारियों की आपसी सामंजस्य की विफलता



**प्रवीण वाडबुदे**
विधि विशेषज्ञ/ लेक्चरर/ सीनियर फैकल्टी (आइएएस कोचिंग)

**हाल ही** में राज्य में वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से जुड़े बड़े पैमाने पर शराब घोटाले के उजागर होने से नौकरशाही में नैतिकता के बारे में एक बार फिर चिंताजनक सवाल सामने आये हैं। इन अधिकारियों पर, आकर्षक वेतन, नौकरी की सुरक्षा और सामाजिक प्रतिष्ठा का आनंद लेने के बावजूद, नीति हेरफेर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप है, जिसके कारण राज्य को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। यह घटना इस धारणा को चुनौती देती है कि लोक सेवकों के बीच भ्रष्टाचार को रोकने के लिए प्रतिफल पर्याप्त है।

इस मामले में, वरिष्ठ अधिकारियों ने कथित तौर पर बाहरी निजी संस्थाओं के साथ मिलकर आबकारी नीतियों को अपने पक्ष में बदल दिया। इसमें स्थापित मानदंडों को दरकिनार करना, उचित प्रक्रियाओं के बिना एजेंसियों की नियुक्ति करना और राजस्व का नुकसान करना शामिल था। इस तरह की कार्यवाही न केवल कानूनी मानदंडों का उल्लंघन करती हैं बल्कि नैतिक दायित्वों का मौलिक उल्लंघन करती हैं जिन्हें सिविल सेवकों से बनाये रखने की अपेक्षा की जाती है - अर्थात इमानदारी, निष्पक्षता और सार्वजनिक हित के प्रति प्रतिबद्धता।

नौकरशाही के उच्च स्तरों के बीच भ्रष्टाचार अक्सर प्रणालीगत कमजोरियों और व्यक्तिगत प्रेरणाओं के संयोजन से सुगम होता है। जबकि वेतन और पद आराम प्रदान करते हैं, वे काफी विवेक भी लाते हैं। प्रभावी निगरानी के बिना, ऐसे विवेक का दुरुपयोग किया जा सकता है। कुछ प्रशासनिक व्यवस्था में, अनैतिक प्रथाओं को सामान्य माना जाता है, और नियमों को तोड़ना अनैतिक के बजाय व्यावहारिक माना जाता है। कदाचार को रोकने के बजाय,वातावरण अक्सर इसे सक्षम बनाता है।

नैतिक गिरावट का एक प्रमुख कारण राजनीतिक हस्तक्षेप का सूक्ष्म लेकिन शक्तिशाली प्रभाव है। प्रभावशाली सत्ता संरचनाओं के साथ गठबंधन करने वाले नौकरशाहों को अक्सर अनुकूल पोस्टिंग मिलती है, जबकि संवैधानिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहने वालों को अक्सर स्थानांतरित, दरकिनार या परेशान किया जाता है।

देश भर में कई ऐसे उदाहरण हैं जहां इमानदार अधिकारियों को गलत काम करने के लिए नहीं, बल्कि अनैतिक मांगों के आगे झुकने से इनकार करने के लिए दंडित किया गया। इससे एक ऐसी संस्कृति बनती है जहां मिलीभगत को पुरस्कृत किया जाता है और साहस को दंडित किया जाता है।

इसके अलावा, सिविल सेवाओं के भीतर नैतिक प्रशिक्षण और सुदृढ़ीकरण काफी हद तक प्रक्रियात्मक है। जबकि अधिकारियों को आचार संहिता और नियमों से परिचित कराया जा सकता है, भ्रष्टाचार का विरोध करने के लिए आवश्यक गहन नैतिक विश्वास को अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है। संस्थागत और सहकर्मी समर्थन के बिना, अच्छे इरादे वाले अधिकारी भी अस्तित्व या कैरियर की प्रगति के लिए नैतिक समझौते को आवश्यक मानने लग सकते हैं।

शराब घोटाला न केवल एक प्रशासनिक विफलता है बल्कि एक नैतिक विफलता है। यह दर्शाता है कि नौकरशाही के शीर्ष स्तरों पर नैतिक क्षरण किस तरह से जनता के विश्वास और शासन के परिणामों को नुकसान पहुंचा सकता है। इसका समाधान न केवल सख्त कानूनों और दंडों में है, बल्कि एक प्रशासनिक संस्कृति को पोषित करने में है जो इमानदारी का सम्मान करती है, इमानदार आवाजों की रक्षा करती है, और राजनीतिक वफादारी पर नैतिक नेतृत्व को महत्व देती है। सच्ची सार्वजनिक सेवा केवल अनुपालन पर नहीं, बल्कि चरित्र की नींव पर टिकी होनी चाहिए।

# धरना को लेकर राजू राम ने की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची महानगर अनुसूचित जाति विभाग के चेयरमैन राजू राज की अध्यक्षता में चिरौंजी ब्रांबे आवास में सरना कोड की मांग को लेकर 26 मई को राजभवन के समक्ष धरना को लेकर बैठक की गयी। बैठक का संचालन मुखिया अमित राम ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि राजभवन के समक्ष धरना में अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में बढ़-चढ़ का भाग लेंगे। इस बैठक में मुख्य रूप से मोरहाबादी के सुपर समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार राम, रंजीत राम, रंजन राम, भोला राम, अमर राम, सागर राम, मनोज राम, रामू राम, संजय राम, केश्वर राम, आकाश राम, अरूण राम, संतोष राम, अर्जुन राम और रांची महानगर कांग्रेस कमिटी के सचिव संतोष साह, और अनुसूचित जाति विभाग के कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।





आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 24 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए सेना के अफसरों ने मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मेजर जनरल अरुण राजेश मोगे और मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर ने गुरुवार को कांके रोड स्थित आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। सेना के दोनों अधिकारियों ने जुलाई माह में आयोजित डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता में अतिथि के रूप में शामिल होने का आमंत्रण मुख्यमंत्री को दिया। साथ ही बताया कि यह प्रतियोगिता जमशेदपुर में होगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वाले मेजर जनरल अरुण राजेश मोगे (विशिष्ट सेवा मेडल) इस्टर्न कमांड हेडवाक्वार्टर सह डूरंड कप फुटबॉल प्रतियोगिता के वाइस चेयरमैन हैं। मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर (विशिष्ट सेवा मेडल) जीओसी-23 इंफेंट्री डिवीजन में हैं।




# हैदराबाद ने बेंगलुरु को 42 रन से हराया

**ईशान किशन ने 48 बॉल पर 94 रन बनाये, पैट कमिंस को 3 विकेट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लखनऊ।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने आइपीएल 2025 के 65वें मैच में रॉयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 42 रन से हरा दिया है। आरसीबी ने लखनऊ के इकाना स्टेडियम में टॉस जीत कर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। हैदराबाद ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 231 रन बनाये। जवाबी पारी में बेंगलुरु की टीम 19.5 ओवर में 189 रन पर ऑलआउट हो गयी। उसकी ओर से फिल सॉल्ट ने 62 और विराट कोहली 43 रन बना कर आउट हुए। पैट कमिंस ने 3 विकेट झटके। हर्षल पटेल और ईशान मलिंगा को दो-दो विकेट मिले। एसआरएच से ईशान किशन ने 48 बॉल पर नाबाद 94 रनों की पारी खेली। उनकी पारी में



7 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। ईशान के अलावा, अभिषेक शर्मा ने 34, अनिकेत वर्मा ने 26 और हेनरिक क्लासन ने 24 रन बनाये। रोमारियो शेफर्ड ने 2 विकेट झटके।

आरसीबी के लिए सॉल्ट 32 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से 62 रन बनाकर आउट हुए, जबकि कोहली ने 25 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की मदद से 43 रन बनाये। इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा अन्य कोई बड़ी पारी नहीं खेल सका। रजत पाटीदार ने 18 और जितेश शर्मा ने 24 रन का योगदान दिया। आरसीबी के निचले क्रम के बल्लेबाजों का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा और उसके चार बल्लेबाज दहाई अंक तक भी नहीं पहुंच सके, जबकि दो खाता भी नहीं खोल पाये। सनराइजर्स के लिए कमिंस ने तीन विकेट झटके, जबकि मलिंगा ने दो विकेट लिये। इन दोनों के अलावा जयदेव उनादकट, हर्षल पटेल, हर्ष दुबे और नीतीश कुमार रेड्डी को एक-एक विकेट मिला।

## महत्वपूर्ण खबरें

### यूटीआइ म्यूचुअल फंड ने रांची में खोला नया ऑफिस



रांची (आजाद सिपाही)। यूटीआइ म्यूचुअल फंड ने शुक्रवार को मेन रोड स्थित खुजरा प्लेक्स में अपने नये ऑफिस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर यूटीआइ के जोनल हेड आनंद सेन गुप्ता, एनपीएस के हेड सुजीत चौधरी, रीजनल हेड सतीश सिन्हा और रिलेशनशिप मैनेजर दिग्वेंद्र कुमार उपस्थित थे। यह नया ऑफिस झारखंड के लिए रीजनल ब्रांच के रूप में काम करेगा और इसके तहत जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग और देवघर जैसे शहरों के ब्रांच आयेंगे। इस नये ऑफिस के खुलने से झारखंड में म्यूचुअल फंड सेवाओं को बढ़ावा मिलेगा और निवेशकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। यूटीआइ म्यूचुअल फंड के इस नये ऑफिस के उद्घाटन से झारखंड में निवेश के नये अवसर पैदा होंगे और लोगों को अपने वित्तीय लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद मिलेगी। यहां निवेशकों की सुविधा के लिए एसआइपी भी किया जाता है।

### अहिल्याबाई होल्कर की जयंती मनाने को लेकर बैठक



रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा रांची महानगर के सुखदेव नगर मंडल दक्षिणी भाग ने लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर एक भव्य कार्निवल का आयोजन करने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम 31 मई को कार्निवल विकेट्स हॉल में आयोजित किया जायेगा। शुक्रवार को महेंद्र अकादमी मधुकम में आयोजित तैयारी बैठक में रांची के विधायक सीपी सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर की जीवनी पर विस्तृत जानकारी साझा की और उनके जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। इसके अलावा, शक्ति केंद्र संस्कृत कॉलेज दक्षिणी मंडल की वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार के आवास पर भी एक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक मौजूद थे। बैठक में राजू सिंह ने लोकमाता रानी अहिल्याबाई होल्कर के विषय में विस्तृत जानकारी लोगों से साझा की। कार्यक्रम में रांची महानगर के संकेत तिवारी, चंद्रकांत मणि तिवारी, रवि कुमार और मोहल्ले की नारी शक्ति की उपस्थिति सराहनीय रहेगी। इसके अलावा, वार्ड 27 के निर्वतमान पार्षद ओमप्रकाश, दिलीप पांडेय, प्रदीप वर्मा, निशांत पांडेय, रतन राय, रवि गुप्ता, राम सिंह, सुधा राज, अनीता देवी और सुनीता देवी भी उपस्थित रहेंगे।

### झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच ने स्वास्थ्य मंत्री से की मुलाकात



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी युवा मंच का प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया ने स्वास्थ के क्षेत्र को प्रभावी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रांतीय (प्रदेश) मारवाड़ी युवा मंच को कृत्रिम अंग सेवा के क्षेत्र में ब्रांड एंबेसडर के रूप में अधिकृत मान्यता प्रदान की जाये। ताकि यह संस्था और प्रभावी ढंग से जनसेवा कर सके। सर्वाइकल कैंसर महिलाओं में एक प्रमुख और जानलेवा बीमारी है। इसकी एचपीवी वैक्सीन के माध्यम से रोकथाम संभव है। परंतु इसकी पहुंच अभी भी ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों तक पर्याप्त रूप से नहीं हो पायी है। सरकार द्वारा एचपीवी वैक्सीन को पूर्णतः निःशुल्क रूप से गांव-शहरों में लगवाया जाना आवश्यक है। उचित होगा कि मारवाड़ी युवा मंच को इस कार्य के लिए सहयोगी के रूप में अधिकृत किया जाये। ताकि मंच की शाखाएं इस योजना में पूर्ण सहयोग कर सके। मंच के सदस्य स्वयंसेवक के रूप में कार्य करेंगे और गांव-शहरों में जाकर अधिकाधिक संख्या में लोगों को लाभावित करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने प्रतिनिधिमंडल के सुझावों की सराहना की और आश्वस्त किया कि वे इस दिशा में गंभीरता से विचार करेंगे। प्रतिनिधिमंडल में महासचिव दीपक गोयंका, मुख्यालय उपाध्यक्ष श्वेता जालान, सह-मुख्यालय उपाध्यक्ष श्वेता भाला, सह सचिव विकाश अग्रवाल पारुल चेतानी, स्वास्थ प्रभारी आशीष अग्रवाल मौजूद थे। उपरोक्त जानकारी अमित शर्मा ने दी।

# धोती-साड़ी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि झारखंड सरकार ने गरीबों को 10 रुपये में धोती-साड़ी देने की योजना बनायी थी, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सरकार इसे गरीबों तक पहुंचाने के बजाय दलालों के माध्यम से खुले बाजार में बेच रही है। बाबूलाल ने आरोप लगाया कि हेमंत सोरेन ने इस योजना को अपना ड्रीम प्रोजेक्ट बताया और जनता को भ्रमित किया, लेकिन असलियत में सरकारी बजट से खरीदे गये कपड़े खुले बाजार में बेचकर अपनी जेबें भर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इन धोती-साड़ियों पर साफ लिखा है कि यह धोती विशेष रूप से झारखंड सरकार के लिए बनी है और यह बेचने के लिए नहीं है। बावजूद इसके यह खुलेआम बाजार में मिल रही हैं। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि वे अपने दिहाड़ी डीजीपी को निर्देश दें ताकि एंटी करप्शन ब्यूरो तुरंत भ्रष्टाचार में शामिल छोटे-मोटे बिचौलियों की गिरफ्तारी करें। बाबूलाल ने चेतावनी भी दी कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो इडी और सीबीआइ की एंट्री हो सकती है।

# शारदा ग्लोबल स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप संपन्न

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शारदा ग्लोबल स्कूल में तीन दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार को समापन हो गया। इसमें विद्यालय के कक्षा प्री-नर्सरी से लेकर बारहवीं तक के छात्रों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस समर कैंप का मुख्य आकर्षण सीनियर विंग में होने वाला एडवेंचर एक्टीविटीज थी जिसको विद्यालय परिसर में ही आयोजित किया गया। खेलों के बीच में नास्ते एवं खाने का भी प्रबंध था जिसमें छात्रों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद उठाया। ये सभी खेल बाहर से आये विशेषज्ञों एवं शिक्षकों के निर्देशन में किये गये। विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप एवं प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। विद्यालय कैंपस के ही अंतर्गत छात्र विभिन्न खेलों से परिचित होते हैं जो उनमें नयी ऊर्जा भरते हैं। साथ ग्रुप एक्टीविटीज के माध्यम से उनके आपस में सहयोग एवं समन्वय की भावना विकसित होती है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र सं 1648 दिनांक 23.05.2025 के अनुसार मै, बालेश्वर प्रसाद मेहता, पिता स्व. धनपत महतो, उम्र 52 वर्ष का लगभग, पेशा गृहस्थी, निवासी ग्राम अलौजाखुर्द, पो. +थाना इचाक, जिला हजारीबाग शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि –

1. यह कि मेरा पुत्र का सही नाम सागर कुमार है।
2. यह कि मेरा पुत्र के आधार कार्ड नं. 3620 3522 5262 में नाम विशाल कुमार दर्ज है।
3. यह कि मेरा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र दशम वर्ग के प्रमाण पत्र में नाम सागर कुमार है।
4. यह कि सागर कुमार एवं विशाल कुमार दोनो नाम मेरा पुत्र का है मेरा पुत्र दोनों नामों से जाना जाता है।
5. यह कि उपरोक्त लिखित बाते सही व सत्य है।


# बिजाना के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल होने न्यू जर्सी पहुंचे सुदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो अमेरिका के न्यू जर्सी में बिहार-झारखंड एसोसिएशन ऑफ नार्थ अमेरिका (बिजाना) के स्वर्ण जयंती समारोह और ग्लोबल कॉनक्लेव 2025 में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रवासी भारतीयों की संस्था बिजाना का दो दिवसीय स्वर्ण जयंती समारोह कल से आरंभ हो रहा है, जिसमें बिहार-झारखंड की संस्कृति की खुशबू बिखरेगी। समारोह में भारत और विश्व भर से नामी-गिरामी हस्तियां भाग ले रही हैं। श्री महतो समारोह में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंच चुके हैं। समारोह में श्री महतो के अलावा विश्व बैंक के ग्लोबल निदेशक सरोज झा, प्रसिद्ध गायक कैलाश खेर, सुपर 30 के संस्थापक आनंद कुमार, आज तक की वरीय संपादक श्वेता सिंह, भोजपुरी फिल्म स्टार अक्षरा सिंह, संगीत निर्देशक विशाख ज्योति, प्रिंसटन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर नीरज झा के अलावा कई प्रसिद्ध हस्तियां उपस्थित रहेंगी। समारोह में अमेरिका के अलावा यूरोप के भी बिहार-झारखंड के प्रवासी भारतीय पहुंच रहे हैं। बिजाना के अध्यक्ष संजीव सिंह झारखंड के ही निवासी हैं। उन्होंने कहा है कि बिजाना द्वारा प्रत्येक वर्ष समारोह आयोजित किया जाता है, लेकिन संस्था के गठन का पचासवां साल होने के कारण होने वाला स्वर्ण जयंती समारोह एक यादगार अनुभव बनने जा रहा है। उन्होंने बताया कि बिजाना की स्थापना 1975 में की गयी थी और यह बिहार और झारखंड की सांस्कृतिक पहचान को संरक्षित करने, युवा नेतृत्व एवं शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। बिजाना विश्व के साथ भारत के संबंधों एवं छवि को सुधारने की दिशा में भी एक सफल मंच साबित हुआ है। उक्त जानकारी पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने दी।

### डीपीएस के प्रसून प्रवर को जेइइ मेंस के बैचलर इन प्लानिंग के रिजल्ट में ऑल इंडिया रैंक-68



रांची (आजाद सिपाही)। मोराबादी निवासी एवं डीपीएस रांची के छात्र प्रसून प्रवर ने एनटीए द्वारा घोषित जेइइ(बीप्लानिंग) के रिजल्ट में ऑल इंडिया रैंक 68 हासिल किये। साथ ही उन्होंने जेइबी(आर्क) में ऑल इंडिया रैंक 1052 हासिल कर परिवार का मान बढ़ाया है। पिता पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य उदय कुमार सिंह एवं माता किरण सिंह ने जानकारी दी कि जेइइ मेंस टू में भी प्रसून ने दोनों स्ट्रीम्स में आइआइटी खड़गपुर, आइआइटी रुड़की आदि देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में दाखिले के लिए परीक्षा दिये थे जिसमें उनके परिश्रम ने ऑल इंडिया रैंक 68 दिलाया जो हमारे लिए एक बेहद सुखद अनुभूति का पल है।


**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनक लिए, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, चक्रधरपुर निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं. और कार्य का नाम निम्नानुसार हैं: 1. सीओएम54-एएमएन-पीएच-सीकेपी-25 दिनांक 22.05.2025,** चक्रधरपुर रेलवे स्टेशन पर परिणाम के आधार पर 730 दिनों की अवधि के लिए मजदूरों, पार्सल ट्रॉलियों और हाइड्रॉलिक हैंड पैलेट ट्रकों का उपयोग करते हुए पार्सल हैंडलिंग। **विभागीय मूल्य:** रु.28,28,187.90, **बयाना राशि:** रु.56,600/-**2. सीओएम54-एएमएन-पीएच-जेएसजी-25 दिनांक 22.05.2025,** झारसुगुड़ा रेलवे स्टेशन पर परिणाम के आधार पर 730 दिनों की अवधि के लिए मजदूरों, पार्सल ट्रॉलियों और हाइड्रॉलिक हैंड पैलेट ट्रकों का उपयोग करते हुए पार्सल हैंडलिंग। **विभागीय मूल्य:** रु.52,20,105.90, **बयाना राशि:** रु.1,04,400/- , **3. सीओएम54-एएमएन-पीएच-आरओयू-25 दिनांक 09.05.2025,** राउरकेला रेलवे स्टेशन पर परिणाम के आधार पर 730 दिनों की अवधि के लिए मजदूरों, पार्सल ट्रॉलियों और हाइड्रॉलिक हैंड पैलेट ट्रकों का उपयोग करते हुए पार्सल हैंडलिंग। **विभागीय मूल्य:** रु.81,37,923.20, **बयाना राशि:** रु.1,62,800/- **4. सीओएम54-एएमएन-पीएच-टाटा-25 दिनांक 15.05.2025,** टाटानगर रेलवे स्टेशन पर परिणाम के आधार पर 730 दिनों की अवधि के लिए मजदूरों, पार्सल ट्रॉलियों और हाइड्रॉलिक हैंड पैलेट ट्रकों का उपयोग करते हुए पार्सल हैंडलिंग। **विभागीय मूल्य:** रु.1,70,72,948/-, **बयाना राशि:** रु.2,35,400/- **5. सीओएम54-एएमएन-सीएलएन-आरओयू-25 दिनांक 21.05.2025,** परिणाम के आधार पर 1096 दिनों की अवधि के लिए राउरकेला रेलवे स्टेशन की मशीनीकृत सफाई और रखरखाव। **विभागीय मूल्य :** रु. 6,46,41,740.24, **बयाना राशि :** रु. 4,73,200/-, **निविदा प्रपत्र की लागत :** रु. 5,000/- प्रत्येक के लिए। **ई-निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 12.06.2025 को 15.30 बजे क्रम सं. 1 और 2 प्रत्येक के लिए, 02.06.2025 को 15.30 बजे क्रम सं. 3 के लिए, 06.06.2025 को 15.30 बजे क्रम सं. 4 के लिए और 12.06.2025 को 12.30 बजे क्रम सं. 5 के लिए। **वेबसाइट का विवरण: www.ireps.gov.in टिप्पणी:** मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। ठेकेदार को **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन निविदा जमा करनी होगी। **(PR-193)**


# बिहार में रेलवे को मजबूत करने की दिशा में एक और कदम

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**हाजीपुर।** केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप में वैगन पीओएच क्षमता वृद्धि की परियोजना की आधारशिला रखी। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा उपस्थित रहे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव बिहार के दौरे पर पटना पहुंचे जहां उन्होंने शुक्रवार को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की और बिहार में रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं पर चर्चा की। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पटना से जमालपुर के बीच विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। अश्विनी वैष्णव ने जमालपुर स्टेशन का निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने 30 करोड़ रुपये की लागत से जमालपुर स्टेशन पर चल रहे पुनर्विकास कार्यों का जयाजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

जमालपुर वर्कशॉप पहुंचने पर केंद्रीय रेल मंत्री ने अन्य मंत्रियों और गणमान्य व्यक्तियों के साथ वैगन निर्माण शॉप और क्रेन शॉप आदि का निरीक्षण किया। जमालपुर वर्कशॉप के उन्नयन के लिए 78.96 करोड़ रुपये के रूप में एक और सौगात देते हुए जमालपुर वर्कशॉप में वैगन पीओएच क्षमता वृद्धि परियोजना की आधारशिला रखी।

वैगन निर्माण वर्कशॉप में रेल मंत्री ने जमालपुर वर्कशॉप में निर्मित बॉक्सएन वैगन, बीएलसीएस वैगन व शौचालय युक्त ब्रेक वैन के निर्माण का निरीक्षण किया। क्रेन वर्कशॉप में मंत्री ने नवनिर्मित 140 टन क्रेन, 8-व्हीलर टावर कार और जमालपुर जैक का निरीक्षण किया, जो इस वर्कशॉप के विशेष उत्पादों में शामिल हैं। वर्कशॉप में केंद्रीय रेल मंत्री का जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप के कर्मचारियों द्वारा गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

इसके बाद केंद्रीय रेल मंत्री ने इंडियन रेलवे इंस्टीच्यूट आफ मैकेनिकल एंड इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग जमालपुर का दौरा किया, जहां उन्होंने वेल्डिंग, न्यूमेटिक्स, हाइड्रोलिक्स तथा मेक्ट्रोनिक्स जैसी इंजीनियरिंग की विभिन्न शाखाओं पर विस्तृत विकास योजना वाली सेंटर आफ एक्सीलेंस नामक पुस्तिका का विमोचन किया। जमालपुर लोकोमोटिव वर्कशॉप में वैगन पीओएच वृद्धि के लिए 545 से 800 वैगन प्रति माह की परियोजना की आधारशिला रखने के साथ ही वैगन ओवरहालिंग क्षमता 255 यूनिट प्रति माह से अधिक हो जायेगी। इस क्षमता वृद्धि परियोजना को लगभग 79 करोड़ रुपये की लागत से क्रियान्वित किया जायेगा। इससे टर्न अराउंड टाइम में सुधार होगा, वैगन की उपलब्धता बढ़ेगी और परिचालन में सुधार होगा।

वर्ष 2009 से 2014 के मध्य बिहार में रेलवे के विकास के लिए प्रतिवर्ष औसतन 1,132 करोड़ रुपये आवंटित किये गये थे जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में बढ़ाकर इस वर्ष 10 हजार 66 करोड़ रुपये कर दिया गया है, जो कि पिछली सरकार की तुलना में 09 गुना ज्यादा है। इस मौके पर विधायक प्रणव कुमार, अजय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिन्हा एवं लाल मोहन गुप्ता, पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर व अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।


**शपथ पत्र**



शपथ पत्र REF NO. 21 दिनांक 27.03.2025 के अनुसार मैं, सच्चिदा नन्द मिश्रा पिता स्व. विष्णुकान्त मिश्रा, निवास ग्राम-धमसाई, पो. चपरी, थाना पथरगामा, जिला गोड्डा राज्य झारखंड शपथ पूर्वक निम्नलिखित ब्यान करता हूँ :-

1. यह कि शपथकर्ता उपरोक्त पते का स्थायी निवासी है।
2. यह कि मेरा पुत्र का सही नाम रितिक मिश्रा है। जो 12 वर्ष का है। उसका जन्म तिथि 03.09.2013 है।
3. यह कि मेरा पुत्र का सही नाम रितिक मिश्रा (HRITIK MISHRA) जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है।
4. यह कि मेरा पुत्र का नाम नैतिक कुमार मिश्रा (Naitik Kumar Mishra) पुकारू नाम भूलवश बचपन में आधार कार्ड में दर्ज हो गया है। जिसका आधार सं. 9026 3608 3150 है।
5. यह शपथ पत्र अपना पुत्र का सही नाम रितिक मिश्रा (HRITIK MISHRA) दैनिक अखबार मे प्रकाशन करवाना चाहता हूँ।
6. यह कि मेरा पुत्र अब सही नाम से ही जाने जायेगें। इसलिए यह शपथ पत्र सम्पादित कर रहा हूँ। जो सही एवं सत्य है।



**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Serial.No.0097 Dated-20/05/2025 I, FAGUNI DEVI W/O-Puran Ganjhu aged about 50 Years by faith-Hindu R/O- Vill-Railway Steam Colony Patratu P.O-Patratu P.S-Patratu Dist.-Ramgarh (JKH.) do hereby solemnly affirm and declare is as follows:-.

1. That I am an Indian Citizen.
2. That i am residing at my aforesaid address.
3. That I am holder of an Aadhaar card bearing Aadhaar no.-5402 2610 0803.
4. That in said Aadhaar card Fugani Devi has been entered by mistake.
5. That my Actual name is Faguni Devi which needed correction according to my Railway Medical card vide No.-273506958518. I will be known by my actual name Faguni Devi forever and everywhere which shall be published in Newspaper & Gazette too.
6. That need of the affidavit for correction of my actual name in my Aadhaar card i.e. Faguni Devi as such this affidavit which shall be publication in Newspaper & Gazette for my further Identification.
7. That above statement are true and genuine. If any found untrue I shall be responsible.

# फिर कोरोना की दस्तक

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार भारत में कोरोना महामारी की पहली लहर जनवरी 2020 से फरवरी 2021 तक रही। इस दौरान कोरोना के 1.08 करोड़ मामले सामने आये और औसतन रोजाना 412 मौतों के हिसाब से लगभग 1.55 लाख लोगों की मौतें हुईं। कोरोना की दूसरी लहर (मार्च, 2021 से मई, 2021) में 1.69 लाख मौतें तथा तीसरी लहर (दिसंबर, 2021 से फरवरी, 2022) के दौरान 50.05 लाख नये मामले दर्ज किये गये और 10,465 मौतें हुईं और अब एक बार फिर भारत सहित दक्षिण एशिया के कई देशों में कोरोना की नयी लहर (वेरिएंट) का खतरा मंडराने लगा है। हांगकांग और सिंगापुर में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। जहां हांगकांग में अभी तक सामने आये कोरोना के 81 मामलों में 30 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं सिंगापुर में 1 मई तक कोरोना के मामलों की संख्या बढ़ कर 14,200 हो गयी। वहां 1 से 19 मई के बीच इसके 3,000 नये मरीज सामने आये हैं। सिंगापुर व हांगकांग के बाद चीन और थाईलैंड में भी इसके मामले बढ़ने लगे हैं तथा अलर्ट जारी कर दिया गया है। वहां के स्वास्थ्य अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यह महामारी एक बार फिर गंभीर रूप ले सकती है और इसका असर एशिया के अन्य हिस्सों में भी हो सकता है। हांगकांग में संक्रामक रोगों के स्वास्थ्य अधिकारी अलबर्ट के अनुसार कोरोना वायरस के मामले बड़ी तेजी से बढ़ रहे हैं। अतः सांस की तकलीफ वाले रोगियों के कोरोना पाजिटिव पाये जाने की आशंका इस वर्ष बहुत अधिक बढ़ सकती है, जिसे लेकर भारत में भी चिंता पैदा हो गयी है। हालांकि भारत में अभी कोरोना की कोई बड़ी लहर दिखायी तो नहीं दे रही है, परंतु स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार 1 जनवरी से 19 मई तक देश में कोरोना के 257 मामले सामने आ चुके हैं। इनमें से अकेले मुंबई में ही 53 मामले सामने आये हैं तथा मुंबई के केइएम अस्पताल में 19 मई को 2 कोरोना पीड़ितों की मौत भी हो चुकी है। हालांकि सरकार स्थिति को नियंत्रण में बता रही है, लेकिन मुंबई में डाक्टरों ने कोरोना के और भी हल्के लक्षणों वाले मामले देखे हैं। इस बार संक्रमण के लिए ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जेएन.1 तथा उसके साथ वेरिएंट्स एलएफ 7 और एनबी 1.8 को जिम्मेदार माना जा रहा है। जेएन.1 वेरिएंट काफी तेजी से फैलता है। इंगलैंड के स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना के जेएन.1 सब-वेरिएंट से संक्रमित लोगों ने कुछ संकेत बताये हैं, जिनमें गले में खराश, नींद न आने की समस्या, एंग्जाइटी, नाक का बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी या थकान, मांसपेशियों में दर्द आदि शामिल हैं।

**हांगकांग और सिंगापुर में कोरोना वायरस के मामले बढ़ने लगे हैं। जहां हांगकांग में अभी तक सामने आये कोरोना के 81 मामलों में 30 लोगों की मौत हो चुकी है, वहीं सिंगापुर में 1 मई तक कोरोना के मामलों की संख्या बढ़ कर 14,200 हो गयी।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद देश की प्रतिक्रिया को बेहतर ढंग से संभालने के लिए मोदी की प्रशंसा उनके कई आलोचकों द्वारा की गयी थी, जिनमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर भी शामिल थे। यह बात उनके आलोचकों तथा देश के विभिन्न भागों से आनेवाले आम नागरिकों द्वारा सर्वत्र स्वीकार की गयी कि मोदी द्वारा सशस्त्र सेना प्रवक्ताओं का चयन, जो प्रतिदिन प्रेस तथा राष्ट्र को भारत के जवाब के बारे में जानकारी देंगे, अत्यंत शानदार था।**

# कर्नल सोफिया कुरैशी होने का महत्व

जूलियो रिबैरो

मध्य प्रदेश की भाजपा शासित सरकार में जनजातीय मामलों के मंत्री विजय शाह ने अपने नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को असमंजस में डाल दिया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद देश की प्रतिक्रिया को बेहतर ढंग से संभालने के लिए मोदी की प्रशंसा उनके कई आलोचकों द्वारा की गयी थी, जिनमें कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता शशि थरूर भी शामिल थे। यह बात उनके आलोचकों तथा देश के विभिन्न भागों से आने वाले आम नागरिकों द्वारा सर्वत्र स्वीकार की गयी कि मोदी द्वारा सशस्त्र सेना प्रवक्ताओं का चयन, जो प्रतिदिन प्रेस तथा राष्ट्र को भारत के जवाब के बारे में जानकारी देंगे, अत्यंत शानदार था।

दो महिला अधिकारियों को चुना गया, सेना का प्रतिनिधित्व करने वाली सिग्नल्स रैजीमेंट की कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना के हैलीकॉप्टर विंग से विंग कमांडर व्योमिका सिंह। इन दोनों सेवाओं का प्रतिनिधित्व करने के लिए न केवल महिलाओं को चुना गया, बल्कि इनमें से एक मुस्लिम को भी चुना गया, जो कि एक मास्टरस्ट्रोक था। यह दुविधा तब पैदा हुई, जब मंत्री विजय शाह ने कर्नल कुरैशी को आतंकवादियों की बहन बताया!

**भाजपा ने हमेशा कांग्रेस पर चुनावी लाभ के लिए मुसलमानों को लाड़-प्यार देने का आरोप लगाया था।**

मोदी जी ने अपने दिमाग में अपने ही घर में बड़ी संख्या में जन्मजात मुस्लिम द्वेषियों की मौजूदगी के लिए कोई जगह नहीं बनायी थी, जिनमें से एक हिंदी पट्टी के एक महत्वपूर्ण राज्य में उनकी डबल इंजन सरकार में मंत्री भी है। जब विपक्षी दलों, विशेष कर कांग्रेस ने विरोध में आवाज उठायी तथा कई नागरिकों ने भी इसका समर्थन किया, जिन्होंने महत्वपूर्ण समय में मोदी के नेतृत्व के गुणों की सराहना करना शुरू ही किया था, तभी विजय शाह पार्टी को बिगाड़ने के लिए सामने आ गये।



**मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर पीठ ने नागरिकों की आवाज पर ध्यान देते हुए स्थानीय पुलिस को मंत्री के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज करने का आदेश दिया है। वास्तव में, पार्टी को नुकसान को सीमित करने के लिए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी।**

मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की जबलपुर पीठ ने नागरिकों की आवाज पर ध्यान देते हुए स्थानीय पुलिस को मंत्री के खिलाफ आपराधिक शिकायत दर्ज करने का आदेश दिया है। वास्तव में, पार्टी को नुकसान को सीमित करने के लिए तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए थी। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि यह पार्टी सदमे में है और अपने विश्वस्त समर्थकों के एक बड़े वर्ग को नाराज करने में असमर्थ है, जो चाहते हैं कि सरकार मुसलमानों को लाड़-प्यार देना बंद कर दे, भले ही वह मुसलमान महिला हो और एक वरिष्ठ सैन्य अधिकारी हो, जिसकी समाचार चैनलों पर प्रतिदिन उपस्थिति ने पूरे देश, विशेष कर महिलाओं को उत्साहित कर दिया है। भाजपा ने हमेशा कांग्रेस पर चुनावी लाभ के लिए मुसलमानों को लाड़-प्यार देने का आरोप लगाया था। एकमात्र लाड़-प्यार जिसका उसे दोषी पाया जा सकता था, वह था मुस्लिम धार्मिक प्रतिष्ठानों को उन मामलों में लाड़-प्यार देना जो राज्य से संबंधित नहीं थे।

धर्म द्वारा निर्धारित कानून, जिसके तहत वृद्धा शाह बानो के पास इतना अल्प धन बचा था कि वह कुछ दिनों के बाद भूख से मर सकती थी, को न्यायालय द्वारा, बिल्कुल सही ढंग से, पलट दिया गया। लेकिन, राजीव गांधी को उस समय बहुत बुरी हार का सामना करना पड़ा जब उन्होंने शाह बानो मानवाधिकार मामले में अदालत के फैसले को नकारने के लिए संसद में अपनी पार्टी का समर्थन हासिल कर लिया।

विजय शाह ने सरकार द्वारा एक मुस्लिम महिला अधिकारी को प्रवक्ता के रूप में चुनने को एक तरह का लाड़-प्यार समझ लिया होगा। संभवतः यही कारण है कि उन्होंने यह घृणित टिप्पणी की। और विजय शाह इस विचारधारा के एकमात्र प्रतिनिधि नहीं हैं। देश के कोने-कोने में हिंदुओं का एक बड़ा वर्ग है, जो मुसलमानों के प्रति गहरी अविश्वास की भावना रखता है। यह कोई ऐसी चीज नहीं है, जो भाजपा ने बनायी हो। पिछले 10 या 11 वर्षों में यह अविश्वास आजादी से पहले भी मौजूद था, लेकिन 2014 तक सुप्त रहा। अब यह खुले तौर पर व्यक्त हो रहा है, लेकिन यह तब भी वास्तविकता थी जब मैं 82 से 90 साल पहले, यानी 1936 से 1944 तक, एक स्कूली छात्र था।

मुझे याद है कि एक युवा हिंदू सहपाठी, जो मुझसे एक या दो साल छोटा था, अपने मुस्लिम, ईसाई और पारसी सहपाठियों के बारे में अपनी राय व्यक्त कर रहा था। उन्होंने कहा कि उन्हें पारसी लोग पसंद हैं। उन्हें ईसाइयों से कोई आपत्ति नहीं थी, लेकिन उनके धर्म से नहीं। उन्हें मुसलमान बिल्कुल पसंद नहीं थे, खास कर उनके धर्म से। वह छोटा हिंदू लड़का 10 साल का रहा होगा, मैं उससे एक या दो साल बड़ा था। मुझे उसका नाम याद नहीं है और न ही यह कि बातचीत कैसे शुरू हुई, लेकिन मुझे यह अच्छी तरह याद है कि लड़का मोटा था। कॉलेज के बाद के वर्षों में और कार्यस्थल पर मेरे कुछ अन्य हिंदू मित्रों ने भी मुसलमानों के बारे में कुछ ऐसी ही आशंकाएं व्यक्त की थीं, लेकिन वे निश्चित रूप से उस मोटे 10 वर्षीय बच्चे से अधिक सतर्क थे। मैं यह बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मुझे पूरा विश्वास है कि बहुसंख्यक समुदाय में एक ऐसा वर्ग है जो स्वाभाविक रूप से मुसलमानों पर भरोसा नहीं करता और विजय शाह उनमें से एक हैं।

मैंने 1986 से 1989 तक पंजाब में अपने कार्यकाल के दौरान इस बात पर जोर दिया था कि आतंकवादियों को कभी भी सिख आतंकवादी नहीं कहा जाना चाहिए। यदि आवश्यक हो तो खालिस्तानी शब्द पर मुकद्दमा चलाया जा सकता है, लेकिन सिख शब्द पर नहीं, क्योंकि सिख आतंकवादी नहीं थे। मेरे निजी सुरक्षा दल में अधिकतर सिख थे। मुझे उन पर पूरा भरोसा और विश्वास था और जिस प्रकार सिखों के बहुमत को खालिस्तानी आतंकवादियों से कोई सहानुभूति नहीं है, उसी प्रकार मुसलमानों का बहुमत आइएसआइ प्रायोजित आतंकवादियों की गतिविधियों को नापसंद करता है।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब एवं पूर्व आइपीएस अधिकारी हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# सड़क हादसे में दो युवक घायल



**पत्रकारों और पुलिस की तत्परता से घायलों को भेजा गया अस्पताल**

**पुलिस ने भाग रही कार को किया जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता

**सरायकेला।** सरायकेला टाटा मुख्य सड़क पर बीते देर रात कार के चपेट में आने से दो युवक बुरी तरह घायल होगये। मौके पर सड़क से गुजर रहे पत्रकारों की टीम ने पुलिस को सूचना की। साथ ही मानवता का मिसाल पेश करते हुए घायलों को तत्काल एबुलेंस के सहारे इलाज के लिए अस्पताल भेजबाया। सड़क दुर्घटना में पत्रकारिता की सजगता और पुलिस की तत्परता ने दो दोनो घायलों को समय पर बचा लिया।दा प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के पत्रकारों की सूचना पर पुलिस ने न केवल समय पर घायलों को अस्पताल पहुंचाया, बल्कि हादसे के बाद फरार हो रही कार को भी जब्त कर लिया। निवर्तमान अध्यक्ष मनमोहन सिंह ने बताया घटना देर रात 11:30 बजे की है। कांड्रा थाना क्षेत्र के शेन इंटरनेशनल स्कूल के पास एक तेज रफ्तार काले रंग की कार ने पल्सर बाइक (नं. खल05ऊछ-2032) को टक्कर मार दी। बाइक पर सवार तीन युवकों में से दो गंभीर रूप से घायल होकर खून से लथपथ सड़क पर पड़े तड़प रहे थे। वहां से गुजरने के दौरान स्थानीय लोग उनकी मदद करने से कतराते दिखे।इसी बीच सरायकेला प्रेस क्लब के संरक्षक संतोष कुमार, निवर्तमान अध्यक्ष मनमोहन सिंह, सुमित सिंह, विश्वरूप पांडा, विपिन वार्ष्णेय, के दुर्गा राव और बलराम पांडा ने घटना की गंभीरता को समझते हुए तत्काल सरायकेला एसपी मुकेश कुमार लुणायत और रोड एंबुलेंस को सूचना दी। एसपी ने तत्काल गम्हरिया, सिनी और सरायकेला थाना क्षेत्रों में अलर्ट जारी किया। एंबुलेंस के पहुंचते ही पत्रकारों की सहायता से घायल युवकों को इलाज के लिए टीएमएच भेजा गया। मौके पर गम्हरिया थाना प्रभारी कुणाल कुमार ने टीम के साथ दुर्घटनास्थल पर पहुंचकर यातायात को नियंत्रित किया और क्षतिग्रस्त बाइक को हटवाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना के बाद कार सरायकेला की ओर भाग निकली थी। पुलिस ने नाकेबंदी कर कार को पकड़ लिया। दुर्घटना में घायल युवकों की पहचान बिरबांस निवासी लव कालिंदी और भोलाडीह निवासी प्रदीप कुंभकार के रूप में हुई। दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। फिलहाल दोनों का इलाज चल रहा है।

**प्रशंसा के पात्र बने पत्रकार और पुलिस**

**इस घटना में प्रेस क्लब के पत्रकारों और पुलिस प्रशासन की तत्परता से यह साबित हुआ सामाजिक जिम्मेदारी और समय पर की गयी कार्रवाई किसी का भी जान बचा सकती हैं। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने पत्रकारों के सहयोग की सराहना करते हुए कहा ऐसी सजगता समाज के लिए प्रेरणादायक है।**

# गैंगरेप मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के सोनारी थाना क्षेत्र में दिल दहला देने वाली एक घटना सामने आयी है। जहां ट्यूशन के लिए निकली एक युवती को पहले बहला फुसलाकर जुबली पार्क ले गया और फिर एक निर्माणाधीन घर में उसके साथ दोनो युवकों ने गैंगरेप किया। घटना के बाद आरोपियों ने युवती को जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने परिजनों के साथ मिलकर सोनारी थाना में शिकायत दर्ज करवायी। शुक्रवार को मामले की गंभीरता को देखते हुए सोनारी पुलिस ने तत्परता दिखायी और महज 10 से 12 घंटे के अंदर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोनू कुमार और राहुल के रूप में हुई है। डीएसपी मनोज ठाकुर ने बताया पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया है और साक्ष्यों को संकलित किया जा रहा है। फिलहाल दोनों आरतियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। डीएसपी ने कहा पुलिस इस मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में ले जाकर जल्द न्याय दिलाने की प्रक्रिया में जुट गयी है। वही सोनारी थाना प्रभारी ने लोगों से अपील की वे अपने बच्चों को सतर्कता के साथ बाहर भेजें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें।



# भाजपा नेताओं ने मृतकों के परिजनों को दी आर्थिक सहायता

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बीते 11 मई को साकची कोर्ट गोलचक्कर के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार मोहित सोरेन और सुबेदार प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गयी थी। इस हृदयविदारक घटना के बाद भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा ने त्वरित संज्ञान लेते हुए पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए प्रयास शुरू किये। शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नीतीश कुशवाहा और ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री सोनू ठाकुर के संयुक्त प्रयासों से मृतक मोहित सोरेन की दो पत्नियों को 50 हजार और 65 हजार तथा सुबेदार प्रसाद के परिजनों को 1 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की गयी।

# द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला खरसावां के सत्र 2025-27 के लिए चुनाव की तैयारी पूरी, मतदान आज



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के एकमात्र मान्यता प्राप्त पत्रकार संगठन द प्रेस क्लब ऑफ सरायकेला-खरसावां के सत्र 2025-27 के लिए होने वाले चुनाव की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। शुक्रवार को चुनाव पर्यवेक्षक संतोष कुमार एवं के दुर्गा राव ने मतदान स्थल का निरीक्षण कर प्रशासनिक तैयारियों पर संतोष जताया। मुख्य पर्यवेक्षक संतोष कुमार ने बताया सरायकेला सूचना भवन में शनिवार (24 मई) को चुनाव होना है। मतदान सुबह 10 बजे से शुरू होगा और सभी सदस्यों को सुबह 9 बजे तक पहचान पत्र के साथ उपस्थित रहने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया सभी पत्रकारों को शांतिपूर्ण और अनुशासित तरीके से चुनाव में भाग लेने की अपील की है। फिलहाल चुनाव को लेकर सदस्यों में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

# आरटीआइ कार्यकर्ता संघ की बैठक, धमकी देनेवालों पर कार्रवाई की मांग

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** आरटीआइ कार्यकर्ता संघ की एक उच्चस्तरीय आपात कालीन बैठक साकची स्थित बाल मजदूर सेवा संस्थान, (पुराना कोर्ट परिसर) में संघ के उपाध्यक्ष सदन कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। शुक्रवार को आयोजित बैठक में संघ के केंद्रीय महासचिव कीर्तिवास मंडल को फोन पर दी गयी धमकी और अब तक प्रशासन द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर चिंता जतायी। आशंका जताई जारही है धमकी देनेवाले शख्स का संबंध पोटका प्रखंड कार्यालय से हो सकता है, क्योंकि उसने धमकी में मांगी गयी सूचना का सीधा उल्लेख किया है। समिति ने मांग की जिला प्रशासन इस मामले में पोटका प्रखंड कार्यालय की संलिप्तता की जांच अवश्य कराये। बैठक में निर्णय लिया गया आगामी 27 मई को आरटीआइ कार्यकर्ता संघ का एक प्रतिनिधिमंडल एसएसपी और डीसी से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपेगी।

# आदिवासी समुदायों की जैव विविधता से जुड़ी 'सांग्स ऑफ द फॉरेस्ट' पुस्तक का विमोचन




**यह पुस्तक सिर्फ कहानियों का संग्रह नहीं बल्कि सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक पर्यावरण चेतना का संरक्षण : पंकज सतीजा**

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर टाटा स्टील फाउंडेशन ने अपनी विशेष पुस्तक 'सॉन्ग्स ऑफ द फॉरेस्ट' का विमोचन किया। यह पुस्तक आदिवासी समुदायों की विलुप्त होती जैव विविधता संबंधी कहानियों और लोक परंपराओं का दस्तावेजीकरण करती है। इसका लोकार्पण टाटा स्टील के सुकिंदा क्रोमाइट माइंस परिसर में आयोजित एक समारोह में किया गया। टाटा स्टील के फेरो अलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन के कार्यकारी प्रभारी पंकज सतीजा ने बताया यह पुस्तक सिर्फ कहानियों का संग्रह नहीं बल्कि सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक पर्यावरण चेतना का संरक्षण है। यह इस वर्ष के जैव विविधता दिवस की थीम 'प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास' को दर्शाती है। सीआरएस प्रमुख डॉ अंबिका प्रसाद नंदा ने कहा कि पृथ्वी सभी जीवों का घर है और हमें एक-दूसरे के साथ सामंजस्य बनाकर रहना सीखना चाहिए।यह पुस्तक प्रिंट और डिजिटल दोनों रूपों में उपलब्ध है। पारंपरिक संरक्षण विधियों, स्थानीय वनस्पतियों व जीव-जंतुओं तथा समुदायों के प्रकृति से आध्यात्मिक जुड़ाव को दर्शाती है। कार्यक्रम में जैव विविधता के विशेषज्ञों द्वारा पैनल चर्चा भी की गयी। जिसमें सेवानिवृत्त वन संरक्षक डॉ अरुण कुमार मिश्रा, जीवविज्ञानी गायत्री देवी, डॉ श्वेताश्री पुरोहित और डॉ जयंत त्रिपाठी सहित अन्य शामिल रहे।

# गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ प्रतिनिधि मंडल ने होमगार्ड एक्ट में संशोधन की मांग को लेकर सांसद को सौंपा स्मार पत्र



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** गृहरक्षा वाहिनी लोक सेवक संघ जिला शाखा पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के एक प्रतिनिधिमंडल ने सांसद विद्युत वरण महतो से उनके बिष्टुपुर स्थित आवासीय कार्यालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान कर होमगार्ड एक्ट में संशोधन की मांग को लेकर एक स्मारपत्र सौंपा। साथ ही डीसी पूर्वी के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को संबोधित आवेदन पत्र भी भेजा गया।प्रतिनिधिमंडल ने प्रधानमंत्री से अपील की होमगार्ड एक्ट में शामिल स्वयंसेवी शब्द को हटाया जाये और होमगार्ड जवानों को राज्य अथवा केंद्रीय कर्मी का दर्जा दिया जाये। ज्ञापन के माध्यम से कमल शर्मा ने बताया गया वर्तमान में गृह रक्षक वर्ग सरकारी उपेक्षा और विभागीय तिरस्कार का शिकार है। स्मारपत्र में यह भी उल्लेख किया गया वर्ष 2023 में सांसद विद्युत वरण महतो और पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने इस मांग को लेकर गृह मंत्री अमित शाह को अनुशंसा की थी। उसके बावजूद अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त है। बिचौलियों के माध्यम से जवानों का शोषण हो रहा है। जवान हर विषम परिस्थिति में पुलिस बल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करते हैं, लेकिन उनकी न्यायोचित मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह करते हुए इस मुद्दे को संवेदनशीलता से संज्ञान में लेते हुए होमगार्ड एक्ट में आवश्यक संशोधन करने का आग्रह किया। ताकि जवानों का जीवन स्तर सुधरे और वे सम्मानपूर्वक जीवन जी सकें। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष परितोष महतो, उपाध्यक्ष तपन चंद्र महतो, जिला सचिव भगान हासदा, संगठन सचिव दुला महली, प्रवक्ता लखन किस्कु सहित कई गृह रक्षक उपस्थित रहे।

## करंट की चपेट में आने से भाजपा नेता की पत्नी की मौत



**केतार (आजाद सिपाही)।** केतार थाना क्षेत्र के बतोकलां कला गांव में शुक्रवार को हुए एक दर्दनाक हादसे में भाजपा के वरिष्ठ नेता भगत दयानंद यादव की पत्नी वंदना देवी (49) की बिजली करंट की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गयी। इस घटना से पूरे गांव और राजनीतिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है। घटना के संबंध में भगत दयानंद यादव ने बताया कि शुक्रवार को हुई बारिश के बाद उनके घर की बिजली लाइन में खराबी आ गयी थी। इसी क्रम में वंदना देवी स्वयं बिजली लाइन की जांच करने लगीं। प्लास की सहायता से कार्बन हटाने के दौरान अचानक तार टूटकर गिर पड़ा और वे उसकी चपेट में आ गये। करंट लगते ही उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। वंदना देवी अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सोन नदी के किनारे स्थित मुक्तिधाम पर किया जायेगा। घटना की सूचना मिलते ही भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष ओर पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो, पूर्व जिलाध्यक्ष ओम प्रकाश केसरी, जिला महामंत्री ओम प्रकाश गुप्ता, पूर्व महामंत्री विकास स्वदेशी, संतोष दुबे, एसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, पूर्व विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, अशोक सेठ, विभूति भूषण चौबे, शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, ओम प्रकाश गुप्ता, विकास पांडेय,मनोज सोनी,कन्हाई प्रसाद सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओ ने शोक संवेदना प्रकट की।

## आठवीं बोर्ड परीक्षा में सभी विषयों में ए प्लस अंक लाकर साधना भारती बनीं विद्यालय टॉपर



**डंडई (आजाद सिपाही)।** डंडई प्रखंड मुख्यालय के पैराडाइस पब्लिक स्कूल की कक्षा 8 की छात्रा साधना भारती झारखंड आठवीं बोर्ड की परीक्षा में सभी विषय में ए प्लस अंक हासिल कर विद्यालय टॉप की है। बताया गया कि विद्यालय में अध्यनरत 26 छात्र छात्राएं आठवीं क्लास की परीक्षा में शामिल हुए थे। सभी ने अधिकतर विषयों में ए और ए प्लस अंक हासिल किया। जिसमें साधना भारती सभी विषयों में ए प्लस अंक हासिल कर अपने माता-पिता और गुरुजनों का नाम रोशन किया है। अपने परीक्षा परिणाम को लेकर साधना भारती ने बताया कि पढ़ाई में स्कूल की पढ़ाई के अलावा सेल्फ स्टडी काफी मायने रखता है। मैं स्कूल की पढ़ाई के अलावा घर पर प्रतिदिन 4 घंटे सेल्फ स्टडी करती हूं। जिसमें स्कूल का होमवर्क भी शामिल है। उसने बताया कि घर पर बिना मेहनत के स्कूल की पढ़ाई से ज्यादा कुछ हासिल नहीं हो सकता। उसने बताया कि मुझे आइएएस ऑफिसर बनने का सपना रखती हूं। वही विद्यालय निदेशक, प्राचार्य सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्रा को शुभकामनाएं दी है।

## खराब चापाकलों की हुई मरम्मत



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के अरसली उत्तरी पंचायत में पेयजल समस्या को लेकर चल रही परेशानियों को दूर करने के उद्देश्य से पंचायत की मुखिया इशरत जहां ने राजदेव प्रजापति, ऋतिक चंद्रवंशी, सुकठ प्रजापति, आनंद साह, बैजनाथ राम के घर के पास खराब हुए चापाकलों की मरम्मत करायी गयी है। यह पहल पंचायत वासियों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में एक सराहनीय कदम के रूप में देखा जा रहा है। मुखिया इशरत जहां ने जानकारी देते हुए बताया कि पंचायत क्षेत्र में खराब पड़े चापाकलों की सूची तैयार कर मरम्मत का कार्य पूरा कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह कार्य सिर्फ शुरूआत है, और जहां-जहां चापाकल खराब होंगे, उन्हें भी दुरुस्त किया जायेगा ताकि लोगों को पेयजल संकट का सामना न करना पड़े। मुखिया इशरत जहां ने बताया कि पंचायत में अन्य बुनियादी सुविधाओं को भी बेहतर बनाने की दिशा में कार्य योजना तैयार की गयी है, ताकि पंचायत के समस्याओं का समाधान करते हुए पंचायत का विकास किया जा सके।

## पुत्र शोक में डूबे विधायक प्रतिनिधि के घर पहुंचे एसडीएम संजय कुमार, दी सांत्वना



**मेराल (आजाद सिपाही)।** पुत्र शोक में डुबे विधायक प्रतिनिधि डा लाल मोहन के घर शुक्रवार की शाम में एसडीएम संजय कुमार पहुंचकर उन्हें ढांढस बंधाते हुए सांत्वना दिया। बता दें कि आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा के मैट्रिक का छात्र और डॉ लालमोहन के इकलौते पुत्र तरुण कुमार देव 16 वर्ष की मृत्यु विगत सोमवार को वज्रपात की घटना से हो गयी थी। हृदय विदारक इस घटना से परिवार के साथ-साथ आस पड़ोस तथा सगे संबंधी सभी मर्माहत हैं। एसडीएम संजय कुमार ने बताया तीन-चार दिन जिला मुख्यालय से बाहर रहने के बाद जब गढ़वा आए तो घटना की जानकारी मिलने पर यहां पहुंचे हैं। उन्हें यह बताया गया कि तरुण आर के पब्लिक स्कूल का मेधावी छात्र था तथा घटना के समय अपनी मां से खराब मौसम में पेड़ के नीचे खड़ा नहीं होने की बात कहते हुए पेड़ के पास से पगडंडी से एक घर में जाने लगा उसी समय वज्रपात की घटना हो गयी। यह सुनते ही श्री कुमार ने काफी दुख व्यक्त किया। उन्होंने डॉ लालमोहन को स्वयं धैर्य धरने तथा पत्नी और दोनों बेटी को संबल प्रदान करते रहने की सलाह दी। उस मौके पर अवध किशोर चौबे, प्रोफेसर राजमोहन, रोहित कुमार, सुनील कुमार, वीरेंद्र चौधरी, मनोज जायसवाल सहित कई लोग थे।

## श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुटिया के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** उत्क्रमित उच्च विद्यालय खुटिया के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक परिभ्रमण पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक के नेतृत्व में ले जाया गया। स्कूल परिसर से निकले परिभ्रमण दल को एसएमसी अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने झंडी दिखा कर रवाना किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने बताया कि परिभ्रमण दल में शामिल छात्रों को दर्शनीय स्थल रिहंद जल विद्युत परियोजना तथा रेणुकूट स्थित पार्क तथा अन्य स्थलों का भ्रमण कराया गया एवं उसके ऐतिहासिक, भौगोलिक व सांस्कृतिक महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। परिभ्रमण दल के साथ स्थित टीचर कुमार रमण किरण ने बताया कीशैक्षिक भ्रमण छात्रों के शैक्षिक अनुभव को बढ़ाने का एक तरीका है। यह आमतौर पर स्कूल कार्यक्रम या पाठ्यक्रम का हिस्सा होता है। ऐसे आयोजनों से छात्रों को शैक्षणिक और व्यक्तिगत कौशल विकसित करने का मौका मिलता है।

### जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक

# सांसद ने विद्यालयों में पेयजल और शौचालय की सुविधा सुनिश्चित करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** समाहरणालय के सभागार में सांसद विष्णु दयाल राम की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक संपन्न हुई। जिसमे उपयुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय, गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी, भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव, मझिआंव विधायक नरेश सिंह, डाल्टनगंज भंडारिया विधायक आलोक चौरसिया सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक में डीआरडीए निदेशक रवीश राज सिंह द्वारा एक-एक कर पिछले दिशा की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुपालन प्रतिवेदन की जानकारी समिति के समक्ष रखा गया। बैठक में सांसद द्वारा मुख्य रूप से सड़क निर्माण सहित सभी विभागों की समीक्षा की। समीक्षा के उपरांत संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमे सर्वप्रथम पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, जलपथ प्रमंडल, राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना आदि के तहत संचालित सड़क निर्माण, पुल पुलिया निर्माण आदि की समीक्षा करते हुए कार्य मे प्रगति लाने हतु आवश्यक निदेश दिया गया। भवनाथपुर कांडी कैलान पथ को समय पूर्ण करने एवं कार्य में धीमी प्रगति के कारण की समीक्षा की गई।

गढ़वा विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी ने पूर्व में उठाये गये बिंदुओं, जिसमें चिनिया से खुथुआ मोड़ एवं गढ़वा शाहपुर तक पथ निर्माण कार्य की चर्चा की गयी। संबंधित कार्यपालक अभियंता द्वारा उक्त पथों के निर्माण कार्य से संबंधित प्रतिवेदन से सदन को अवगत कराने का कार्य किया गया।

सांसद द्वारा गढ़वा जिला अंतर्गत सभी पेयजलापूर्ति योजनाओं को प्राक्कलन के विशिष्टियों के अनुरूप निर्धारित समयावधि के अंतर्गत पूर्ण कराते हुए, सभी प्रखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति आरम्भ करने संबंधी आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। जिले में शिक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते हुए बैठक में सांसद ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य विद्यालयों में हो रहे पठन-पाठन, उनमें पेयजल की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था एवं उन्हें दी जाने वाली भोजन, पठन-पाठन, बैठने की समुचित व्यवस्था आदि की जानकारी लिया। उन्होंने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य सभी विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय की सुविधा सुनिश्चित कराने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। साथ ही सभी स्कूलों में सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं से संबंधित प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में अब तक 423990 आयुष्मान कार्ड का निर्माण कराया गया है। उक्त उपलब्धि प्राप्त करने पर सांसद द्वारा इस कार्य की प्रशंसा की गयी। बैठक के दौरान जानकारी देते हुए सिविल सर्जन द्वारा बताया गया कि गढ़वा जिला में वर्त्तमान समय मे सदर अस्पताल गढ़वा एवं सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत इलाज की सुविधा दी जा रही है। वर्तमान समय तक जिले के मात्र दो प्राईवेट अस्पताल जिसमें परमेश्वरी मेडिकल सेंटर, गढ़वा और नयी रोशनी, मेराल में उक्त योजना के तहत इलाज की सुविधा दी जा रही है। इस पर सांसद द्वारा कार्य की सराहना की गयी। साथ ही अधिक से अधिक निजी अस्पतालों को आयुष्मान का लाभ देने के संबंध में पंजीकृत करने का निर्देश दिया गया।

## अलग-अलग हादसे में चार लोग गंभीर घायल

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** अलग अलग जगहों पर हुए हादसा में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों को भवनाथपुर सीएचसी में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक डॉ फैज अहम और डॉ शैलेन्द्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया। पहली घटना बीती रात्रि खरौंधी के सीसरी टोला में पका घर के छत पर से गिरने से कन्हाई सिंह पिता स्व हरिवंश सिंह घायल हो गये जिन्हे प्राथमिक उपचार के बाद डॉ ने मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना शुक्रवार के सुबह में श्री बंशीधर नगर क्षेत्र के दहेड़िया में एक शादी समारोह में आया युवक टेंट का पाइप गिरने से सोनू कुमार पिता श्रवण राम धुरकी चैनपुर निवासी घायल हो गया। तीसरी घटना शुक्रवार के दोपहर में मकरी धांगर डीहा टोला घर में कार्य के दौरान बिजली तार के चपेट में आने से अमृता देवी पति सतीश साह घायल हो गयी। चौथी घटना भवनाथपुर थाना क्षेत्र के कुपा गांव में बिजली पोल पर 11 हजार वोल्ट तार में कार्य करने के दौरान धनंजय प्रसाद पोल से नीचे गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया।

## सरकार गांव-गांव शराब दुकान खोल कर राज्य को बर्बाद करने पर तुली है : रितेश चौबे

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हेमंत सरकार गांव गांव शराब दुकान खोलकर झारखंड को बर्बाद कर रही है। जहां गांव में शिक्षा सड़क स्वास्थ्य व्यवस्था को ठीक करना था वही झारखंडी युवाओं को नशे के दल-दल में ढकेल कर झामुमो सरकार शराबी बना रही है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार झारखंड का विकास नहीं बल्कि विनाश करने में लगी हुई है। गरीब जनता दिन भर मेहनत मजदूरी कर के पैसा कमायेगा और शाम में शराब पी कर खत्म कर देगा। मुख्यमंत्री की सोच झारखंड के उत्थान नहीं बल्कि पतन की ओर ले जा रहा है। गांव में शराब दुकान खुलने से असमाजिक तत्वों का बोलबाला होगा। अपराध भी बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार छात्रों युवाओं को टेक्निकल एजुकेशन से नहीं जोड़ रही है जिससे उनका उत्थान हो सके। प्रदेश का छात्र युवा जब आगे बढ़ेगा तभी झारखंड का विकास और देश विदेश में मान सम्मान बढ़ेगा। लेकिन झामुमो सरकार लोगों को शराबी बनाने में अहम भूमिका निभा रही है। कोई भी सरकार जनता के उत्थान के लिए काम करती है लेकिन झामुमो सरकार के फैसले से जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार में किसी विभाग में कोई फंड नहीं है जनता का कोई काम नहीं हो रहा है अधिकारी पदाधिकारी काम के नाम पर दबी जुबान फंड का रोना रो रहे हैं। आखिर झामुमो सरकार झारखंड के जनता के साथ इतना बड़ा खेल कैसे कर सकती हैं मुख्यमंत्री व्यवस्था में तत्काल सुधार करे। वरना भाजपा कार्यकर्ता जनहित में मौन नहीं रहेंगे। मौके पर भाजपा नेता संजय जायसवाल नवीन जायसवाल सहित अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## सगमा प्रखंड के कई गांव आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित

श्यामबच्चन यादव

**सगमा (आजाद सिपाही)।** सगमा प्रखंड के कई गांव आज भी मूल भूत सुविधाओं से वंचित हैं। कई गांव के ऐसे टोले हैं जहां आज तक सड़क नहीं बन पायी है। लोग खेतों के मेड या पगडंडी के भरोसे चलने को विवश हैं। प्रखंड अंतर्गत सोनडीहा पंचायत के पुतुर गांव अंतर्गत हरैया ढोडा टोले में आज भी सड़क के बिना लोग काफी कठिनाइयों सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद से अब तक कोई सड़क व पुल नहीं बना है, जनप्रतिनिधि लोग सिर्फ अपना वोट लेने यहां तक आकर अनेक प्रलोभन देते हैं बावजूद यह टोला आज तक सड़क व पुल विहीन है। लोगों का आवागमन खोखा नदी में जान जोखिम में डाल कर गुजरना पड़ता है, इस टोले की आबादी लगभग 200 से अधिक हैं इस टोले में अनुसूचित जाति के लोग निवास करते हैं। इस टोले के ग्रामीणों का जीविकोपार्जन का साधन खेती एवं काम की तलाश में लोग पलायन भी करते हैं। ग्रामीणों के मुताबिक बताया जाता है कि कई मर्तबा स्थानीय विधायक आदि एवं प्रशासन को उक्त नदी में पुल निर्माण करने की मांग की गयी आज तक आवागमन के लिए पुल का निर्माण नहीं कराया गया आज वैकल्पिक व्यवस्था के सहारे जीना पड़ रहा है।

अश्वनी यादव नें कहा कि आजादी से लेकर आज तक खोखा नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से मूलभूत सुविधा से वंचित है जनप्रतिनिधि गांव आकर आश्वासन देते हैं मगर पुल एवं सड़क का निर्माण नहीं होने पाता है।

पंचायत समिति सदस्य कलावती देवी नें कहा कि पुल का निर्माण नहीं होने से हम लोग काफी परेशान है आज भी हम लोगों को पूर्ण जिंदगी जीना पड़ रहा है टोले में ना तो सड़क है न पुल, नदी में पुल का निर्माण हो जाने से राहत महसूस होता।

अजय यादव नें कहा कि जनप्रतिनिधि नेता नदी में पुल एवं सड़क बनवाने का आश्वासन देखकर जरूर जाते हैं मगर चुनाव जीत जाने के बाद अपने वादा को भूल जाते हैं यही कारण है कि आज तक गांव टोला में पुल का निर्माण नहीं हो सका।

## जीएन कान्वेंट स्कूल में समर कैंप का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कान्वेंट स्कूल में जूनियर वर्ग बच्चों के समर कैंप के समापन सह सम्मान समारोह के अवसर पर ग्रीष्मकालीन अवकाश पर आयोजित जूनियर वर्ग का समर कैंप संपन्न हुआ तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विद्यालय के निदेशक सह शिक्षविद्व मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि समर कैंप बच्चों के लिए एक स्पेशल कैंप है जहां बच्चे एक साथ मिलकर मौज- मस्ती करते हैं। वह घर से दूर सुरक्षित माहौल में नयी रोमांच की कोशिश करते हैं तथा नयी-नयी चीज सीखते हैं। उनमें स्वतंत्रता की भावना के साथ कौशल विकास भी विकसित होता है। वह नये दोस्त भी बनाते हैं और सामाजिक मेल जोल बढ़ाते हैं जिससे उनके सामाजिक कौशल और आत्मविकास होता है। समर कैंप वास्तव में सीखने योग्य क्षणों, शारीरिक गतिविधि और साथियों से शक्तिशाली संदेश का एक अद्वितीय संयोजन प्रदान करते हैं। एक गुणवत्तापूर्ण शिविर जो अनुभव बच्चों को मिलता है वह जीवन में मिशाल बनता है। यह शक्तिशाली व्यक्तिगत कथाएं बनाने तथा एक सुनहरा मौका दे सकता है जो उन्हें दुनिया की व्याख्या करने में मदद करती है। वास्तव में समर कैंप समूह गतिविधियों का मार्गदर्शन करने, साथी छात्रों को प्रशिक्षित करने और एक छात्र की जिम्मेदारियों को स्वीकार करने का अवसर पाकर वे नेतृत्व के लिए मूल्यवान कौशल विकसित करते हैं।

## समर कैंप में योगा, जुंबा डांस और हॉर्स राइडिंग जैसे कार्यक्रम हुए



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर का सफलपूर्वक समापन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में गढ़वा थाना प्रभारी बृज कुमार उपस्थित थे। शिविर के समापन कार्यक्रम का आयोजन समारोह में मुख्य अतिथि बृज कुमार, प्रबंधन समिति तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य भाष्कर बाला चंदरूडू के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। मुख्य अतिथि बृज कुमार, थाना प्रभारी गढ़वा, विद्यालय के प्रबंधन समिति, निदेशक, सचिव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य भास्कर बाला चंद्ररुडू ने सभी बच्चों को शुभकामनायें दी। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि थाना प्रभारी बृज कुमार ने कहा कि इस विद्यालय में कई कार्यक्रम किये गये जो सराहनीय है। उन्होंने सभी बच्चों को उज्वल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया। इस शिविर में मुख्य रूप से योगा, जुंबा डांस, हॉर्स राइडिंग, आर्चरी, स्कैटिंग, राइफल सूटिंग, फायरलेश कुकिंग के अलावे अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों का उत्साह पुरे वातावरण को मन्त्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिविर मे आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।


Government of Jharkhand
NAGAR PANCHAYAT, DOMCHANCH

Procurement Notice
ईच्छा की अभिव्यक्ति (Request for Proposal) - 01/25-26.
(Very Short-Term Tender Notice)
NIT No.: 01/25-26 Date: 20/05/25.

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Project | SELECTION OF FIRM/ AGENCIES FOR REGISTRATION, COLLECTION, RENEWAL AND MONITORING OF ADVERTISEMENT TAX/FEE UNDER MUNICIPAL AREA OF DOMCHANCH NAGAR PANCHAYAT IN JHARKHAND |
| 2. | Estimated Cost | Open Tender |
| 3. | EMD (In INR) | EMD – ₹ 1,00,00.00 |
| 4. | Time of Completion | As mentioned in Timeline in RFP |
| 5. | Date of Start of Submission of Bids | 26/05/2025, 11:00 hours |
| 6. | Last Date/Time for submission of bids | 02/06/2025, up to 17:00 hours |
| 7. | Date of Technical Bid Opening | 03/06/2025, at 11:00 hours |
| 8. | PPT | 03/06/2025, at 13:00 hours |
| 9. | Date of financial bid opening | 04/06/2025. |
| 10. | Bid submission address | OFFICE OF DOMCHANCH NAGAR PANCHAYAT |
| 11. | Helpline no. | 8579014697 |

Further details can be seen on website https://udhd.jharkhand.gov.in
प्रशासक
डोमचाँच नगर पंचायत
PR 353308 (Urban Development) 25-26 (D)

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, KODERMA
Annexure 1
Very Short e-Procurement Tender Notice (3rd Call)
Tender Reference No: - SPUF/MID/KODERMA/F2-05/2025-26
Letter no:- 424 Date: - 23.05.2025
Details of Works:-

| Group No. | Name of Block | Scheme Name | Estimated Cost (In Lakh) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Jainagar | Construction of Contact Road in C.H.C Jainagar | 24.831 | 03 Months |

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Date of Publication of e-Tender on Website | 26.05.2025 at 3:00 P.M |
| 2. | Last date/Time for Submission of e-Tender bids Online | 02.06.2025 up to 5:00 P.M |
| 3. | Last Date for Onlin-e Submission of Tender Fee and EMD | 02.06.2025 up to 5:00 P.M |
| 4. | Date of opening of e-Tender | 04.06.2025 at 3:00 P.M |
| 5. | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Koderma |
| 6. | Contact no. of e-Procurement officer | 9939193214 |
| 7. | E-mail of e-Procurement office | eemidkod-cemr-jhr@nic.in |

Note: -1) Only e-Tender will be accepted.
2) Published Estimated Cost May be Increased or Decreased.
3) Mode of Submission of Online Tender/Tender Fee/EMD Through http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer,
Minor Irrigation Division, Koderma.
PR.NO.353330 Minor Irrigation(25-26):D

e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer
Building Construction Department, Building Division, Ramgarh
अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस
ई-टेन्डर रेफरेन्स नं०- BCD/EE/RAMGARH/ 05 /2025-26 दिनांकः- 23.05.2025

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Construction of 8 Additional class room in Middle School Sarubera, Block- Mandu, Ramgarh | 95,47,400/- | 09 (Nine) Months |
| 2 | Construction of PCC road in tola Barki Gargali, Block-Mandu, Ramgarh | 99,92,400/- | 06 (Six) Months |
| 3 | Construction of PCC road from KK Kolmari Poda to Chururtungi Bastar, Sayal KK Block-Patratu, Ramgarh (Phase-I) | 57,73,900/- | 06 (Six) Months |

| | | |
|---|---|---|
| i | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 27.05.2025 |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 02-06-2025 को अपराह्न 3.00 बजे |
| iii | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 03-06-2025 को अपराह्न 3.00 बजे |
| iv | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | e- Procurement Cell, Office of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division, Ramgarh. |
| v | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 8789037009 |
| vi | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 9340378587 |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.
Nodal Officer, e- Procurement Cell
Office of The Executive Engineer,
Building Construction Department, Building Division, Ramgarh
PR 353299 Building (25-26)_D

## पिपरवार में बालू तस्करी के खिलाफ पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# तीन हाइवा और एक जेसीबी जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में संचालित अवैध बालू तस्करी के खिलाफ पिपरवार पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पिपरवार के दामोदर नदी के किनारे चल रहे अवैध बालू खनन पर पिपरवार पुलिस ने गुरुवार शाम को बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध बालू के भंडारण पर शिकंजा कसा है। यह कार्रवाई टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व मे पिपरवार और टंडवा थाना की पुलिस टीम ने की है। जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिल रही थी थाना क्षेत्र के जीबनातरी मे बालू तस्करों के द्वारा अवैध बालू का भंडारण किया गया है,जिसके आलोक में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और टंडवा अंचल अधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में टंडवा और पिपरवार पुलिस की टीम ने छापामारी अभियान चला कर अवैध बालू जब्त किया, जो मानसून से पहले बड़े पैमाने पर स्टॉक किया गया था। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से तीन हाईवा डंपर और एक जेसीबी मशीन भी जब्त की है। जब्त वाहनों को पिपरवार पुलिस ने कब्जे में कर थाना में कांड संख्या 17/25 दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस पूरे मामले में पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि अवैध बालू तस्करी के खिलाफ पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा। किसी भी कीमत पर तस्करों को बक्सा नहीं जायेगा। इस छापेमारी अभियान में टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, टंडवा अंचल अधिकारी विजय कुमार टंडवा, इंस्पेक्टर उमेश राम, पिपरवार थाना प्रभारी प्रशांत कुमार मिश्रा, अवर निरीक्षक अभिमन्यु कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।



## अवैध बालू को लेकर खनन विभाग और थाना प्रभारी ने किया औचक निरीक्षण



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। सरायकेला-खरसावां जिला के उपायुक्त के निदेर्शानुसार शुक्रवार को तिरुलडीह थाना अंतर्गत विभिन्न स्थानों में अवैध बालू भंडारण,परिवहन को लेकर मिले शिकायत के आलोक में जिला खनन विभाग तथा तिरुलडीह थाना प्रभारी के नेतृत्व में तिरूलडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों में औचक निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में तिरूलडीह थाना अंतर्गत चौड़ा पंचायत में अलग अलग स्थानों तथा जंगली क्षेत्रों में बालू खनिज के अवैध भंडारण के विरुद्ध करवाई करते हुए टीम ने लगभग 30000 सीएफ्टी अवैध बालू भंडारण को जब्त किया। इस मामले में जमीन मालिक एवं अन्य संलिप्त लोगों पर शिकायतवाद के तहत अग्रेत्तर करवाई की जा रही है।

## एक दिन बाद ही खराब हुआ खलारी फिल्टर प्लांट का पंप

# पांच पंचायतों में जलापूर्ति ठप

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** तीन सप्ताह की लंबी प्रतीक्षा के बाद जैसे ही खलारी प्रखण्ड क्षेत्र के पांच पंचायतों में जलापूर्ति बहाल हुई, लोगों की उम्मीदों पर एक बार फिर पानी फिर गया है। खलारी स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (पीएचडी) के जलापूर्ति केंद्र में तकनीकी खराबी के कारण फिल्टर प्लांट के लिए करंजतोरा स्थित संप हाउस में दो पंप लगाये गये हैं, लेकिन दुर्भाग्यवश इस समय दोनों ही पंप खराब पड़े हैं। संप हाउस में लगे दोनों पंप अब पूरी तरह बंद हो चुके हैं, जिससे क्षेत्र की पांच पंचायतों बुकबुका, खलारी, हुटाप, चुरी दक्षिणी और चुरी उत्तरी में जल संकट बना हुआ है। विभागीय तकनीशियन के अनुसार, पंप की उम्र अधिक हो जाने के कारण उसके शाफ्ट में खराबी आ गई है, जिसे बदले बिना जलापूर्ति बहाल करना संभव नहीं है।



बुधवार दोपहर लगभग तीन बजे पंप में आई गड़बड़ी से पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जल संकट अब रोजमर्रा की समस्या बन गयी है। उन्हें वैकल्पिक जल स्त्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है, जिससे दैनिक जीवन प्रभावित हो रहा है। लोगों ने विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जाहिर करते हुए प्लांट की नियमित निगरानी और स्थायी समाधान की मांग की है। लोगों ने मांग किया कि जल्द से जल्द नया पंप लगाया जाये, नियमित निगरानी और रखरखाव सुनिश्चित हो और वैकल्पिक जलापूर्ति की व्यवस्था की जाये। लोगों का कहना है कि यह स्थिति न केवल विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि ग्रामीणों की बुनियादी जरूरतों को लेकर सरकारी प्राथमिकताओं पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है।

# शिक्षा पदाधिकारी ने मैट्रिक परीक्षा में खराब प्रदर्शन पर शिक्षिकाओं की लगायी क्लास

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** मैट्रिक की परीक्षा में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिक विद्यालय कर्रा के खराब प्रदर्शन पर अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी अमित कुंमार ने स्कूल की शिक्षिकाओं की जमकर क्लास लगाई और कार्यशैली में सुधार लाने का निर्देश दिया। शिक्षा पदाधिकारी ने शुक्रवार को स्कूल कें शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ बैठक की और इंटर की परीक्षा में 92 प्रतिशत छात्राओं ने सफलता प्राप्त करने पर शिक्षक-शिक्षिकाओं की तारफी भी की। ज्ञात हो कि स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय कर्रा को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बनाया गया है, जहां सभी छात्राओं को सीबीएसई पैट्रन पर शिक्षा दी जाती है। कस्तूरबा की छात्राएं पहली बार 2025 की परीक्षा में पहली बार मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में शामिल हुई थीं। मैंट्रिक में स्कूल का परीक्षाफल महल 49 फीसदी रहा। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शत प्रतिशत रिजल्ट हो इसकी रणनिती बना कर पठन पाठन की नसीहत अनुमंउल शिक्षा पदाधिकारी ने दी। इस अवसर पर प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनमोहन साहू ने भी सभी शिक्षकों को नये सत्र में शत प्रतिशत परीक्षाफल हो, इसके लिए आवश्यक सुझाव दिये।



## जाहेरडीह गांव में मारपीट का मामला

# 5 आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गये

आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** थाना क्षेत्र के जाहेरडीह गांव में आपसी विवाद के दौरान पति-पत्नी के साथ गंभीर मारपीट की घटना सामने आयी है। शुक्रवार को सोनाहातू पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए डोमन महतो, मकर महतो, नितेश महतो, महेंद्र नाथ महतो और भूतनाथ महतो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। घटना 20 मई की रात की है, जब मामूली विवाद को लेकर आरोपियों ने सुभाष महतो के घर का दरवाजा तोड़ दिया और उसे बेरहमी से पीट कर पैर तोड़ दिया। हमले में सुभाष बेहोश हो गया। इस दौरान बीच-बचाव करने आई उसकी पत्नी प्रमिला देवी को भी पीटा गया। घायलों की मां सोरी देवी ने सोनाहातू थाना में प्राथमिकी दर्ज करवायी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। घायलों को पहले सोनाहातू अस्पताल में प्राथमिक उपचार किया गया, जिसके बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें रिम्स रेफर कर दिया गया।

# पूर्व विधायक अंबा प्रसाद सीसीएल सीएमडी से मिलीं, समस्याएं बतायीं

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक और कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय सचिव सह पश्चिम बंगाल चुनाव प्रभारी अंबा प्रसाद ने शुक्रवार को अपने समर्थकों के साथ सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एनके सिंह से मुलाकात की।

इस दौरान पूर्व विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सीसीएल के कई क्षेत्र में व्याप्त कई ज्वलंत समस्या से उन्हें अवगत कराया। साथ ही समस्याओं के समाधान की मांग की।



उन्होंने सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार सहित विस्थापितो के लंबित नौकरी,मुआवजा, पुर्नवास जैसी समस्या से अवगत कराया।

वहीं समस्या सुनने के बाद सीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक एनके सिंह ने इस पर सकारात्मक पहल करते हुए समस्या का समाधान करने का भरोसा दिया। इस मौके पर पूर्व विधायक अंबा प्रसाद,पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र साव,बचरा दक्षिणी कांग्रेस पार्टी के पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# खलारी अंचलाधिकारी को सौंपा गया ज्ञापन, मदद मांगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी प्रखंड में आपदा प्रबंधन विधायक प्रतिनिधि विक्की सिंह द्वारा खलारी अंचल अधिकारी से मुलाकात किया गया। मुलाकात के दौरान खलारी प्रखंड के अंतर्गत ओलावृष्टि व तेज तूफान के कारण कई ग्रामीणों के घर क्षतिग्रस्त हो गऐ इसके लिए गरीबों के सहयोग हेतु आपदा प्रबंधन विधायक प्रतिनिधि ने खलारी अंचल अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है। अंचलाधिकारी ने मदद के लिए लोगों का आवेदन स्वीकार किया और सरकार द्वारा चलाये जा रहे आपदा में क्षतिग्रस्त घरों का मरम्मत हेतु मदद देने की बात कही। विक्की सिंह ने अपने क्षेत्र के सारे लोगों से अपील किया है की जो भी इस आपदा का शिकार हुए हैं, वे सभी आकर अंचल में अपना दस्तावेज जमा करें, ताकि उनको सरकारी मदद मिल सके इस मौके पर रांची जिला अध्यक्ष एससी सेल रोशन लाल, विधायक प्रतिनिधि खलारी प्रखंड मोनू रजक, विधायक प्रतिनिधि जावेद अंसारी, सोनू पांडे, मनोज चौहान, इम्तियाज खान इत्यादि मौजूद थे।

# हरिनाम संकीर्तन कलश यात्रा में 1101 श्रद्धालु शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** श्रीश्री राधारानी मंदिर समिति, तमाड़ के तत्वावधान में सात दिवसीय हरिनाम संकीर्तन और सांस्कृतिक मेले का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ शुक्रवार से शुरू हुआ। यात्रा में 1101कनयाओ ने माथा में तमाड़ राजा तलाव से कलश लेकर मंदिर में पहुंचे। वहां स्थापना किया गया हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आध्यात्मिक वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि से गंधधिवास के साथ हुई, जिसके पश्चात 24 मई से 30 मई तक चलने वाले अखंड हरिनाम संकीर्तन की शुरुआत की गयी। विशेष बात यह रही कि इस संकीर्तन कार्यक्रम का नेतृत्व करने के लिए पश्चिम बंगाल से महाप्रभु ब्रजकिशोर गोस्वामी विशेष रूप से पधारे हैं।

मेले में मनोरंजन की भी विशेष व्यवस्था की गई है – जहां बच्चों और युवाओं के लिए झूले, मौत का कुआं और मीना बाजार जैसे आकर्षणों का आयोजन किया गया है। तमाड़ वासियों के लिए यह आयोजन भक्ति, मनोरंजन और सामाजिक एकता का सुंदर संगम बनकर उभरा है।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक व्यक्ति हुआ घायल

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के मिलन चौक तिरुलडीह सड़क पर बिस्टाटांड़ के समीप एक बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गये, जिससे उनके सिर पर चोट लग गया है। घायल व्यक्ति की पहचान तिरुलडीह थाना क्षेत्र के चौड़ा गांव निवासी राम मछुआ, उम्र- 45 वर्ष के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार राम मछुआ सोनाहातू थाना क्षेत्र के जामुदाग गांव शादी समारोह में भाग लेने गये थे। सुबह जब घर लौट रहे थे, तो बिस्टाटांड़ के समीप बाइक अनियंत्रित हो गया और सड़क पर गिर पड़ी। ग्रामीणों की सहायता से घायल व्यक्ति को मिलन चौक स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद उनके परिजनों को सूचना दी। सूचना पाकर परिजन आनन-फानन में अस्पताल पहुंचे।

## बुंडू नगर पंचायत में 'वीमेन फॉर ट्री अभियान' के तहत किया गया सर्वेक्षण




**बुंडू (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किये गये वीमेन फॉर ट्री अभियान के तहत बुंडू नगर पंचायत क्षेत्र में भी पर्यावरण संरक्षण और शहरी हरियाली को बढ़ावा देने हेतु विशेष पहल की गयी है। इस अभियान के तहत कुल 12 चिन्हित स्थलों पर 60 महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों द्वारा सर्वेक्षण कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह अभियान बुंडू नगर पंचायत कार्यालय परिसर से प्रारंभ हुआ। इस अभियान का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में हरियाली को बढ़ावा देना, सार्वजनिक स्थलों पर वृक्षारोपण को बढ़ाना तथा महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण को सुनिश्चित करना है। महिला स्वंय सहायता समूह सदस्यों ने न केवल इन स्थलों का निरीक्षण किया, बल्कि इन स्थानों पर पौधारोपण की संभावनाओं पर रिपोर्ट भी प्रस्तुत की।इस पहल से न केवल शहरी वातावरण को स्वच्छ और हराभरा बनाया जा सकेगा, बल्कि महिलाओं को रोजगार और नेतृत्व का अवसर भी मिलेगा।इस अभियान की सफलता में बुंडू नगर पंचायत के अधिकारियों और महिला समूहों की भागीदारी सराहनीय रही है। यह अभियान आने वाले दिनों में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायी उदाहरण बनेगा।

## कल्याण गुरुकुल बुंडू की छात्राओं का प्लेसमेंट



बुंडू (आजाद सिपाही)। प्रेझा फाउंडेशन के अधीन संचालित कल्याण गुरुकुल बुंडू की छात्राओं को मदर सन सुमी प्राइवेट लिमिटेड अहमदाबाद गुजरात में सफलतापूर्वक प्लेसमेंट दिया गया। इस अवसर पर नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया समारोह मुख्य अतिथि के रूप में बुंडू सीओ हंस कुमार हेंब्रोम उपस्थित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुकुल के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार सिंह के द्वारा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। इसके पश्चात नियुक्ति पत्र वितरण समारोह संपन्न हुआ। मौके पर संस्थान की एमडी सफदर रियाज ललन महतो सनी विश्वकर्मा पिंटू प्रसाद भारती बेक सुरेश चंद्र जैना शुभेंदु पाल रीता उरांव पुष्पा मिंज उपस्थित हुए।

## महिला से 25 लाख रुपये ठगे, आरोपी फरार

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू में महिला से 25 लाख रुपये ठगी का आरोपी सुलेखा देवी को बुंडू पुलिस डेढ़ माह गुजर जाने के बाद भी पकड़ नहीं पा रही है। पीड़िता मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान है। आरोपी ने पीड़ित को घर, जमीन गिरवी रखवा दिया है। पीड़िता आत्महत्या करने के लिए विवश हो गयी है। बुंडू पुलिस से उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। बुंडू के रहने वाली रेणुका देवी से सोनहातू थाना क्षेत्र के नीमडीह गांव की रहने वाली सुलेखा देवी ने 25 लाख रुपये नौकरी दिलाने के नाम पर झांसा देकर ठग लिये। पीड़िता ने अपनी जमीन और घर गिरवी रखकर पैसा दिया था, जिसकी एफआइआर 10 अप्रैल को बुंडू थाना में किया गया है। इस केस के अनुसंधान का जिम्मा आतिश कुमार को दिया गया हैं। डेढ़ महीने बीत जाने के बाद भी पुलिस चुपचाप बैठी है। पीड़िता न्याय के लिए दर-दर की ठोकर खा रही है।

## शिव शक्ति मेंस पार्लर का उद्घाटन




बुंडू (आजाद सिपाही)। धुर्वा मोड़ स्थित हाइवे पेट्रोल पंप के पास बुंडू के समाजसेवी प्रदीप कुमार उर्फ रोशन महतो के द्वारा शिव शक्ति मेंस पार्लर का आज फीता काट कर उद्घाटन किया इसके पहले पुजा अर्चना की गयी। इस अवसर नीतीश पांडे, अमित कुमार, रंजीत लहरी, जीतू कुमार, लक्ष्मण महतो, अरुण जैन सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

## सिल्ली प्रखंड परिसर में जनता दरबार का आयोजन

# विधायक अमित महतो ने कोताही बरतने वाले कर्मचारियों को लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरी।** शुक्रवार को प्रखंड परिसर सिल्ली में विधायक अमित महतो की उपस्थिति में जनता दरबार का समीक्षात्मक बैठक की गयी। जनता दरबार में सिल्ली प्रखंड के सभी पंचायतो से काफी संख्या में लोग अपने-अपने समस्या को लेकर पहुंचे जिसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास योजना, मनरेगा, जमीन से जुड़ी मामले, सिंचाई योजना, पेंशन, मैया योजना आदि मामले को लेकर लोग पहुंचे।



विधायक अमित महतो ने जरूरतमंद लोगों की बातें सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द जो वास्तविक लाभुक है, उनका कार्य का निपटान उचित समय सीमा पर करने को कहा। वही काम में कोताही बरतने वाले कर्मचारियों को विधायक ने फटकार भी लगाया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अनिल कुमार, अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का, थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर, जिला परिषद सदस्य लक्ष्मी देवी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ विवेक कुमार समेत पंचायतो के जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# धमधमिया कॉलोनी में जमा है कचड़े का ढेर, बढ़ी परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** पुरनाडीह परियोजना अंतर्गत धमधमिया कॉलोनी में कचड़े का ढेर लगा हुआ है।हालत यह है कि कॉलोनी के गली मोहल्लों में कचड़ा पूरी तरह भर गया है और कचड़ा सड़क पर बिखर गया है जिससे आने जाने वाले लोगों को कचड़े के ढेर के कारण काफी परेशानी हो रही है।यही नहीं कॉलोनी के अंदर भी नलियो में कचड़ा गिरने लगा है।कॉलोनी के लोगों ने बताया कि कॉलोनी में पहले सफाई होती थी और डोर टू डोर कचड़े का उठाव होता था लेकिन अभी एक महीने से यह बन्द हो गया है, जिससे कॉलोनी में कचड़े का ढेर हो गया है और कचड़े के ढेर पर जानवर भी घूमते रहते हैं।



यही नहीं, कॉलोनी के जमा कचड़ा नालियों में भर गया है। कॉलोनी के लोगो ने प्रबंधन से जल्द से जल्द कचड़े की सफाई करने की मांग की है। बरसात से पूर्व कचड़े की सफाई नहीं की गयी, तो बारिश में काफी परेशानी होगी। वहीं कचड़े से नालियों की स्थिति भी खराब हो गया है। इसलिए बरसात से पहले कचड़े की सफाई करने की मांग कामगारो ने की है। कामगारों ने कहा कि बरसात से पूर्व नलियों से कचड़ा नहीं हटाया गया, तो बारिश में नालियों का पानी घरो में घुस सकता है।

# शिक्षा के बिना सब कुछ अधूरा है: मंत्री हफीजुल हसन अंसारी

## कहा-पढ़ने में तेज बच्चों को चिह्नित कर उनसे मिलवाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से मुलाकात करने पहुंचे अमीअतूल मोमिनीन चौरासी चुनाव के नवनियुक्त पदाधिकारी।

**पिठोरिया।** जमीअतूल मोमिनीन चौरासी चुनाव 2025 के नवनियुक्त पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल राज्य के मंत्री हफीजुल हसन अंसारी से मिला। मंत्री ने जमीअतुल मोमिनीन चौरासी का चुनाव जीते हुए सभी पदाधिकारियों को बधाई दी। कहा कि वे लोग शिक्षा पर ज्यादा ध्यान दें। जो बच्चा-बच्चियां पढ़ने में तेज हैं उन्हें चिन्हित कर उनसे मिलवाएं। शिक्षा के बिना सब कुछ अधूरा है। इसीलिए आप लोग ज्यादा से ज्यादा शिक्षा पर ध्यान दें। हम आपके साथ कदम से कदम मिलाकर चलने को तैयार हैं। अपने पंचायत के अंदर जो लोग भी हैं उन्हें और बेहतर काम करने को कहें और लोगों को जोड़े जो पंचायत के अंदर आते हैं। वहीं, जमीअतुल मोमिनीन चौरासी के सदर मजीद अंसारी ने कहा कि पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने पंचायत को चलाएंगे। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, मस्जिद-मदरसा एवं मकतब मोहल्ले की साफ सफाई सहित अन्य समस्याओं पर ध्यान दिया जाएगा।

# बेड़ो के जरिया से 40 खंभों से तार की चोरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के जरिया पंचायत के जरिया पुरना डीह से सरना टोली तक के समीप कृषि कार्य के लिए लगाए गए 40 खंभों से गुरुवार की रात चोरों ने विद्युत तार की चोरी कर ली। ग्रामीणों ने बताया कि बिजली विभाग की ओर से सिंचाई के लिए तार लगाये गये थे। जिससे कई एकड़ भूमि की सिंचाई की जाती थी। इधर, तार की चोरी से किसान चिंतित हैं। किसानों को सिंचाई के लिए विद्युत विभाग की ओर से गांव में ट्रांसफार्मर पोल एवं तार लगाये गये थे। जिसके चोरी होने से दर्जनों किसान सिंचाई से वंचित हो जायंगे। गौरतलब हो कि बेड़ो प्रखंड में एक बार फिर से तार चोर सक्रिय हो गए है। इससे पूर्व भी कई गांवों में तार की चोरी कर ली गई थी। वहीं प्रगतिशील किसान ब्रजेश महतो ने कहा कि किसानों को सिंचाई में दिक्कत ना हो इसके लिए फिर से बिजली विभाग से तार लगाने की मांग की गयी है।

# पत्रकार की मां के श्राद्धकर्म में शामिल हुए राज्यसभा सांसद



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** वरिष्ठ पत्रकार चंदन मिश्रा की मां स्वर्गीय कमला देवी के श्राद्धकर्म में उनके पैतृक गांव टाटीसिलवे स्थित मिश्रा टोली में बड़ी संख्या में नेता, पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय लोगों के अलावा जन प्रतिनिधि शामिल हुए। सभी ने कमला देवी के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। साथ ही दुख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा एवं आदित्य साहू, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक आरके पाहन, बड़ा बेटा अशोक मिश्र, ब्रजेश मिश्र, देशराज मिश्र, वरिष्ठ पत्रकार वैद्यनाथ मिश्र, पत्रकार राजेश वर्मा, अमन मिश्र, भोलानाथ मिश्र, उमानाथ मिश्र, निलकंठ मिश्र, श्रीकांत मिश्र, बालकृष्ण मिश्र, रोशन मिश्र, अभय मिश्र, विकास पुष्प राज, अजय नारायण तिवारी, अमित नारायण तिवारी, गुप्तेश्वरनाथ मिश्र, रामेश्वरनाथ मिश्र, विकासचंद्र मिश्र, ज्योतिशंकर मिश्र, अमित कुमार मिश्र, गिरिधर मिश्र, डॉ नित्यानंद मिश्र, पंडित शिवकुमार पाठक, हलधर मिश्र, उमेश साहू, शंकर साहू, बिरेन कुमार, दीपक उपाध्याय, मनोज मिश्र, आचार्य जी, राजेश मिश्र, विजय नाथ मिश्र आदि ने भी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बकाया वेतन-सुविधाओं की मांग को लेकर पारा वेट और पायलट कर्मचारियों की हड़ताल जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**नामकुम।** झारखंड में कैरोस कंपनी की ओर से संचालित 1962 चलंत पशु चिकित्सालय सेवा के तहत कार्यरत पारा वेट और पायलट कर्मचारी विगत 21 मई से हड़ताल पर है। केंद्र एवं राज्य सरकार की इस संयुक्त पहल के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पशुओं की चिकित्सा सेवा पहुंचाने के उद्देश से यह सेवा चलाई जा रही है, लेकिन इससे जुड़े कर्मी लंबे समय से उपेक्षा के शिकार हो रहे है। हड़ताल पर गये कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें बीते दो महीनों से वेतन नहीं मिला है। जिससे उनका घर चलाना मुश्किल हो गया है। इसके अलावा अब तक न तो उन्हें जॉइनिंग लेटर मिला है, न ही पहचान पत्र। कंपनी की ओर से न तो पीएफ और ना ही स्वास्थ्य बीमा जैसी मूलभूत सुविधाएं दी जा रही है। त्योहारी छुट्टियों की भी कोई व्यवस्था नहीं की जाती। कर्मचारियों का कहना है कि अन्य राज्यों में पारा वेट को 20 हजार और पायलट को 18 हजार रुपये वेतन दिया जाता है, जबकि झारखंड में दोनों को सिर्फ 12 हजार रुपये ही मिलते है, वो भी समय पर नहीं। रांची जिले के पारा वेट और पायलट कर्मचारियों ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। इस हड़ताल की अगुवाई कर रहे रांची जिला अध्यक्ष भोली खान, सचिव संजीत प्रजापति, राजीव रंजन, अंकित कुमार, सुनील बंदो, राहुल प्रकाश, इरशाद अंसारी, मिथुन महतो, इरफान, अखिलेश महतो, मोहनलाल मुंडा, दशरथ महतो, मिथुन महतो सहित कई कर्मचारी उपस्थित है।

# इंटर कला एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन के लिए प्रपत्र उपलब्ध

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे कमला नेहरू इंटर कॉलेज में सत्र 2025-27 में इंटर कला एवं वाणिज्य संकाय में नामांकन के लिए प्रपत्र उपलब्ध है। नामांकन के लिए इच्छुक विद्यार्थी कॉलेज कार्यालय से सुबह 10.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। उक्त जानकारी प्राचार्य डॉ अजय कुमार सिन्हा ने दी।

# बेड़ो में वर्षा श्रृंगार कॉस्मेटिक और गिफ्ट दुकान का उद्घाटन



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर यूको बैंक के सामने में शुक्रवार को वर्षा श्रृंगार कॉस्मेटिक एवं गिफ्ट दुकान का शुभारंभ हुआ। जिसका उद्घाटन मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद, सीएसएस की सचिव सच्ची कुमारी, झारखंड रत्न क्षितिश कुमार राय एवं कनक राय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सच्ची कुमारी ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में कॉस्मेटिक एवं गिफ्ट दुकान खुलने से यहां के लोगों को जन्मदिन, शादी और पार्टी में सभी प्रकार का गिफ्ट आसानी से मिल जाएगा। वहीं राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि बेड़ो अब तेजी से विकसित होने लगा है। अब बेड़ो में ही सभी सामग्री आसानी से उपलब्ध हो रही है। उन्होंने दुकान संचालक को बधाई एवं शुभकामनाएं देने के साथ ही ग्राहकों के बीच मधुर संबंध बनाते हुए उनकी पसंद के अनुरूप बेहतर सेवा देने की बात कही। वहीं, संचालक धनंजय कुमार राय ने कहा कि यह दुकान खुलने से यहां के लोगों को कॉस्मेटिक एवं गिफ्ट के समान आसानी से मिल जायेंगें। दुकान में कॉस्मेटिक एवं गिफ्ट के समान उचित मूल्य पर उपलब्ध है। मौके पर रंजीत कुमार राय, सांसद प्रतिनिधि जुगेश उरांव, नवदीप महतो, सुशील भगत, अन्नपूर्णा राय, नितिन कुमार राय, वर्षा राय, बसंती देवी, उमेरा खातून, विमला देवी, मनरखन बड़ाइक, अंजली राय, मौसमी राय, प्रेम कुमार राय, अफताब खान, सरवन खान, अशोक बैठा, विश्वजीत शर्मा और लीला मुंडा आदि उपस्थित थे।

# 26 मई को राजभवन के समक्ष धरना को लेकर कांग्रेस ने बैठक की




**रांची (आजाद सिपाही)।** आदिवासी अस्तित्व, अस्मिता और पहचान के लिए जाति जनगणना के फॉर्म के सातवें कॉलम में जोड़ने की मांग को लेकर आयोजित 26 मई को राजभवन के समक्ष आहूत धरना की सफलता को लेकर कांग्रेस भवन रांची में तैयारी बैठक हुई। शुक्रवार को आयोजित बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने की। बैठक में ओबीसी कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अभिलाष साहू, सेवा दल कांग्रेस अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष केदार पासवान, एनएसयूआइ विनय ओरांव, अल्पसंख्यक कांग्रेस महानगर अध्यक्ष हुसैन खान शामिल थे। प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि आदिवासी अस्तित्व, अस्मिता और पहचान के लिए जातिगत जनगणना के फॉर्म के सातवें कॉलम को पुनः सूचीबद्ध किया जाये, ताकि आदिवासियों के सरना धर्म को मानने वाले अपने धर्म को अंकित करा सकें। इस मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में राजभवन के समक्ष वृहद धरना प्रदर्शन किया जाना है। प्रदर्शन को सफल बनाने के लिए ओबीसी, सेवा दल, युवा कांग्रेस, अल्पसंख्यक विभाग और एनएसयूआइ के अध्यक्ष और कई सदस्यों द्वारा डोर टू डोर संपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसकी जानकारी प्रवक्ता झारखंड प्रदेश शांतनु मिश्रा ने दी।

# आजसू नेता की मां के दशकर्म में शामिल हुए सांसद और विधायक



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** टाटीसिलवे निवासी आजसू नेता सह घासी नायक समाज के अगुआ राजू नायक की स्व मां रुक्मिणी देवी के दशकर्म में राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, खिजरी विधायक राजेश कच्छप, कांके विधायक सुरेश बैठा, भाजपा नेत्री आरती कुजूर, आजसू नेता दीपक महतो, पारसनाथ उरांव, वीणा देवी, कैलाश केसरी, संदीप नायक, मुकेश नायक, जगन्नाथ महतो, अजीत महतो, अजय नायक, सूरज नायक, मुनचुन सिंह, रामसाय मुंडा सहित सैंकड़ों लोग शामिल हुए। इस दौरान सभी ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए सामूहिक प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में नेताओं ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में वे उनके साथ खड़ा हैं। वहीं राजू नायक एवं अन्य परिजनों ने दशकर्म कार्यक्रम में आए सभी लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।

# दो जंगली हाथियों ने जमकर मचाया उत्पात, मकानों को किया क्षतिग्रस्त



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के हलहू और जोगी टोली गांव में गुरुवार की रात 11 से 12 बजे के बीच झूंड से बिछड़ कर दो जंगली हाथी घुस गए। गांव में घुसते ही हाथियों ने फसलों को रौंदने के बाद घरों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। हलहू गांव के मुकेश नायक और धाना उरांव के एस्बेस्टस के घर को तोड़ दिया। घर में सो रहे धाना उरांव और मुकेश नायक के परिवार के सदस्य किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई। उधर, चीख पुकार और हाथियों के चिंघाड़ की आवाज सुनकर गांव के लोग एकजुटे हुए और किसी तरह हाथियों को गांव से खदेड़ा। उसके बाद दोनों हाथी नगड़ी के चेटे पंचायत के जोगी टोली पहुंच गये और वहां भौवा उरांव और प्रमोद मुंडा के घर के एक हिस्से को ध्वस्त कर दिया। हाथियों द्वारा घर गिराए जाने से दुखी परिवारों ने वन विभाग से अविलंब मुआवजा की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने वन विभाग से हाथियों को क्षेत्र से भगाने की भी मांग की है।

# धार्मिक स्थलों के दर्शन को श्रद्धालुओं का जत्था रवाना



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** पूर्व भारत और नेपाल के विभिन्न तीर्थ स्थलों के दर्शन के लिए नगड़ी सहित विभिन्न गावों के दर्जनों ग्रामीण तीर्थयात्रियों का जत्था रवाना हुआ। इस अवसर पर धार्मिक एवं सामाजिक कार्यकर्ता लखन महतो, योग शिक्षक दिलीप महतो और व्यवसायी कृष्णा महतो ने संयुक्त रूप से भगवा झंडा दिखाकर बस को रवाना किया। इससे पहले तीर्थयात्रियों के दल का नेतृत्व कर रहे पंडित धनश्याम मिश्रा ने बताया कि पूर्वी भारत और नेपाल में स्थित तीर्थ स्थल का दर्शन कराया जाएगा। इनमें सीतामढ़ी, सीता माता का जन्म स्थान, नेपाल बॉर्डर, जनकपुर, धनुष-कोठी, सीता स्वयंवर स्थल, रामजी का मंदिर, जानकी माता का मंदिर, राम-सीता का विवाह मंडप, मुगनीम, मनोकामना मंदिर, पशुपतिनाथ मंदिर. गुहा देवी, मां काली मंदिर, सिद्धी विनायक मंदिर और रामकृष्ण मंदिर के अलावा पाताल भैरो, नेपाल राजा का महल, नक्सलबाड़ी, सिलीगुड़ी, दार्जिलिंग, चारधाम दर्शन, सिलौंग, मायापुर, तारापीठ, बासुकीनाथ देवघर (बाबाधाम) आदि तीर्थ स्थलों का दर्शन कराया जाएगा।

# निर्वाचन आयोग मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा उपलब्ध करायेगा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में निर्वाचन आयोग ने मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मोबाइल डिपॉज़िट सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। इस सुविधा के तहत, मतदान केंद्र के 100 मीटर के अंदर केवल मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति होगी, वह भी बंद अवस्था में। मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार के पास साधारण पिजनहोल बॉक्स या जूट के बैग उपलब्ध कराये जायेंगे, जहां मतदाताओं को अपने मोबाइल फोन जमा कराने होंगे। मतदाता को मतदान केंद्र के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। हालांकि, रिटर्निंग अधिकारी द्वारा प्रतिकूल स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर कुछ मतदान केंद्रों को इस प्रावधान से छूट दी जा सकती है। इसके अलावा, चुनाव आयोग ने चुनावी कानूनों के अनुरूप मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार से 100 मीटर की दूरी तक प्रचार के लिए अनुमेय मानदंडों को युक्तिसंगत बनाया है। मतदान के दिन मतदान केंद्र के 100 मीटर के दायरे में चुनाव प्रचार की अनुमति नहीं होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग कानूनी ढांचे के अनुसार सख्ती से चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है, साथ ही मतदाताओं के लिए सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर नवाचार भी कर रहा है। इस निर्णय से मतदाताओं को मतदान के दिन सुविधा होगी और मतदान प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया जा सकेगा।

# 42 हज यात्रियों का जत्था रवाना



**इटकी (आजाद सिपाही)।** बाजारटांड़ स्थित जामा मस्जिद से शुक्रवार की शाम सफर-ए- हज के लिए 42 हज यात्रियों का जत्था रवना हुआ। इसमें 21 महिलाएं शामिल है। हाजियों में मो खुर्शीद, अबू नसर सोनू, मो वसीम, मो इफ़्तेखार, अब्दुल करीम, उस्मान गनी, मुहसिन जफर, मो जहीर आलम, मो तौहीद, शम्स तबरेज, मो शारिब, हाजी तनवीर जमाल, परवेज आदिल, मो अरशद, हाजी अफरोज आलम और मो समीउद्दीन आदि शामिल है। इसके पूर्व इटकी के मुख्य जामा मस्जिद में शाम की नमाज अदा के बाद हज यात्रियों की सलामती के लिए सामूहिक दुआ मांगी गई। इसके बाद उन्हें विदाई दी गयी। हज यात्री रांची से रेल मार्ग से कोलकाता पहुंचेंगे, जहां से 26 मई को हवाई मार्ग से जेद्दा के लिए रवना होंगे।

## निर्देश : पीएलवी का क्षमता निर्माण कार्यक्रम संपन्न

# सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करें पीएलवी : आरके भास्कर

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** झालसा कैलेंडर के अनुसार शुक्रवार को रांची डालसा हॉल में लगभग 60 कार्यरत पीएलवी के साथ डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने बैठक की। जिसमें विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही कार्यरत सभी पीएलवी की क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत उन्हें कई दिशा-निर्देश दिये गये। अपने संबोधन में डालसा सचिव रवि कुमार भास्कर ने कहा कि पीएलवी गांव जाकर नालसा एवं झालसा द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें। जरूरतमंदों को वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन एवं सरकार की ओर से चलाए जा रहे लाभकारी योजनाओं से अवगत कराकर उन्हें लाभ पहुंचाये। कहा कि आपलोग सभी झालसा कैलेंडर को ध्यान में रखते हुए कार्य करें। पीड़ित महिलाओं को भी चिन्हित करें, जिनको मुआवजा नहीं मिला हैं। उनका आवेदन डालसा कार्यालय में जमा कराकर, मुआवजा प्रदान करने में लाभुकों की मदद करें। जरूरतमंदों को सरकार की ओर से मिलनेवाली लाभकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताये, ताकि गरीब-तबके के लोग लाभ ले सकें। उन्होंने सभी पीएलवी द्वारा किये गये कार्यों का अवलोकन भी किया और उन्हें अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करने का निर्देश भी दिया। बैठक में रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सभी कार्यरत पीएलवी उपस्थित थे।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक आज

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की बैठक शनिवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान के रंगमंच में होगी। इसमें मोर्चा के अध्यक्ष पुष्कर महतो और गुमला विधायक भूषण तिर्की उपस्थित रहेंगे। मोर्चा के सचिव सहिंद्र लकड़ा ने बताया कि बैठक में सरकार की ओर से दी जा रही पेंशन, आरक्षण, अबुआ आवास, रोजगार सहित अन्य ज्वलंत मुद्दों को लेकर मंथन किया जाएगा। बैठक में बेड़ो, लापुंग, मांडर, चान्हो, इटकी, भरनो, सिसई, गुमला, सिमडेगा, खूंटी और लोहरदगा के आंदोलनकारी शामिल होंगे।

# अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत, तीन गंभीर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** बसिया प्रखंड में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में दो लोगों जान चली गयी। वही तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। सभी घायल को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर किया गया है। पहली घटना बसिया थाना क्षेत्र के कलिगा गांव की है जहां दो तेज रफ्तार बाइक सवार की आमने-सामने से भिड़ंत हो गयी। जिसमें एक युवक कामडारा थाना अंतर्गत डोमोटोली निवासी कृष्णा मुंडा की मौत हो गयी एवं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

वहीं दूसरी घटना बसिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत पतुरा गांव की है जहां एक बाइक सवार को तेज रफ्तार पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी जिसके कारण घटनास्थल पर युवक की दर्दनाक मौत हो गयी। आक्रोशित ग्रामीणों ने पिकअप चालक को पीटा और वाहन में तोड़फोड़ की।

**रांची-सिमडेगा मुख्य पथ को किया जाम :** मृतक का नाम रामू राम बताया जा रहा है जो बसिया प्रखंड के मोरेंग गांव निवासी है। मृतक लोंगा गांव से सड़क के मार्ग से अपने घर मोरेंग जा रहा था। तभी सिमडेगा की ओर से तेज रफ्तार आ रही पिकअप वाहन ने उसे अपने चपेट में ले लिया।

**दो घंटे तक रांची-सिमडेगा पथ जाम रहा :** बसिया प्रशासन ने आकर ग्रामीणों को समझने की कोशिश की पर ग्रामीण मानने को तैयार नहीं थे। शव को सड़क पर रखकर ग्रामीणों ने लगभग 2 घंटे रोड को जाम कर दिया।

## सुड़ी समाज गुमला की आमसभा कल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सुड़ी समाज गुमला की आमसभा का आयोजन आगामी रविवार को होना सुनिश्चित हुआ है। इस आशय की जानकारी देते हुए समाज के जिला सचिव संदीप कुमार ने बताया कि गुमला बस स्टैंड स्थित सुड़ी धर्मशाला में 25 मई को सुबह 11 बजे बैठक आहूत की गयी है। सचिव ने आग्रह करते हुए समाज के संरक्षक, पूर्व पदाधिकारी वर्तमान कमेटी के सभी पदाधिकारी और जिले के निवास करने वाले समस्त सुड़ी बंधुओं को उपस्थित रहने का आग्रह किया है। बैठक का उद्देश्य की जानकारी देते हुए सचिव ने कहा कि वर्तमान कमेटी द्वारा पूरे कार्यकाल की उपलब्धि और आय व्यय प्रस्तुत की जायेगी। साथ ही आने वाले सत्र के लिए एक सशक्त कमेटी का चुनाव किया जायेगा। ताकि समाज को मजबूती के साथ एक सूत्र में बांधते हुए आगे बढ़ाया जा सके।

# बनारी और लापू में अपराधियों ने दो वाहनों को फूंका

आजाद सिपाही संवाददाता





**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के बनारी एवं लापू दो अलग-अलग जगह पर अज्ञात अपराधियों के द्वारा दो वाहनों को आग के हवाले किया गया। जिससे निराशी पंचायत के पूर्व मुखया जय प्रकाश उरांव का एक्सयूवी कार पूरी तरह से जलकर राख हो गया। वहीं ट्रैक्टर को आंशिक क्षति हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को निराशी पंचायत के पूर्व मुखिया जयप्रकाश उरांव अपना एक्सयूवी कार को लेकर लापु गांव पहुंचे। जहां वे लक्ष्मी नारायण साहू के घर के समीप अपना गाड़ी खड़ा कर लक्ष्मी के गाड़ी में सवार होकर दोनों अपना निजी कार्य को लेकर रांची चले गये। तभी अचानक शुक्रवार की सुबह करीब 3 बजे अज्ञात अपराधियों के द्वारा पूर्व मुखिया जय प्रकाश उरांव के खड़े कार में आग लगा दिया गया। जिससे कार पूरी तरह से जलकर राख हो गया। गाड़ी में लगे आज की लपटे इतनी जोरदार थी कि लक्ष्मी नारायण साहू का घर को भी पकड़ लिया। इसके बाद घर वाले उठे तो देखें कि घर में आग लगा हुआ है, जहां ग्रामीण एवं घर के अन्य सदस्यों के द्वारा आग को बुझाया गया जिससे घर जलने से बच गया। इधर अपराधी कार में आगजनी करने के बाद बनारी गांव पहुंचे जहां टायर दुकान में खड़ी नेतरहाट निवासी रिंकू पंडित का ट्रैक्टर में भी पुआल डालकर आग लगा दिया गया। जिसे ग्रामीणों द्वारा देखे जाने पर उसे बुझा दिया गया जिस कारण ट्रैक्टर को आंशिक छाती हुई है। इधर घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन कर रही है।

**पुलिस पिकेट उठने की सूचना मिलते ही अपराधी हुए बेखौफ :** बिशुनपुर प्रखंड के बनारी एवं जोरी में तैनात पुलिस पीकेट उठने की जानकारी मिलते ही क्षेत्र में अपराधी बेखौफ हो गये हैं और तड़तोड़ दो आगजनी घटना को अंजाम दिया गया। लोगों की माने तो अपराधियों को पूर्व से जानकारी थी कि बनारी एवं जोरी में स्थापित पुलिस पीकेट शुक्रवार की सुबह को हट जायेगी।

### प्रथम हृष्टया आपसी रंजिश के कारण हुई आगजनी : थाना प्रभारी

घटना के संबंध में पूछे जाने पर बिशुनपुर थाना प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि जानकारी मिलने के तुरंत बाद बिशुनपुर पुलिस घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्टि या घटना आपसी रंजिश के कारण की गयी है ऐसा प्रतीत हो रहा है। हालांकि पुलिस के द्वारा पूरे गहनता के साथ मामले की जांच की जा रही है कोई भी अपराधी होगा वह बक्सा नहीं जायेगा।

### एक बाइक पर सवार होकर आये थे 3 अपराधी : ग्रामीण

शुक्रवार की सुबह अज्ञात अपराधियों के द्वारा लापू एवं बनारी दो अलग-अलग जगह में खड़े दो वाहनों पर आगजनि घटना को अंजाम दिया गया है। इस संबंध में ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि शुक्रवार की सुबह करीब 3 बजे एक बाइक में सवार होकर तीन अपराधी बनारी की ओर से लापू गांव लापु गांव पहुंचे थे। जिनके द्वारा बाइक को घटनास्थल से कुछ दूर में खड़ा कर आगजनिक घटना को अंजाम दिया गया। जिसके बाद तीनों अपराधी बाइक के समीप पहुंचे और बिना स्टार्ट किये कुछ दूर तक धक्का मार कर कुछ दूर तक ले गये जिसके बाद बाइक में सवार होकर बनारी की ओर निकल गये।

## गुमला चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने मापतौल विभाग के पदाधिकारी से की मुलाकात



**गुमला (आजद सिपाही)।** 23 मई दिन शुक्रवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजेश सिंह के अध्यक्षता में चैंबर का एक प्रतिनिधि मंडल गुमला मापतोल विभाग के नवनियुक्त पदाधिकारी शशि संगीता से उनके कार्यालय में औपचारिक मुलाकात किये और पुष्प गुच्छ देकर गुमला में उनका स्वागत किया। सर्वप्रथम चैंबर सचिव बबलू वर्मा ने सभी पदाधिकारी और सदस्यों का परिचय कराया तत्पश्चात अध्यक्ष राजेश सिंह ने नये पदाधिकारी को चैंबर के कार्यशाली से अवगत कराया और पिछले दिनों गुमला का व्यापारियों का मापतोल विभाग में जितनी भी समस्याएं थी जो भी कार्य लंबित था उनके बारे में विस्तार से चर्चा किया और शीघ्र इसका निरकरण की मांग की। विभाग के पदाधिकारी के द्वारा सकारात्मक रुख दिखाते हुए प्राथमिकता के आधार पर सभी लंबित मामलों को जितना जल्दी हो सके निष्पादन कर दिया जायेगा और जो भी समस्याएं होंगी व्यापारियों को अब निराशा नहीं होगी इस बात का आश्वासन दिया गया। अब सप्ताह में दो दिन शुक्रवार और शनिवार को मापतोल विभाग का कार्यालय दिन भर खुला रहेगा व्यापारी अपना काम जाकर करा सकते हैं। मौके पर चैंबर अध्यक्ष राजेश सिंह के साथ निवर्तमान अध्यक्ष दामोदर कसेरा उपाध्यक्ष अभिजीत जायसवाल सचिव बबलू वर्मा पूर्व अध्यक्ष सरजू प्रसाद दिनेश अग्रवाल कार्यकारणी के दिलीप गुप्ता आदि उपस्थित थे। इस आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी इम्तेयाज मिनी ने दिया।

# सरकार के उत्पाद शराब नीति का आदिवासी समाज ने किया विरोध

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखण्ड सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री और टीएसी के सदस्यों की बैठक में झारखंड उत्पाद नियमावली 2025 के गठन पर विचार किया गया। इसमें आदिवासी क्षेत्र में शराब की दुकाने, बार खोलने पर सहमति बनी। आदिवासी नेता देवेंद्र लाल उरांव ने हेमंत सोरेन के शराब नीति का विरोध करते हुए कहा कि सरकार मॉडल स्कूल अस्पताल खोलती तो जनता और क्षेत्र का विकास होता लेकिन सरकार मॉडल शराब दुकान खोल कर लोगों को मॉडल शराबी बनाने के लिए कार्य कर रही है। यह सरकार के विकास की नीति नहीं विनाश की नीति है।

आदिवासी क्षेत्र में शराब की दुकान बार खोलकर आदिवासियों को पूरी तरह बर्बाद करने का षड्यंत्र रचा जा रहा हैं। पहले से ही आदिवासी समाज हड़िया दारु के जंजाल में फंस कर बर्बाद हो रहा है। आगे सरकार पूरा बर्बाद कर के रख देगी।

पाबिया गांव के अमीन उरांव ने कहा के हमारे गांव में शराब को बंद कर चुंके हैं और सरकार हमारे गांव पंचायत में शराब कि दुकान खोलेगी हम ग्रामीण खोलने नहीं देंगे विरोध किया जायेगा।

सुरेंद्र टाना भगत ने कहा हम लोग नशा मुक्त गाँव बनाने में लगे हैं सरकार सभी आदिवासी को शराबी बना कर उनका सब कुछ लुटवाने का काम कर रही है। मौके पर राजू उरांव राजबेल उरांव महेंद्र उरांव भैयाराम उरांव, शनि उरांव, सुमति देवी, संजय उरांव सुषमा कुमारी कार्तिक सहित अन्य लोगों ने सरकार की गलत नीति का विरोध किया है।

## महज 24 घंटे के अंदर एसपी ने बदला निर्णय

# फिर थानेदार बनाये गये भरनो और सिसई के थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** भरनो के थानेदार कंचन प्रजापति को इस पद से हटाने के 24 घंटे के अंदर अंदर ही दुबारा भरनो का थानेदार बना दिया गया। बीते गुरुवार को आरक्षी अधीक्षक ने एक आदेश पत्र जारी कर कंचन प्रजापति को भरनो और संतोष कुमार सिंह को सिसई थाना प्रभारी के पद से हटाकर पुलिस लाइन में भेज दिया था। इसी पत्र के द्वारा सिसई में नए थाना प्रभारी के रुप में तरुण कुमार और भरनो के नए थाना प्रभारी के रुप में कृष्ण कुमार को नियुक्त किया गया था। इससे पहले की यह थाने से हटाए गए दोनों पुलिस पदाधिकारी पुलिस लाइन पहुंच पाते अचानक एसपी का दूसरा आदेश पत्र निकाला जिसमें सिसई और भरनो दोनों थाना प्रभारी को फिर से उनके पुराने थानों में थाना प्रभारी के रुप में नियुक्त कर दिया गया। मजे की बात तो यह है कि सिसई थाना में संतोष कुमार सिंह के हटते ही वहां नवनियुक्त तरुण कुमार ने पदभार भी ग्रहण किया मीडिया कर्मियों ने उनकी तस्वीर भी ली थी। अभी तरुण कुमार की तस्वीर भी अखबारों में नहीं छपी थी कि उन्हें पुलिस लाइन के लिए बैरंग लौट जाना पड़ा। महज 24 घंटे के अंदर हुए इस हाई वोल्टेज मामला बाजार में चर्चा का विषय बन गया है। इस मामले के पीछे का राज अभी तक पर्दे में है लेकिन तरह-तरह की बातें बाजार में तैर रही है। कुछ लोगों का मानना है कि भरनो में चोरी व अपराधी घटना में पिछ्ले दिनों काफी बढ़ोतरी हुई है इसके बाद तत्कालीन थाना प्रभारी प्रजापति आरक्षी अधीक्षक से लगातार फटकार सुन रहे थे। पुलिस की छवि धूमिल होती जा रही थी। जिसके कारण एसपी ने यह कदम उठाया था। लेकिन अचानक रातों रात न जाने किस बोतल से जिन्न निकला कि उसने कंचन प्रजापति को पुनः भरनो का थानेदार और सन्तोष कुमार सिंह को सिसई का थाना प्रभारी बना दिया। अब हकीकत क्या है, यह बात तो अंदरखाने में छिपी है।

## समर कैंप में बच्चों को फाइलेरिया की रोकथाम की जानकारी दी गयी



**गुमला (आजद सिपाही)।** गुमला जिले के विभिन्न पंचायतों में आयोजित एक दिवसीय समर कैंपों ने बच्चों के लिए गर्मी की छुट्टियों को रचनात्मक, शैक्षिक और जागरूकता से परिपूर्ण बना दिया। इन शिविरों का आयोजन पिरामल फाउंडेशन के सहयोग से किया गया, जिसमें ग्राम पंचायतों, विद्यालयों, जिला एवं प्रखंड प्रशासन का सक्रिय सहयोग प्राप्त हुआ। समर कैंपों का उद्देश्य न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना था, बल्कि उन्हें फाइलेरिया उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य विषयों पर भी संवेदनशील बनाना था। तेलगांव पंचायत के राजकीयकृत प्राथमिक विद्यालय, गडसरू में आयोजित कैंप में 47 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत बाल गीतों से हुई, इसके उपरांत चित्रकला प्रतियोगिता, शैक्षिक खेल और मनोरंजनात्मक गतिविधियां करायी गयी। सिकोई पंचायत के सरकारी नवनिर्मित प्राथमिक विद्यालय, सिपरिंगा में भी समर कैंप का आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक ड्राइंग प्रतियोगिता और खेलकूद में भाग लिया। कुरूछतरपूर पंचायत के गम्स केराडीह विद्यालय में मुखिया चुयां कुजूर, शिक्षकों और पिरामल टीम की उपस्थिति में समर कैंप का आयोजन हुआ। जिसमें 32 से अधिक छात्र-छात्राएं एवं अभिभावकों ने सहभागिता की। इन सभी समर कैंपों ने बच्चों को एक ऐसा मंच प्रदान किया जहां उन्होंने न केवल रचनात्मकता और सहभागिता सीखी, बल्कि फाइलेरिया जैसी बीमारी से बचाव के प्रति जागरूकता भी हासिल की। इन आयोजनों की सफलता में पिरामल फाउंडेशन, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, विद्यालयों, तथा स्थानीय प्रशासन का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## फरार 5 आरोपियों के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी थाना की पुलिस ने शुक्रवार को तिगरा गांव में शाकिर मियां, रोकशाद, कलुआ, फिरोज और सुल्तान के घर इश्तेहार चिपका कर कोर्ट में सरेंडर करने की चेतावनी दी है। मामला 2023 का है तिगरा गांव के राजेंद्र भगत ने जारी थाना में जान से मारने के मकसद से हमला करने और जाति सूचक गाली का प्रयोग करने के मामले को लेकर 9 लोगों के विरुद्ध शिकायत दर्ज करायी थी। मामले में चार लोगों को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उपरोक्त पांच आरोपी फरार चल रहे हैं। इन पांचों फरार अभियुक्तों के घर इश्तेहार चिपकाया गया साथ ही उन्हें जल्द ही कोर्ट में सरेंडर करने की चेतावनी दी गयी। निश्चित समय सीमा पर कोर्ट में सरेंडर नहीं करने पर घर की कुर्की जब्ती की जायेगी।

# बिशुनपुर-घाघरा में जनगणना कॉलम में सरना कोड की मांग को लेकर बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जनगणना कॉलम में सरना कोड मांग को लेकर आहूत जिला कांग्रेस कमिटी के जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने बिशनपुर प्रखंड एवं घाघरा में बैठक कर 26 मई को राजभवन घेराव, जनगणना कॉलम में सरना कोड मांग एवं जिला स्तरीय विधानसभा स्तरीय संविधान वचाओ यात्रा की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने ने कहा कि 27 मई को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी मांडर में आ रहे हैं उनके बातों को सुनने के लिए काफी संख्या में लोगों को आने की अपील की। साथ ही जिले से काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं गुमला की जनता राजभवन घेराव में पहुंचेगी। बैठक में कहा कि इस वर्ष कांग्रेस पार्टी संगठन सृजन का वर्ष है। संगठन सृजन के तहत प्रखंड, मंडल पंचायत वार्ड एवं बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए कमेटि का गठन करना है। संगठन सृजन के तहत आगामी एक माह का कैलेंडर तैयार कर सभी स्तर के कमेटियों का गठन हेतु निर्देश दिया गया। वर्तमान में पार्टी के द्वारा संविधान बचाओ रैली का आयोजन भी किया जाना है इसके तहत जिला स्तरीय, विधानसभा स्तरीय एवं घर-घर संविधान बचाओ अभियान की तैयारी में भी चर्चा हुई। आने वाले दिन में बेहतर से बेहतर कार्यक्रम करने का निर्देश सभी प्रखंड पदाधिकारीयों को दिया गया। घाघरा प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष अरुण पांडेय, बिशुनपुर प्रखंड कोंग्रेस अध्यक्ष राजु भगत के नेतृत्व में घाघरा एवं विशुनपुर प्रखंड के नवनीत पदाधिकारियों को मनोनयन पत्र जिलाध्यक्ष चैतु उरांव द्वारा समर्पित किया गया। बैठक में महेश अगुसटीन,रमेश जायसवाल, कृष्णा लोहरा, तरुण गोप, विजय विरहोर, राजीव उरांव, भदेशवर उरांव, सरोजनी किरण भगत, सोमारी, शहजाद खान, सौरभ भगत, अमर उरांव, वशीम अंसारी, इलाही खां, सहित काफी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित हुए।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग

शुद्धिपत्र /सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना संख्या- BCD/EE/HAZARIBAG/ 14/7/ 2025-26, PR संख्या- 351641 (Building)25-26*D द्वारा प्रकाशित निविदा Tender ID No-2025 -BCD -101073 -1 में टंकण भूलवश कार्य का नाम - Construction of Boundary wall in Girls Middle School , South Barkatha , Block-Barkatha, Hazaribag टंकित हो गया है। उसके स्थान पर Renovation of Girls Middle School , South Barkatha , Block- Barkatha, Hazaribag पढा जाय।

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमण्डल, हजारीबाग।

PR.NO.353376 Building(25-26):D


## कुरुमगढ़ संकुल में समर कैंप का आयोजन



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड के कुरुमगढ़ संकुल में दो दिवसीय संकुल स्तरीय समर कैंप का शुक्रवार को सफल आयोजन किया गया। इस कैंप में 250 बच्चे 25 शिक्षक, 80 अभिभावक, बीपीओ और एनएसएस के युवाओं ने प्रतिभाग किया। कैंप को बच्चों के साथ-साथ अभिभावक और शिक्षकों ने भी खूब इंजॉय किया। कैंप में भाषा, गणित, खेल, कला और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कैंप के माध्यम से शिक्षकों ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने और विद्यालय में नामांकन करवाने संबंधी चर्चा की।

# चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अनुपस्थित कर्मचारियों को सिविल सर्जन ने लगायी फटकार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** गुमला के सिविल सर्जन नवल किशोर ने शुक्रवार को चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि कई कर्मचारी बिना सूचना दिये अनुपस्थित थे। सिविल सर्जन ने अनुपस्थित कर्मचारियों को फोन लगाकर जमकर फटकार लगायी और कहा कि बिना सूचना दिए जो भी कर्मचारी अनुपस्थित है, उनका वेतन रोका जायेगा और उन पर कार्रवाई भी की जायेगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी के सवाल पर सिविल सर्जन नवल किशोर ने कहा कि एक डॉक्टर के भरोसे चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चल रहा है। उन्होंने कहा कि वे पूरी कोशिश कर रहे हैं कि चैनपुर में डॉक्टर को भेजा जाये। उन्होंने बताया कि चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एकमात्र डॉक्टर है, जिनके भरोसे पूरा अस्पताल चल रहा है।

**अस्पताल निर्माण कार्य में गति लाने का निर्देश :** सिविल सर्जन ने कहा कि अस्पताल निर्माण कार्य काफी धीरे गति से चल रहा है। उन्होंने निर्देश दिया है कि निर्माण कार्य में गति लायी जाये और अध्यक्ष सजल निर्माण कार्य पूर्ण करें, ताकि स्थानीय लोगों को इसी प्रकार की कमी महसूस न हो। सिविल सर्जन ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज को लेकर किसी को परेशानी न हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग लगातार कार्यरत है। समय-समय पर इस प्रकार का निरीक्षण भी किया जायेगा, ताकि स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार लाया जा सके।

## भरनो में होटल संचालक का शव बंद घर से बरामद

**भरनो (आजाद सिपाही)।** भरनो थाना क्षेत्र में एक होटल संचालक का शव बंद घर से बरामद हुआ है शुक्रवार की सुबह घटना की जानकारी लोगों को हुई। मृतक की पहचान गढ़ाटोली गांव निवासी गंदूर उरांव (50) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, गंदूर उरांव मिशन चौक स्थित अपने दामाद के घर में अकेले रहते थे और वहीं एक छोटा सा होटल भी चलाते थे। बीते एक सप्ताह से उनका घर बाहर से बंद था। शुक्रवार को जब घर से तेज दुर्गंध आने लगी, तो परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। उनके दामाद ने दरवाजा तोड़ा, तो देखा कि गंदूर का शव बेड के नीचे पड़ा हुआ था। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गयी।


कार्यालयः जिला स्वास्थ्य समिति, कोडरमा
Email ID :- cs.koderma4@gmail.com

Walk in Interview

नगर परिषद, झुमरीतिलैया, नगर पंचायत, कोडरमा एवं नगर पंचायत डोमचॉच के शहरी क्षेत्र में 15वें वित्त आयोग (स्वास्थ्य) के तहत संचालित किए जाने वाले Poly Clinic तथा Urban Aayushman Arogya Madnir (UAAM) के संचालन हेतु विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारी की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 30.05.2025 को सिविल सर्जन कार्यालय, कोडरमा में पूर्वाह्न 11:00 बजे **Walk in Interview** निम्न विवरणी के अनुसार निर्धारित किया गया है।

| क्र.सं. | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 1 | विशेषज्ञ चिकित्सकों हेतु | |
| | शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र सह पॉलिक्लिनिक, गुमो एवं फरिंदा | Medicine, Obs & Gynae, Paediatrics, Ophthalmology, Dermatology, and Psychiatry<br>उपरोक्त पदों हेतु आवश्यकतानुरूप विशेषज्ञ चिकित्सकों का चयन किया जाएगा। |
| | विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री एवं उपरोक्त वर्णित विषयों में P.G Degree अथवा Speciality |
| | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष |
| | मानदेय | Negotiable at the time of interview. मानदेय का भुगतान उनके द्वारा प्रति घंटा किये गये कार्यों के आधार पर किया जाएगा। |
| | कार्य का समय | 09.00 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराहन् तक। |
| 2 | चिकित्सा पदाधिकारी हेतु | |
| A | Urban Aayushman Arogya Madnir वार्ड नं0 13 पाण्डेटोला कोडरमा एवं झुमरीतिलैया वार्ड नं0 03, नगर पंचायत डोमचॉच वार्ड नं0 05 शिवसागर | नियुक्त किये जाने वाले चिकित्सा पदाधिकारी की संख्या- 03 |
| B | चिकित्सा पदाधिकारी हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल काउन्सिल ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त किसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री। |
| C | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष |
| D | मानदेय | रू0 63000.00 प्रत्येक माह। |
| E | कार्य का समय | 09.00 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराहन् तक। |
| 3 | सूचीबद्ध किये गये विशेषज्ञ चिकित्सकों/चिकित्सा पदाधिकारी के द्वारा भविष्य के लिए नियमितीकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 4 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |

इच्छुक उम्मीदवार Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा एवं सभी मूल प्रमाण-पत्र तथा इसके छाया-प्रति के साथ सिविल सर्जन कार्यालय, कोडरमा में **दिनांक 30.05.2025 को पूर्वाहन् 11:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक** उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगें।

मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, DHS, कोडरमा

PR 353352 (Health Med Edu and Family Welfare)25-26*D

## विभिन्न मांगों को लेकर कलवारी कार्यालय में डंपर ऑपरेटरों का धरना

**तेतुलमारी (आजाद सिपाही)।** बिजखामसं के केंद्रीय सचिव राममूर्ति उर्फ छोटू सिंह के नेतृत्व में एकेडब्ल्यूएमसी के दर्जनों डंपर ऑपरेटर अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार को कोलियरी कार्यालय पहुंचे। जहां कोलयरी प्रबंधक जयंत कुमार के साथ वार्ता की। जिसमें आंपरेटरों एवं संगठन के लोगों ने बताया कि ऑपरेटर को बिना गाड़ी बुक किये ही डीजल चोरी के आरोप में चार्जशीट दे दिया जाता है, जो न्याय संगत नहीं है। इस दौरान बैठक में कर्मियों को बरसात से पहले जूता देने और रात में सुरक्षाप्रहरी देने सहित कोलियरी में कोयला का उत्पादन बढ़ाने एवं अन्य समस्याओं को रखा गया। जिसके बाद प्रबंधक ने सभी को साकारात्मक आश्वासन दिया। मौके पर प्रबंधन की ओर से कार्मिक प्रबंधक नितिश कुमार, अभियंता बीके महतो, यूनियन की ओर से संजय ठाकुर, कमल हरिजन, अजय चौहान, बीबी दास, बिनोद बेलदार, महबूब अंसारी, रियाज अंसारी, शमशूल अंसारी, संजीत सिंह और मोहन प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### रैयतों ने बाघमारा सीओ के खिलाफ विधायक सरयू राय को ज्ञापन सौंपा

# फरियादी रैयतों पर केस करना कहीं से भी उचित नहीं : सरयू राय

**भू राजस्व विभाग के सचिव को फोन कर रैयतों की समस्याओं की दी जानकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कतरास।** बाघमारा के रैयतों पर बाघमारा सीओ बाल किशोर महतो द्वारा केस दर्ज कराये जाने का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक सह आरटीआइ कार्यकर्ता जगत महतो के नेतृत्व में पीड़ित रैयतों ने शुक्रवार को एक कार्यक्रम में धनबाद सर्किट हाउस पहुंचे विधायक सरयू राय से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। रैयतों ने विधायक को बताया कि जमीन संबंधित कई मामलों को लेकर रैयतों की ओर से पिछले छह महीने से बाघमारा अंचल कार्यालय में विधि सम्मत तरीके से आंदोलन किया जा रहा था। विगत 29 अप्रैल को भी पुलिस बलों की मौजूदगी में विधि सम्मत तरीके से आंदोलन-पुतला दहन कार्यक्रम किया गया था, लेकिन बाघमारा सीओ ने इस आंदोलन को कुचलने के लिए आंदोलनकारियों के मौलिक अधिकार का हनन किया। इसके बाद एक मई को बाघमारा थाना में सरकारी काम में बाधा पहुंचाने और ब्लैकमेल करने जैसे झूठे आरोप लगाकर रैयतों पर प्राथमिकी दर्ज कर दी। रैयतों ने बताया कि उन लोगों की ओर से ना ही सरकारी काम में बाधा पहुंचायी गयी ना ही ब्लैकमेलिंग की गयी। सभी रैयत अपनी-अपनी जमीन से संबंधित मामलों का आवेदन दिए हुए हैं, जिसका निष्पादन अब तक नहीं हुआ है। काम करने के बजाय बाघमारा सीओ खुलेआम रिश्वत की मांग करते हैं। सभी रैयतों ने विधायक से मामले की किसी वरीय अधिकारी से जांच करवाने का आग्रह किया है। ग्राम स्वराज के जगत महतो ने आग्रह करते हुए कहा कि पहले केस का सुपरविजन किया जाये, उसके बाद पुलिस कोई अग्रतर कार्रवाई करें। इस पर सरयू राय ने तत्काल भू राजस्व विभाग के सचिव से फोन कर बात की और उन्हें पूरे मामले से अवगत कराया। साथ ही रैयतों को भरोसा दिलाते हुए कहा कि मामले को विधानसभा में भी उठायेंगे। उन्होंने कहा कि सीओ को आम जनता की शिकायतों को लेना चाहिए और समय पर उसका निष्पादन करना चाहिए। फरियादी पर केस करना कहीं से भी उचित नहीं है। उक्त मामले में सरकार से कार्रवाई करने की मांग करेंगे। इस मौके पर बियाडा के पूर्व चैयरमेन बिजय कुमार झा, जदयू नेता सुशील कुमार सिंह, जदयू नेता उदय कुमार सिंह, गौतम मंडल, ग्राम स्वराज के जगत महतो, मणिलाल साव, मुसीब अख्तर खान आदि उपस्थित थे।



धनबाद सर्किट हाउस में विधायक सरयू राय को बाघमारी सीओ की शिकायत सहित विभिन्न मांगों की सूची सौंपते ग्राम स्वराज अभियान के संस्थापक सहित अन्य लोग।

## कांग्रेस नेता दुर्गा महतो का निधन, पंचतत्व में विलीन



**पिछरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झारखंड आंदोलनकारी सह कांग्रेस के पूर्व दक्षिणी पंचायत अध्यक्ष दुर्गा महतो (55) का गुरुवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। वे पिछरी के रहने वाले थे। शुक्रवार को हिंदू रीति रिवाज के साथ दामोदर नदी श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। उधर, निधन की सूचना मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर है। आजसू नेता सुरज महतो, भाजपा नेता देवीदास, बासुदेव महतो, कांग्रेस के उतरी पंचायत अध्यक्ष गणेश मिश्रा, पूर्व पंसस रोहित सिंह, मो मुस्तकीम, परवेज अख्तर, अभय ठाकुर, हीरालाल रविदास, झामुमो नेता घुनू हांसदा, बनबीर मिश्रा, जयलाल महतो, मंगल हांसदा, विक्की महतो, प्रकाश महतो, आदर्श उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यापक धनेश महतो, सूरज मिश्रा, कलीम अंसारी, धनंजय स्वर्णकार, देवीलाल महतो, डेगलाल महतो और अशोक महतो आदि ने उनके निधन पर शोक प्रकट किया है।

## सीआइएसएफ ने लोहा चोर को रंगेहाथ पकड़ा

**भंडारीदह/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल ढोरी अंतर्गत वर्षो से बंद एसडीओसीएम परियोजना कल्याणी के कोल हैंडलिंग प्लांट में लोहा चोरों की नजर है। हालांकि जब भी लोहा चोरों द्वारा सीएचपी परिसर से लोहा सहित अन्य कीमती कल-पुर्जों की चोरी करने की कोशिश हुई तब-तब सीआईएसएफ ने उन्हें धर दबोचा है। सीसीएल सीआईएसएफ करगली के कमांडेंट लक्ष्मीनारायण चौधरी के निर्देश पर लगातार चोरों के खिलाफ छापामारी अभियान चलाया जाता रहा है। इस दौरान भारी मात्रा में लोहा एवं कोयला सहित वाहनो को जब्त कर संबंधित थाना को सौंप दिया जाता रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार की देर रात सीआइंएसएफ कमांडेंट लक्ष्मीनारायण चौधरी के नेतृत्व और चंद्रपुरा थाना के (मकोली ओपी) द्वारा सीएचपी एरिया से गुजरने वाले आम रास्ते पर घात लगाकर एक कार को रोका गया, जिसमें चोरी का करीब डेढ टन लोहा बरामद हुआ, जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए है। सीआइएसएफ जवानों ने वाहन चालक बबलू रजवार को भी पकड़ लिया। इसके बाद जब्त स्क्रैप लोहा, कार और चालक को चंद्रपुरा पुलिस को सौंप दिया। कमांडेंट लक्ष्मीनारायण चौधरी ने बताया कि चोरी जैसी घटनाओं को किसी भी सूरत में बढ़ने नहीं दिया जाएगा। वहीं, छामापारी अभियान दल में वरूण सिंह नेगी, सहायक कमांडेंट एवं इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह, सब इंस्पेक्टर संतोष कुमार तिवारी, मुकेश कुमार शर्मा, प्रधान आरक्षक वंश कुमार सोनकर, प्रताप शंकर कुमार, मो इफ्तेखार अंजुम, आरक्षक अतुल कुमार के अलावे मकोली ओपी के एएसआई संजय सिंह शामिल थे।

## डीएवी कथारा में क्लस्टर फाइव की बैठक

**कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)।** डीएवी पब्लिक स्कूल कथारा सभागार में शुक्रवार को क्लस्टर फाइव के सभी स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीएवी कथारा के प्राचार्य सह क्लस्टर हेड डॉ जीएन खान ने की। बैठक में डीएवी स्वांग की प्राचार्या डी बनर्जी, डीएवी घाटोंटांड़ के प्राचार्य एसएस कर, डीएवी ढोरी के प्राचार्य अमिताव दास गुप्ता, डीएवी तेनुघाट की प्राचार्या स्तुति सिन्हा, डीएवी दुग्धा के प्राचार्य पीके पॉल, डीएवी आराकुजू के प्राचार्य आलोक कुमार, डीएवी चैनपुर के प्राचार्य तारकेश्वर कुमार और डीएवी ललपनिया के प्राचार्य आकाश कुमार सिन्हा ने भाग लिया। बैठक का केंद्रबिंदु बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क्लस्टर लेवल खेलकूद, ज्ञान और कौशल विकास के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला का आयोजन था। बैठक में शैक्षणिक एवं समग्र विकास से जुड़ी विभिन्न बातों पर चर्चा की गई। इससे पहले बैठक की शुरूआत संस्कृत शिक्षक आचार्य चंदन झा द्वारा गायत्री मंत्र से किया गया। इसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बतातें चलें कि बच्चों के शारीरिक विकास एवं समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए डीएवी संस्था प्रत्येक वर्ष डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स का आयोजन करती है। इस वर्ष क्लस्टर फाइव में इन खेल प्रतियोगिताओं के आयोजन की तिथि जुलाई के दूसरे सप्ताह में सुनिश्चित की गई है। साथ ही राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत शैक्षिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला के विषय पर भी चर्चा हुई। क्लस्टर फाइव के 10 स्कूलों का यह कार्यक्रम 13 और 14 जून को आयोजित किया जाएगा। यह कार्यशाला कई स्तरों पर आयोजित होगी। जिसमें (नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी, कक्षा-1, 2), प्राथमिक स्तर (कक्षा 1-5), मध्य स्तर (6-8), माध्यमिक स्तर (9-10) और उच्चतर माध्यमिक स्तर (11-12) शामिल हैं। कार्यक्रम का संचालन बीके दसौंधी एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक नागेंद्र प्रसाद ने किया। इस मौके पर वरिष्ठ शिक्षक डॉक्टर आरएस मिश्रा, राकेश रंजन, अतुल सिन्हा, आलोक सिंह, नीरज सिन्हा, सुधांशु यादव, विमलेश कुमार, अमरनाथ यादव, विकाश सिंह, आदिब अहमद, पिंटू दुबे, बबली सिंह, आशा कुमारी, अतनु भौमिक, सौरभ डिंडा, लाल बाबू प्रसाद यादव, दीपक श्रीवास्तव, शुभम कुमार, चंचल मन्ना, सुमन कुमार पांडेय, आशीष कुमार पांडेय, अनुज सिंहा, सुशील ठाकुर, उमेश प्रजापति, देवानंद प्रजापति और चंपा गिरी आदि उपस्थित थे।

# निर्देश मिलने के बाद भी रसीद निर्गत करने में कर्मचारी कर रहे आनाकानी

### जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी लोगों की समस्याएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** डीसी माधवी मिश्रा ने शुक्रवार को जनता दरबार आयोजित किया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी-अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। जनता दरबार में कतरास से आए व्यक्ति ने बताया कि छाताबाद मौजा में उसकी 1.50 कट्ठा जमीन है। जिसकी रसीद कटवाने के लिए उन्होंने बाघमारा सीओ को आवेदन दिया था। आवेदन पर सीओ एवं अंचल निरीक्षक ने रसीद काटने का निर्देश भी दे दिया। इसके बावजूद बाघमारा अंचल के कर्मचारी रसीद काटने में आनाकानी कर रहे हैं। इस मामले पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने बाघमारा सीओ को समस्या का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। वहीं बीसीसीएल के कतरास एरिया नंबर 4 के केशलपुर हाउस कुम्हार बस्ती से आए ग्रामीणों ने डीसी को बताया कि वे लोग दशकों से उक्त स्थान पर रहते हैं। मिट्टी के बर्तन, प्याला और दीपक आदि बनाकर अपना जीवन निर्वाह करते हैं। वहां एक आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा परियोजना विस्तार करने में सुरक्षा नियमों का उल्लंघन कर हैवी ब्लास्टिंग की जाती है। जिस कारण बस्ती के घरों में दरार आ गई है। हर समय बस्ती के लोग डरे-सहमे रहते हैं। ग्रामीणों ने डीसी से इस मामले में हस्तक्षेप कर समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई। वहीं, जनता दरबार में ओडिशा के राउरकेला निवासी व्यक्ति ने बताया कि धनबाद में उन्होंने जमीन ली है, लेकिन कुछ दबंग जमीन की मापी करने में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इसके अलावा जनता दरबार में अन्य कई प्रकार की शिकायत से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जिसका डीसी ने निवारण करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया। इस मौके पर सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक नियाज अहमद भी मौजूद थे।



डीसी की जनता दरबार में अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे लोग।

### डीवीसी एवं जुडको की बैठक में समस्याओं को लेकर चर्चा

# डीवीसी के उदासीन रवैया से सरकार की योजनाएं हो रहीं बाधित : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नगर विकास विभाग एवं पेयजल आपूर्ति योजना के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) निर्गत करने में दामोदर वैली कार्पोरेशन (डीवीसी) के उदासीन रवैया के कारण राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजनाएं बाधित हो रही है। इसको लेकर शुक्रवार को डीडीसी सादात अनवर एवं नगर आयुक्त रवि राज शर्मा ने डीवीसी एवं झारखंड अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड (जुडको) के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें योजनाओं में हो रहे विलंब की समीक्षा की गयी। बैठक में जुडको के पदाधिकारियों ने बताया कि नगर विकास विभाग की निरसा-गोविंदपुर ग्रामीण जलापूर्ति सहित तीन योजना के लिए डीवीसी से एनओसी नहीं मिलने से योजना में प्रगति नहीं हो रही है। साथ ही पीएचईडी-1 की योजना के लिए भी डीवीसी की ओर से एनओसी निर्गत नहीं किया जा रहा है। वहीं, जुडको के पदाधिकारियों ने बताया कि सड़क उपयोग, संशोधित इंटेक वेल स्थान, सॉईल टेस्टिंग और पाइपलाइन बिछाने के लिए डीवीसी से एनओसी नहीं मिला है। जबकि कंपनी ने वाटर चार्ज के बदले में डीवीसी को तीन महीने का अग्रिम भुगतान 8 जून 2024 को ही कर दिया गया है। इंटेक वेल के लिए पूर्व में चयनित स्थान पर सॉइल टेस्टिंग भी किया गया। पर डीवीसी ने 28 दिसंबर 2024 को स्थल परिवर्तन करने का अनुरोध किया। नए स्थल के लिए एनओसी जारी करने के लिए सभी आवश्यक दस्तावेज डीवीसी को जमा कर दिए। अब नए स्थल पर सॉइल टेस्टिंग के लिए अनुमति नहीं दे रहे हैं। यदि अनुमति मिल जाए तो मानसून से पहले सॉइल टेस्टिंग पूरा कर लिया जाएगा। उधर, डीवीसी के उदासीन रवैया पर नाराजगी जताते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि राज्य सरकार की महत्वपूर्ण परियोजना के समय पर कार्यान्वयन के लिए संरचना का निर्माण महत्वपूर्ण है। इसका उद्देश्य धनबाद के निवासियों को पीने के पानी की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि डीवीसी द्वारा एनओसी जारी करने में अनावश्यक बाधा उत्पन्न करने के कारण जिले की बड़ी आबादी योजना से लाभान्वित नहीं हो रही है। बैठक में डीवीसी के जीएम (सिविल) आरके सिन्हा सहित जुडको के पदाधिकारी मौजूद थे।



## नल-जल योजना का मेन वाल्ब फटने से प्रतिदिन बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी



**गांधीनगर / बेरमो (आजाद सिपाही)।** गांधीनगर अंबेडकर चौक के समीप झारखंड सरकार के नल जल योजना के मेन पाइप में लगा भाल्ब फट जाने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इस कारण बैदकारो पूर्वी पंचायत एवं बैदकारो पश्चिमी पंचायत के गांधीनगर, बारीग्राम, तीन नंबर, चलकरी कॉलोनी, बैदकारो बस्ती, डीवीसी बेरमो माइंस आदि स्थानों पर रहने वाले लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पा रहा है। जबकि, सड़क पर लगातार पानी का बहाव हो रहा है। इस संबंध में बैदकारो पश्चिमी मुखिया प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह ने बताया कि करीब 10 दिनों से भाल्ब फटा हुआ है। इसकी शिकायत संबंधित विभाग एवं संवेदक को दिया गया है। इसके बावजूद विभाग के लोगों एवं संवेदक का ध्यान इस ओर नहीं है। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंच पाने से उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह से भाल्ब मरम्मत करवाने की मांग की है। ताकि पानी की समस्या से निजात मिल सके।

**जिला पशुपालन कार्यालय, कोडरमा**
समाहरणालय भवन, कोडरमा email:- ahdkoderma@gmail.com

**आम सूचना**

कोडरमा जिला के वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre जो राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, झारखण्ड, राँची से बिना निबंधन कराये अपनी संस्था का संचालन कर रहे हैं या वैसे संस्थान जो पूर्व में निबंधित थे एवं वर्त्तमान में बिना Renewal के ही संस्था का संचालन कर रहे हैं वैसे सभी Pet Shops एवं Dog Breeding Centre को विज्ञापन प्रकाशित होने के माह के अंदर पंजीकरण हेतु आवेदन कर अपनी संस्था का पंजीकरण/Renewal करवाना अनिवार्य है अन्यथा नियमानुसार उनपर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी
–सह–सदस्य सचिव–
जिला पशु क्रूरता निवारण समिति, कोडरमा।

PR 353303 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 25-26 (D)

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय-उप कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण),**
**उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग।**

**सामयिक सूचना अंक–01 / वर्ष 2025–26**
**टमाटर में लगने वाले कीटो एवं व्याधियों के रोकथाम**

टमाटर में रोपाई से लेकर फसल की कटाई तक बड़ी संख्या में कीट एवं रोग फसल को नुकसान करते है। कीट जैसे फल छेदक, माहू, पत्ती खनिक मकड़ी और सफेद मक्खी । सफेद मक्खी उपज को कम करते है साथ ही ये टमाटर पत्ती कर्ल वायरस जैसे संयंत्र रोगों को फैलाने में मदद करते है।

**टमाटर में लगने वाले कीटो एवं उनके रोकथाम**

1. **टमाटर फल छेदक** :– इस कीट की सूंडिया फलों में छेद करके इनके अंतः पदार्थ को खाती है। इस प्रकार फलो की गुणवत्ता खराब हो जाती है।

**प्रबंधन** :–
- टमाटर की प्रति 10 पंक्तियों पर फसल ट्रेप के रूप में गेंदा की एक पंक्ति लगाए।
- फेरोमोन प्रपंच 12 प्रति हेक्टेयर की दर से लगाए।
- नीम बीज अर्क 5 प्रतिशत या HaNPV (एन पी बी) 250 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से या बेसिलस थुरिजेंसिस 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- पक्षी आश्रय 12 प्रति एकड़ की दर से लगाऐ।
- फ्लूबेंडिएमाइड 20 डब्ल्यू जी 5 ग्राम / 10 लीटर या इंडोक्साकार्व एस सी 8 मिली / 10 लीटर या स्पनिटोरियम 11.70% एस सी 5 ग्राम / 10 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

2. **सफेद मक्खी** :– इस कीट के शिशु एवं व्यस्क दोनों ही पत्ती से रस चूसते हैं। जिससे पत्तियाँ मुड़ जाती है और प्रकाश संश्लेषण की क्रिया प्रभावित होती है। सफेद मक्खी पत्ती कर्ल वायरस जैसे रोगों को फैलाने में मदद करती है।

**प्रंबधन** :–
- पीले चिपचिपे जाल का उपयोग 10 प्रति एकड़ की दर से करें।
- रोपाई से पहले पौधे की जड़ को 30 मिनट तक के लिए इमीडाक्लोप्रिड 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में डुबोकर रखे।
- नीम तेल या नीम अधारित कीटनाशक 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- कीट दिखाई देते ही इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एस.एल. 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में या थियामेथोक्साम 25% डब्लू जी 1 ग्राम प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

3. **लाही** :– लाही एक रस चसने वाले कीट है। जिससे पत्तियों का मुड़ना, पीला पड़ना, विकास में रूकावट और चिपचिपा हनीडयू, कालिख जैसी फफूंद मुख्य लक्षण है।

**प्रंबधन** :–
- पीले चिपचिपे जाल का उपयोग 10 प्रति एकड़ की दर से करें।
- रोपाई से पहले पौधे की जड़ को 30 मिनट तक के लिए इमीडाक्लोप्रिड 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में डुबोकर रखे।
- नीम तेल या नीम आधारित कीटनाशक 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- कीट दिखाई देते ही इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एस.एल. 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में या थियामेथोक्साम 25% डब्लू जी 1 ग्राम प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

4. **लाल मकड़ी (Red mite)** :– मकड़ी जैसे लाल रंग घुन, पत्तों के नीचले स्तर से रस चूसते है। जिससे पत्तो का ऊपरी भाग पीले रंग जैसा दिखाई देता है। बाद में पत्ते मुड़कर पूरी तरह से सूख जाता है। जिससे पैदावार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**प्रबंधन**:–
- कीट दिखाई देते ही स्पाइरोमेसिफेन 22.9% एस.सी 1 मिली लीटर या एबामेक्टिन 1.9 ई.सी 1 मिली लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

5. **पत्ती खनिक या पत्ती सुरंगक (Leaf Miner)** :– यह कीट पत्तों में सुरंग बनाते है, जिससे पत्तियाँ पीली या भूरी हो जाती है और मुरझा जाती है लार्वा पत्तियों के ऊपरी या निचली सतह पर खनन करती है जिससे प्रकाश संश्लेषण प्रभावित होते है और पौधे कमजोर हो जाते है, अतंतः उपज कम हो जाती है।

**प्रबंधन** :–
- पौधों के प्रभावित हिस्सो को काटकर अलग कर दे। इससे कीटो का प्रसार रोका जा सकता है।
- नीम तेल या नीम आधारित कीटनाशक 2 मिली प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।
- लक्षण दिखाई देते ही इमिडाक्लोप्रिड 17.8% एस.एल. 1 मिली प्रति 3 लीटर पानी में या थियामेथोक्साम 25% डब्लू जी 1 ग्राम प्रति 3 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

**टमाटर में लगने वाले प्रमुख रोग एवं उनके रोकथाम**

1. **अगेती झुलसा रोग** :– रोग का लक्षण पत्तियों पर छोटे– छोटे धब्बे के रूप में दिखाई देता है। प्रारंम्भ में ये बिखरे हुए गोलाकार या कोणीय होते है। धीरे– धीरे पत्तियाँ पीली झुलसी हुई दिखाई देती है और अंततः झड़ जाती है। इससे फल सड़ जाते है और उपज पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**प्रबंधन** :–
- यह एक मृदाजनित रोग है मिट्टी उपचार करना अति आवश्यक है। मृदाजनित के साथ यह बीजजनित रोग है इसलिए बीज उपचार करना चाहिए। फसल में लक्षण दिखाई देते ही मैकोजेब या रिडोमिल गोल्ड 500–600 ग्राम प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करे। आवश्यकतानुसार दूसरा छिड़काव 15 दिनों के अंतराल में करें।

2. **पछेती झुलसा रोग** :– पहले पौधों के निचली पत्तियों के किनारे पर भूरे रंग के धब्बे बनने शुरू होता है धीरे–धीरे धब्बों की परिधि पर रोगजनक कवक की वृद्धि दिखाई देती है। लक्षण पत्तियों के साथ–साथ शाखाओं, तनों एवं फलों पर भी दिखाई देते है। अत्यधिक संक्रमण होने पर फलों पर जैतनी रंग के धब्बे दिखाई देते है जो बढ़कर पूरे फल पर फैल जाते है।

**प्रबंधन** :–
- यह एक बीज जनित रोग है बीज उपचार करना अति आवश्यक है। लक्षण दिखाई देते ही मैकोजेब या मैकोजेब 64%+ मेटालैक्सिल 4% का मिश्रित या सिमोक्सानिल 8%+ मैकोजेब 64% का मिश्रण 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें। आवश्यकतानुसार दूसरा छिड़काव 15 दिनों के अंतराल पर करें।

3. **सेप्टोरिया पर्णचिती** :– पौधों के निचली सतह पर गोलाकार छोटे–छोटे धब्बे बनते है। जिनका रंग भूरा होता है और पीले रंग से घिरा होता है। धब्बों के बीच में काले बिन्दुनुमा संरचना देखी जाती है जिसे पिकनिडियम कहते है। इसी प्रकार धब्बे शाखाओं एवं तनों पर भी दिखाई देते है।

**प्रबंधन** :–
- संक्रमित पौधों को काटकर अलग करें।
- लक्षण दिखाई देते ही मैकोजेब 75% डब्लू.पी. 2 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करें।

4. **उगठा रोग** :– यह रोग टमाटर की फसल में मुख्यतः दो रोगजनक के कारण होता है।

I. **कवक (फ्यूजेरिअम)** :– कवक आरंम्भ में जड़ों के माध्यम से पूरे पौधों को संक्रमित करते है। संक्रमित पौधों की शाखाएँ एवं पत्ते पीले हो जाते है। एक गहरे भूरे रंग की संवहनी तने में फैल जाती है, जो तने को काटने पर दिखाई देते है।

II. **जीवाणु (राल्स्टोनिया सोलानेसीरम)** :– जीवाणु विकसित पौधों को तेजी से एवं पूर्ण रूप से मूर्छित कर देते है। जीवाणु संवहनी ऊतक में सीमित रहते है।

संक्रमित पौधे के हिस्सो को जब काटकर साफ पानी में डुबोया जाए तो, कटे हुए सिरे से जीवाणुयुक्त तरल पदार्थ की तरह एक सफेद धार निकलती हुई दिखाई देती है।

**प्रबंधन** :–
- फसल चक्र को अपनाएँ।
- यह एक मृदाजनित रोग है। इसलिए मिट्टी उपचार करें। बुवाई के 2–3 सप्ताह पूर्व 5 टन प्रति हेक्टेयर सड़ी हुई गोबर की खाद में 5 किलो ट्राइकोर्डमा वीरीडे मिश्रित करके डाले। इस उपचार के बाद मिट्टी में नमी बनाए रखें।
- खेतों की गहरी जुताई करें।
- पौधों को खेतों में लगाने से पहले पौधा की जड़ों को स्यूडोमोनस फ्लोरसेंस 5 ग्राम 1 लीटर की घोल में डुबाएँ।
- पौधों की जड़ों की मिट्टी के आसपास कॉपर आक्सीक्लोराइड 30 ग्राम+ स्ट्रेप्टोसाइक्लिन 1 ग्राम प्रति 10 लीटर पानी में घोलकर डाले।

सहायक कृषि निदेशक (पौधा संरक्षण)
उत्तरी छोटानागपुर परिक्षेत्र, हजारीबाग।

PR.NO.353378 Agriculture(25-26):D

# नन बैंकिंग कंपनी ने लाखों डकारे, रातों रात फरार, बैंक के बाहर हुआ हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता



**देवघर।** जिले के विभिन्न गांव में जाकर स्वाति माइक्रो फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड ने किया लाखों का ठगी का मामला आया है।वहीं उक्त कम्पनी के कर्मी द्वारा एक पर्ची भी दिया गया था किंतु उक्त सभी महिलाओं को कुछ शंका हुई और वे सभी बैंक कर्मियों द्वारा दिखाये गये बैंक में सैकडों महिलाएं पहुंच गयीं। पीड़ित महिलाओं ने फर्जी बैंक के बाहर धरना दे दिया। पहुंचे महिलाओं ने बताया कि माइक्रो फाइनेंस कंपनी के द्वारा ग्रामीणों का ग्रुप बनवाया गया, जिसके बाद प्रत्येक ग्रुप में कम से कम सात सदस्य से लेकर 15 सदस्य को एक ग्रुप में लिया गया। बाद में सभी सदस्यों से 3500 रुपया फर्जी अकाउंट में जमा करवाया गया और सभी को रसीद भी दिया गया। मगर रसीद में तारीख नहीं दिया गया है। सभी महिलाओं और पुरुषों का कहना है कि हम लोगों को देवघर दुमका मुख्य रोड स्थित छत्तीसी में बैंक का शाखा दिखा कर सभी का पैसा जमा करवाने की बात कही गयी थी और शुक्रवार को लोन का पैसा देने की बात कही गयी थी। इसको लेकर बड़ी संख्या में महिला और पुरुष बताये गये बैंक पहुंचे जहां पर बैंक में ताला लट का हुआ था और काउंटर पर भी कोई नहीं था। दिए हुए मोबाइल नंबर से भी संपर्क करने पर संपर्क नहीं किया जा रहा है। ऐसे में इसकी सूचना नगर थाना पुलिस को दी गयी। पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और सभी पीड़ितों से इस संबंध में बातचीत कर रही है। ठगी की शिकार महिलाएं परेशान हैं।

# पुलिस हिरासत में मौत मामले में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने लिया स्वत: संज्ञान



**देवघर (आजाद सिपाही)।** पालोजोरी के दुधानी गांव निवासी 28 वर्षीय मो मिराज की पुलिस हिरासत में मौत मामले में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग ने स्वतः संज्ञान लिया है। इस सिलसिले में आयोग की पांच सदस्यीय टीम घटना की जांच को मृतक के गांव पहुंची और परिजन, ग्रामीणों से पूरे मामले की जानकारी ली। इसके बाद देवघर परिसदन में अधिकारियों के साथ बैठक की। जांच टीम में झारखंड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष प्राणेश सॉलोमन, ज्योति सिंह मथारू, सदस्य इकरारूल हसन, सबिता टूडू और कारी बरकत अली शामिल थे। पत्रकारों से बात करते हुए आयोग के उपाध्यक्ष ज्योति सिंह मथारू ने माना कि मो मिराज की मौत पुलिस हिरासत में हुई है। हालांकि मौत कैसे हुई, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। इसके लिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, लेकिन पूरे मामले में पालोजोरी, सारठ और साइबर थाने की पुलिस की भूमिका संदिग्ध है।

BRIGHT FUTURE EDUCATIONAL ACADEMY
ONE STOP COMPLETE SOLUTION FOR ALL YOUR EDUCATIONAL NEEDS.
E-Library/Library 7AM-10PM. Science & Commerce Coaching. COMPUTER COACHING. Law Classes. Spoken English Classes. Foreign Language Classes (French, German, Spanish, Korean, Chinese, Arabic). Class 1 to 10 Tuitions.
9955057788, 9631471111
Vijayvargia Complex, H.B. Road, Opp. Madan Dhaba, Kokar, Ranchi-834001

V अलंकार ज्वेलर्स
सोना चाँदी का थोक भाव में रिटेल विक्रेता
पुराना सोना खरीद बिक्री की जाती है
CERTIFIED GEMS
तिरिल रोड, कोकर
7488705225
7992284114

Welcome to Kids Second Home
Little Star KIDZEE
Teaching is our passion & your child is our priority
Free Admission Open for 1st 30 child
Session 2025-26 KOKAR
Age 1.8 Year To 5.5 Year Kids — Play Group, Nursury, Jr.K.G., Sr. K.G.
Offers You Class 1 to 8th
Mob No:-8252797609, 7903093833
Chunna Bhatha, Near Distillery Bridge H.B Road, Kokar Ranchi-834001

100% आयुर्वेदिक 100% इलाज
आयुर्वेदिक अपनाएँ खुशहाल जीवन पाएँ।
शुगर / बी. पी / थाइरॉड / जोड़ो में दर्द / खूनी बवासीर / खाँसी / दम्मा / सांस का रोग/T.V. / मोटापा का 100% ईलाज / लकवा साईटिका / पथरी का 100% ईलाज / दाद / खाज / खुजली / बालों का झड़ना सभी प्रकार का ईलाज किया जाता है।
यहाँ मशीन के द्वारा भी चेकअप किया जाता है।
जोड़ों का दर्द में 24 से घंटे में रिजल्ट देखें 100%
7296007167
NH.33 अनान्दी, ओरमाँझी, रांची, झारखण्ड

पीएम सूर्य घर - मुफ्त बिजली योजना
आवश्यकता
प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में काम करने हेतु झारखंड एवं बिहार के प्रत्येक प्रखंड एवं जिला स्तर पर लड़के लड़कियों की आवश्यकता है। मानदेय 30000 से 40000 प्रति माह। इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें:-
0651-4601783, 08809307388
Mettaz Services, Ashok Nagar, Road No 1, D-104

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

MEENA GENERAL HOSPITAL (A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES: Anesthesiology. Critical Care. Dental. Internal Medicine. Lab & Radiology. Obstetrics & Gynecology. Ophthalmology. Pediatrics & Neonatology. Urology. General Surgery. Orthopedics & Trauma. Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

SACRED CHILD ACADEMY PLAY SCHOOL
Pre Nursery, Nursery, KG - I, KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

!! श्री गणेशाय नमः !! !! जय थावे वाली मईया !!
Glossy Jewels
पं. शम्भुनाथ उपाध्याय
स्वर्ण पदक प्राप्त, ज्योतिष शिरोमणि एवं ज्योतिष महर्षि पद से सम्मानित
आपका कार्य सफल होना चाहिए चावल के द्वारा दक्षिणा अपने स्वेच्छा अनुसार दें। रावण संहिता ज्ञाता सरल व सटीक उपायों द्वारा हर समस्या के समाधान के लिए संपर्क करें।
मिलने का समय : दिन सोमवार से रविवार समय : संध्या 3:00 बजे से संध्या 6:00 बजे तक
सत्यभामा टावर के पास, हजारीबाग रोड, टाटा प्लाईं, लालपुर, राँची-834001 (झारखण्ड)
9431585446 / 7903633179 / 7667873439

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN SESSION 2025-26
AGE GROUP: Play Group - 2 to 3 years, Nursery - 3 to 4 years, L.K.G - 4 to 5 years, U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS: NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
REGISTER NOW
CONTACT NO. +91-9334814668 +91-9798295759
WEBSITE: bpsranchi.com
EMAIL ID: bubuplayschool2025@gmail.com

7903636615 8434179089
www.shreebhartiplywood.com shreebhartiplywood@gmail.com
SHREE BHARAT PLYWOOD
PLYWOOD | LAMINATES | VENEER
OLD H.B ROAD, KOKAR, RANCHI - 834001

NEON ENTERPRISES आधार सुधार
8210108590 8789361453 8709790158
पैन कार्ड, वोटर कार्ड, मजदूर कार्ड, E-STAMP, राशन कार्ड, पैसा निकासी, स्मार्ट कार्ड प्रिंट
अपोइंटमेन्ट लेकर जाने से: फार्म नहीं भरना पड़ता है, लाईन नहीं लगना पड़ता है, काम जल्दी हो जाता है
फोटो कॉपी, ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट फोटो प्रिंट, जाति, आवासीय, आय, जमीन रसीद होल्डिंग, ऑनलाइन फार्म, पीएफ अप्लाई
Digital Print Designing & Advertising
Shop No.110(A) मंगल टावर, कांटाटोली चौक, राँची (झारखंड)

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

आँख अस्पताल THIRD EYE CLINIC
अच्छा देखना सबका अधिकार
आंखो का विश्वस्तरीय जाँच नेपाल के सुप्रसिद्ध डॉक्टर के द्वारा
DR. VISHAL CHOUDHARY MBBS, MS (OPHTHAL) (RIMS RANCHI) FICO (I) (U.K. LONDON)
Hospital : N.H.-33 Near Madarsha, Irba, Ormanjhi, Ranchi - 7903381944
Branch : Bandhgadi, Dipatoli, Ranchi - Mob.: 9031984410

Dr. Anup's HLCCS रांची में
स्किन एवं लेजर सेन्टर चर्म रोग चिकित्सा केन्द्र
सभी प्रकार के चर्म रोग एवं गुप्त रोग एवं कॉस्मेटिक सर्जरी के लिए सम्पर्क करें।
Mob. 09334334935, 09431529553
हरमू बाई पास रोड, पुराना विहार Opp. माही रेस्टोरेन्ट, अरगोड़ा, रांची-834002

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए सम्पर्क करें
मो. 8102553784 9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

HEALMAX HOSPITAL
Healing To The Maximum
Visit Now
3rd Floor, Chhat Talab Road, Govindpur, Dhanbad - 828109 (Opposite Police Station, National Highway 2)

RAJU ELECTRICAL Sales & Service
FAN COOLER, WASHING MACHINE RO WATER, FREEZ, MIXI, IRON, CUTTER MACHINE DRILL MACHINE, GEYSER DTH ALL BRAND
ANCHOR, orient, HAVELLS
HOUSE WIRING ALL PRODUCT 7979085323
Kokar, Haider Ali Road, Jamun Toli, Kokar, Ranchi

TEXMO Borewell Submersibles Single Phase/Three Phase Domestic/Agriculture/Industrial Pumps
AQUATEX Agricultural Monoblocks Open-well Submersibles Pumps Pressure Boosting Systems
Since : 1956
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer: PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹38,000/- On Road
• बैटरी स्कूटी • कम लागत • कम रखरखाव • लाइसेंस मुक्त • एक साल की वारंटी • 60 किलोमीटर रेंज
BAJAJ FINANCE
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

प्रकाशित
झारखंड अधिविध परिषद्, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न) पर पूर्णतः आधारित एक अत्यंत महत्वपूर्ण परीक्षोपयोगी प्रश्नों का उत्तर सहित संकलन
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
कृपया पुस्तक की Cover पर VERMA PRESS PVT. LTD. का Logo और Address देखकर ही पुस्तक खरीदें।
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD. 4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001
100% सफलता के लिए अवश्य पढ़ें।

KRISHNA Pure Veg Restaurant
202, 2nd Floor, Pitamber Estate, Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi
Wedding | Corporate Parties | Birthday | Anniversary & Breakfast & Lunch Packets
06513139475, 8102089531, 9942000940
Indian - Rajasthani - South Indian - Chinese

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**